3 राजधानी
केजरीवाल को झटका याचिका खारिज

6 अभिमत
पर्यटन की अधिकता से समस्या

11 विदेश
फिजी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

12 स्पोर्ट्स
बैडमिंटन और निशानेबाजी में हाथ से फिसले पदक

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 268
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें राजनीतिक दल
राष्ट्रीय-10

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने छोड़ा देश, सेना ने संभाली सत्ता

**एजेंसी।** ढाका

**बांग्लादेश में** अराजकता बढ़ने के साथ ही प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को एक सैन्य विमान में बैठकर देश छोड़ दिया है। ऐसे में देश में बिगड़े हालात में सत्ता संभालने के लिए सेना आगे आई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़कर जाने की खबर फैलते ही सैकड़ों लोग प्रधानमंत्री हसीना के आवास में घुस कर तोड़फोड़ और लूटपाट की। पिछले दो दिनों में 100 से अधिक लोगों की जान लेने वाले सरकार विरोधी प्रदर्शनों को नाटकीय रूप से सोमवार को यह घटनाक्रम सामने आया।

लोगों के गुस्से के केंद्र में हसीना सरकार की विवादास्पद कोटा प्रणाली है, जिसमें 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित की गई हैं। आराजकता के हालात में उग्र भीड़ के सड़कों पर उतरने के साथ कुछ लोग हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा पर चढ़ गए और हथौड़ों से उसे तोड़ दिया। ऐसे में सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने घोषणा की कि 76 वर्षीय प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। हसीना के बारे में अटकलों के बीच उन्होंने एक टेलीविज़न संबोधन में कहा कि सेना अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी। ज़मान ने हसीना के 15 साल के सत्ता के अंत का संकेत देते हुए कहा, मैं (देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूँ। कृपया सहयोग करें। सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उन्हें बताया कि सेना कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगी। हालांकि, बैठक में हसीना की अवामी लीग पार्टी का कोई नेता नहीं था। देश भर में विरोध प्रदर्शनों के बढ़ने के साथ ही सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने सेना और पुलिस दोनों से कोई गोली नहीं चलाने को कहा है। ज़मान ने संयम बरतने और प्रदर्शनकारियों से हिंसा बंद करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने सभी लोगों के लिए न्याय की कसम खाई। भारतीय राजधानी में राजनयिक सूत्रों ने बताया कि अचानक हुए घटनाक्रमों के एक दिन में कई घंटों की अनिश्चितता के बाद हसीना लंदन जाने के लिए नई दिल्ली के पास गाजियाबाद में हिंडन एयरबेस पर उतरीं। वह बांग्लादेश वायु सेना के सी-130जे सैन्य परिवहन विमान से भारत पहुंचीं। वह अपनी बेटी साइमा वाजेद से मिलने की संभावना है, जो दिल्ली में रहती हैं। ढाका में वापस, बेचैन भीड़, उनके विरोध प्रदर्शन हसीना शासन के खत्म होने की खुशी में बदल गए, हवाई अड्डे पर जमा हो गए और यहां तक कि ( शेष पृष्ठ 9 )



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की खबर मिलने के बाद जश्न मनाते हुए प्रदर्शनकारी एक सार्वजनिक स्मारक पर चढ़ गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया था। शेख हसीना देश छोड़ कर भारत पहुंच गई हैं। पीटीआई



शेख हसीना की फाइल फोटो

## एनएसए अजित डोभाल ने हिंडन एयरबेस पर शेख हसीना से की मुलाकात

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश वायुसेना के परिवहन विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंचीं। जहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) शेख हसीना से मिलने हिंडन एयरबेस पहुंचे। जहां उनसे अकेले में बात भी की। खबर है कि वह एयरबेस पर कुछ देर रुकने के बाद लंदन रवाना होने की योजना है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश के हालात के बारे में जानकारी दी। बांग्लादेश में तेजी से बदलते हालात को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) हाई अलर्ट पर है, जबकि दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बांग्लादेश उच्चायोग के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। ( शेष पृष्ठ 9 )

## पश्चिम बंगाल में रह रहे परिवारों की बढ़ी चिंता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बांग्लादेश में** जारी हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से सीमा के इस पार पश्चिम बंगाल में रहने वाले परिवार बेहद चिंतित और तनाव में हैं। इस संघर्षग्रस्त पड़ोसी देश में अपने रिश्तेदारों और अन्य प्रियजनों की चिंता में सैकड़ों परिवार के लोगों की नींद और चैन गायब हो गया है। दक्षिण कोलकाता के बेहाला के 80 वर्षीय चिंतामणि कर ने जेसोर के पास मगुरा में अपने चचेरे भाई के परिवारों के लिए चिंता व्यक्त करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि वे कैसे हैं... हालांकि वे अलग-अलग समुदाय से हैं, उनके पड़ोसी अच्छे और समझदार हैं, लेकिन हिंसा के पैमाने और परिमाण को देखते हुए मुझे आश्चर्य होता है कि अब वे कैसे हैं... वे लोग 20 से अधिक हैं। एक बंगाली फिल्म अभिनेता ने नाम न बताने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह अपने दादा के बारे में चिंतित हैं जो पिछले साल कोलकाता में थे और दुर्गा पूजा के दौरान फिर से आने वाले थे। उन्होंने कहा, सतखीरा में उनके परिवार पर दो बार हमला हुआ...हमने उनसे पलायन करने को कहा लेकिन वे नहीं माने...उन्हें शेख हसीना की सरकार पर अटूट भरोसा था...लेकिन अब उनका क्या होगा...हम पिछले एक पखवाड़े से उनसे बात नहीं कर पाए हैं।

मध्य कोलकाता के एक व्यवसायी शेख कमरन ने कहा कि उन्हें भी ढाका से अपने रिश्तेदारों की कोई खबर नहीं मिली है। ढाका के बनानी इलाके के पास रहने वाले अपने रिश्तेदारों के बारे में व्यापारी ने कहा, परंपरागत रूप से वे वहां सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थक हैं...यह स्पष्ट है...इससे व्यापार में मदद मिलती है...लेकिन अब इस सरकार के गिरने के बाद मुझे नहीं पता कि उनका क्या होगा...खासकर जिस तरह से प्रतिष्ठानों पर हमला किया जा रहा है और उन्हें जलाया जा रहा है, उसे देखते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने दुबई में अपने रिश्तेदारों के माध्यम से उनसे संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन वे सफल नहीं हुए। हालांकि अरिंदम ( शेष पृष्ठ 9 )




सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

## शेयर बाजार में भारी बिकवाली से निवेशकों के 15 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी।** मुंबई

**स्थानीय शेयर** बाजारों में सोमवार को जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक का गोता लगा गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 662 अंक की बड़ी गिरावट आई। दुनिया के अन्य देशों के शेयर बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बैंक, आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया। इस गिरावट से निवेशकों को एक दिन में 15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने से अधिक के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून, 2024 के बाद एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था। निफ्टी में भी चार जून के बाद यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन आम चुनाव के नतीजों के बाद बाजार में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। इस प्रकार, पिछले दो कारोबारी सत्रों में दोनों मानक सूचकांकों में करीब चार प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को घटकर 441.84 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। निवेशकों को शुक्रवार को 4.46 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। इस प्रकार, दो दिनों में उन्हें 19 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 4.21 प्रतिशत तथा मझोली कंपनियों से संबद्ध मिडकैप 3.60 प्रतिशत नीचे आया। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर जापान में निक्की 12 प्रतिशत से अधिक टूट गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में तेज गिरावट आई। जापान का मानक सूचकांक सोमवार को 12.4 प्रतिशत लुढ़क गया। दुनिया के अन्य बाजारों में भी कमोबेश यही स्थिति रही। इसका कारण निवेशकों में आशंका है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ सकती है।

## एलजी के 10 एल्डरमैन की नियुक्ति पर आप को झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को कहा कि कानून दिल्ली के उपराज्यपाल को एमसीडी में एल्डरमैन नामित करने का स्पष्ट रूप से अधिकार देता है और वह (उपराज्यपाल) इस मामले में मंत्री परिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मंत्री परिषद की सलाह माने बगैर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 10 एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर करीब 15 महीने तक फैसला सुरक्षित रखा था।

उपराज्यपाल कार्यालय और आप नीत दिल्ली सरकार के बीच तनावपूर्ण संबंधों पर असर डालने वाले फैसले में पीठ ने कहा कि 1993 में संशोधित दिल्ली नगर निगम कानून उपराज्यपाल को निगम की विशेष जानकारी रखने वाले व्यक्तियों को नामित करने का स्पष्ट अधिकार देता है। फैसले में कहा गया है कि उपराज्यपाल को कानून में प्रदत्त शक्ति उस वैधानिक योजना को प्रदर्शित करती है, जिसमें कानून के तहत प्राधिकारियों के बीच शक्तियां और कर्तव्य बांटे जाते हैं। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा, शक्ति के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि उपराज्यपाल को कानून के अनुसार काम करना होता है, न कि मंत्री परिषद की सलाह के अनुसार। प्रयोग की जाने वाली शक्ति उपराज्यपाल का वैधानिक कर्तव्य है, न कि किसी राज्य की कार्यकारी शक्ति। हम इसी तरह से संवैधानिक प्रावधानों का आकलन करते हैं। पिछले साल 17 मई को शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं।दिसंबर 2022 में आप ने नगर निगम चुनाव में 134 वार्ड में जीत के साथ एमसीडी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा ने 104 सीट जीती थीं, जबकि कांग्रेस नौ सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि राज्य सरकार को एमसीडी में एल्डरमैन को नामित करने के लिए अलग से कोई शक्तियां नहीं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्ष से उपराज्यपाल द्वारा शहर की सरकार की सलाह पर एल्डरमैन नामित करने की प्रक्रिया का पालन किया गया है। वहीं, उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा कि चूंकि, किसी प्रक्रिया का 30 साल से पालन किया गया है, तो इसका यह मतलब नहीं है कि वह सही है। ( शेष पृष्ठ 9 )



## डेथ चैंबर हैं कोचिंग सेंटर : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने पिछले सप्ताह दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले का सोमवार को स्वत: संज्ञान लिया और केंद्र व दिल्ली सरकार से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है। पीठ ने कहा, ये जगहें (कोचिंग सेंटर) डैथ चैंबर (मौत का कुआं) बन गई हैं। कोचिंग संस्थान का तब तक ऑनलाइन संचालन किया जा सकता है, जब तक वे सुरक्षा मानदंडों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बुनियादी मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित न करें। कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस स्टडी सर्कल की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता को जांच पर कोई संदेह न हो। इस घटना मारे गए सिविल सेवा अभ्यर्थियों की पहचान उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन (24) के रूप में हुई थी।

## अयोध्या की गैंगरेप पीड़िता इलाज के लिए केजीएमयू लायी गयी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या में** गैंगरेप की शिकार नाबालिग पीड़िता को सोमवार शाम तीन बजे के करीब किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के स्त्री रोग विभाग में भर्ती कराया गया है। पीड़िता को अयोध्या के महिला अस्पताल से पीड़िता को लखनऊ के केजीएमयू के लिए रेफर किया गया था। लखनऊ लाने के दौरान चिकित्सकों की एक टीम पीड़िता के साथ मौजूद रही। केजीएमयू लखनऊ के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि लड़की को क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. सुजाता देव के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम उसकी निगरानी कर रही है। क्वीन मैरी अस्पताल केजीएमयू का प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग है। बच्ची के पेट में 12 सप्ताह का भ्रूण पल रहा है। बता दें कि पुलिस ने 30 जुलाई को 12 साल की लड़की से गैंगरेप के मामले में अयोध्या के भदरसा में बेकरी संचालक मुईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, मुईद खान और राजू खान ने दो महीने पहले लड़की से दुष्कर्म किया था और इसका वीडियो भी बनाया था। मेडिकल जांच में लड़की के गर्भवती होने की बात सामने आने के बाद मामले का खुलासा हुआ।

## दो दिन के दौरे पर आज अयोध्या जाएंगे योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ दो दिन के अयोध्या दौरे पर मंगलवार को आ रहे हैं। सीएम छह व सात अगस्त को अयोध्या में रहेंगे। इस दौरान उनका अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से मंगलवार को रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे, जिसके बाद वह हनुमानगढ़ी एवं श्रीरामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार में विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। सात अगस्त को मुख्यमंत्री सरयू अतिथि गृह से ब्रह्मलीन ( शेष पृष्ठ 9 )

## घटिया राजनीति से बाज आए भाजपाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अयोध्या गैंगरेप** मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। अखिलेश ने कहा कि इस दुखद घटना को भाजपा घटिया राजनीति करने से बाज आए। आखिर भाजपा की नियत साफ क्यों नहीं रहती है? भाजपा पीड़ित को न्याय दिलाने की जगह षडयंत्र और साजिश के तहत समाजवादी पार्टी को बदनाम करने में लगी है। भाजपा की इसी कुत्सित मानसिकता के कारण राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। परिणाम स्वरूप अपराध बढ़ते जा रहे हैं। अखिलेश ने कहा ि कन्यायालय से विनम्र आग्रह है कि स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए ( शेष पृष्ठ 9 )

# अवैध रिहायशी विस्तार के चलते हुआ वायनाड हादसा : मंत्री

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**केरल के** भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में खोज और बचाव अभियान जारी है। इस हादसे में अबतक 380 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 100 से अधिक लोग लापता हैं। इस संबंध में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि दक्षिणी राज्य सरकार के संरक्षण में 'स्थानीय राजनेताओं द्वारा इस नाजुक क्षेत्र में अवैध मानव आवास विस्तार और अवैध खनन को संरक्षण' दिया जा रहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने सोमवार को स्थानीय राजनेताओं पर संवेदनशील क्षेत्रों को विनियमित और संरक्षित करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया, जिससे छह दिन पहले इस क्षेत्र में आई आपदा का कारण बना। भूस्खलन के प्रभाव चलते अभी भी स्थानीय लोगों संकट होने के कारण वायनाड में चल रहे संकट में बढ़ोतरी हुई है।

मंत्री ने कहा यह आपदा स्थानीय राजनेताओं द्वारा अवैध मानव आवास को अवैध संरक्षण का परिणाम है। यहां तक कि पर्यटन के नाम पर भी, वे उचित क्षेत्र नहीं बनाया और इस क्षेत्र पर अतिक्रमण की अनुमति दी। यह एक अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र है। मंत्री ने कहा, हमने पहले ही पूर्व वन महानिदेशक संजय कुमार की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसमें स्थानीय सरकार के संरक्षण में अवैध मानव आवास और अवैध खनन गतिविधि रही की बात सामने आयी थी। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि यह पूरी तरह से राज्य सरकार की गलती है। स्थानीय सरकार के संरक्षण में अवैध मानव निवास और अवैध खनन गतिविधि चल रही है। यह बहुत शर्मनाक है। उन्हें प्रकृति और मानव जीवन की रक्षा करनी चाहिए। मंत्री ने कहा, पश्चिमी घाट हिमालय की तरह देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है। ऐसे क्षेत्रों में आपदाओं को रोकने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए और केरल सरकार भी इसे सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है।

यादव ने उम्मीद जताई कि पश्चिमी घाटों के लिए पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र अधिसूचनाओं पर परामर्श जल्द ही पूरा किया जाना चाहिए। पिछले हफ्ते यानी 31 जुलाई को, केंद्र ने केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड के 13 गांवों सहित छह राज्यों में पश्चिमी घाट के 56,800 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ईएसए) घोषित करने के लिए छठी मसौदा अधिसूचना जारी की थी, जिसमें 60 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। मार्च 2014 से, यह छठवीं कड़ी है, जिसका लक्ष्य छह राज्यों में पश्चिमी घाट के 56,800 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को पारिस्थितिकी के प्रति संवेदनशील घोषित करना है। हालांकि, राज्य की आपत्तियों के कारण अंतिम अधिसूचना अभी भी लंबित है। यादव ने जोर देकर कहा कि अप्रैल 2022 में पूर्व वन महानिदेशक संजय कुमार के नेतृत्व में ( शेष पृष्ठ 9 )



वायनाड में भूस्खलन के बाद जारी है बचाव अभियान। पीटीआई

# केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**● दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी मामले में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के खिलाफ निचली अदालत जाने को कहा**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आबकारी नीति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी उचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की जमानत याचिका को निस्तारित कर दिया और उन्हें राहत के लिए अधीनस्थ अदालत में जाने की छूट प्रदान की।

उच्च न्यायालय ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने केजरीवाल और केंद्रीय एजेंसी के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 29 जुलाई को आप नेता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद थे। मुख्यमंत्री को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था और धन शोधन मामले में निचली अदालत ने 20 जून को उन्हें जमानत दे दी थी।

हालांकि, उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई को उन्हें धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि सीएम अभी जेल में है।

### फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी आप

**नई दिल्ली। मुख्यमंत्री की जमानत याचिका खारिज करने और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( सीबीआई ) द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी ( आप ) ने दी। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें आबकारी नीति से जुड़े ईडी के धनशोधन मामले में पहले ही अंतरिम जमानत दे दी है।**

## पेड़ की डाल टूटकर गिरने से युवक की मौत

**नई दिल्ली।** खैबर पास इलाके में रविवार को एक पेड़ की टहनी गिरने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद अनीस को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक पेड़ की टहनी गिरने से एक व्यक्ति की मौत की पीसीआर कॉल सिविल लाइंस थाने में रात करीब साढ़े नौ बजे आई। अनीस खैबर पास इलाके के पास मुख्य सड़क पर साइकिल से जा रहे थे, तभी तेज हवाओं के कारण पेड़ की टहनी टूटकर उनके सिर पर गिर गई। उन्होंने बताया कि अनीस को उनके बेटे सरफराज ने तुरंत परमानंद अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के लिए भूमि पूजन



**नई दिल्ली।** श्री गीता जयंती समारोह समिति की ओर से 10 दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17 अगस्त से 26 अगस्त के मध्य रहेगा जिसके लिए कार्यक्रम स्थल सीबीडी ग्राउंड में भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित जय भगवान गोयल समारोह की प्रशंसा की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय गोयल महामंत्री दीपक गाबा रामलीला कमेटी के संरक्षक रमेश पिछ्लू, रामकिशोर गुप्ता, चेयरमैन संजय अग्रवाल,वाईस चेयरमैन योगेश कुमार गुप्ता, प्रधान नवीन गोयल, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार भाटी भारतीय जनता पार्टी एवं मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरीश दीक्षित जिला प्रवक्ता हर्षित भाटी आम आदमी पार्टी नेता सुभाष लाल एवं सैकड़ो की संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

### कलस्टर बस ने महिला को टक्कर मारी, चालक फरार

**नई दिल्ली।** द्वारका साउथ इलाके में कलस्टर बस ने राहगीर महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी चालक मौके पर से फरार हो गया। पुलिस घायल महिला के बयान पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक घायल महिला की पहचान समुन्द्री (51) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ उत्तम नगर में रहती हैं। वह द्वारका सेक्टर-4 में घरों में साफ-सफाई का काम करती है। बीते रविवार सुबह वह द्वारका सेक्टर-4 पहुंची। जब वह सड़क पार कर रही थी। अचानक से कलस्टर बस ने उसें टक्कर मार दी।

### छापेमारी कर मेवात के हथियार तस्कर पकड़े

**नई दिल्ली।** द्वारका स्पेशल स्टॉफ ने दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी करके मेवात के दो हथियार तस्करों अजरुद्दीन उर्फ अजरू और मोहम्मद राशिद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से आधा दर्जन पिस्टल, दर्जनभर कारतूस और वारदात में इस्तेमाल चोरी की बाइक जब्त की है। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेकर उनको भी पकड़ने की कोशिश कर रही है। आरोपी अजरुद्दीन उर्फ अजरू पहले भी दो हत्याओं, अवैध हथियार रखने और अपहरण के मामलों में शामिल रहा है।

**एल्डरमैन नामित करने के मामले में कोर्ट के फैसले के बाद**

# भाजपा ने किया स्वागत तो आप ने बताया लोकतंत्र को झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संजय सिंह



वीरेंद्र सचदेवा

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर असहमति व्यक्त करते हुए फैसले को लोकतंत्र के लिए झटका बताया है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला उपराज्यपाल को निर्वाचित सरकार की अनदेखी करने का अधिकार देता है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार उपराज्यपाल के पास बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का सोमवार को स्वागत किया और कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने उपराज्यपाल के हर काम पर सवाल उठाने की आदत बना ली है। न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने कहा, यह लोकतंत्र और भारत के संविधान के लिए अच्छा नहीं है। हम उच्चतम न्यायालय के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमति जताते हैं।

उन्होंने कहा कि यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल एमसीडी में एल्डरमैन नामित करने के अधिकार का इस्तेमाल दशकों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल द्वारा किए गए हर काम पर सवाल उठाने की आदत बना ली है। हम उच्चतम न्यायालय के फैसले पर आप सांसद संजय सिंह की प्रतिक्रिया की कड़ी निंदा करते हैं, जो उनकी पार्टी की अराजक सोच को दर्शाती है। सिंह ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के खिलाफ बताया है।

संजय सिंह ने कहा कि सुनवाई के दौरान कोर्ट में चीफ जस्टिस और बाकी जजों ने जो टिप्पणियां थीं और आज का यह फैसला उसके बिल्कुल विपरीत है। अन्य राज्यों में भी राज्यपाल ही एल्डरमैन के नामों पर मुहर लगाते हैं, लेकिन वो सरकार की अनुशंसा पर ऐसा करते हैं। दूसरे राज्यों में भी मनोनीत सभासद और पार्षद होते हैं, लेकिन चुनी हुई सरकार उनके नाम भेजती है और उसके बाद राज्यपाल उस पर मुहर लगाते हैं।

दिल्ली में ऐसा क्यों नहीं है? क्या यहां चुनी हुई सरकार नहीं है? यह फैसला दिल्ली के लोगों और लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। आम आदमी पार्टी आगामी स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में जीतेगी।

उन्होने कहा कि संजय सिंह सात साल से सांसद हैं उनको इस बात की जानकारी है कि कौन से क्षेत्र किसके अधिकार क्षेत्र में आते है फिर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाना निंदनीय है। संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड की संपत्ति से जुड़े कानून पर कहा कि पहले हमें देखना होगा कि केंद्र की भाजपा सरकार इस कानून में क्या-क्या चीजें लाने जा रही है।

वह इस देश में सबकी संपत्ति जब्त करके अपने दोस्तों को देना चाहते हैं। अब ये वक्फ बोर्ड की जमीन भी क्या कब्जा करके अपने दोस्तों को देना चाहते हैं? सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी 2013 से सत्ता में है पर आज तक संवैधानिक व्यवस्थाओं को समझते हुए भी स्वीकारने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि खेद का विषय है की आम आदमी पार्टी सरकार चुनाव बहुमत को संवैधानिक व्यवस्थाओं की अवेहलना का हथियार बनाना चाहती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में एल्डरमैन की व्यवस्था कोई आज की व्यवस्था नहीं है।

यह वर्षों से चली आ रही है और साथ ही दिल्ली में उपराज्यपाल को संविधान के माध्यम से जो अधिकार मिले हैं, उसे आम आदमी पार्टी लगातार खत्म करने की कोशिश कर रही है लेकिन वह भूल जाते हैं कि

# विस में नेता प्रतिपक्ष बने विजेंद्र गुप्ता



विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाये जाने पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते पार्टी के साथी वरिष्ठ नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को पार्टी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में विपक्ष का नया नेता घोषित किया। दिल्ली भाजपा विधानमंडल दल की बैठक पार्टी कार्यालय में पार्टी की सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संगठन महासचिव पवन राणा की उपस्थिति में सभी 7 पार्टी विधायकों के साथ हुई। इसके बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने घोषणा की कि विजेंद्र गुप्ता अब दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे।

घोषणा के बाद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही जन-हितैषी और साफ-सुथरा शासन दे सकती है। पार्टी आप सरकार की विफलताओं को उजागर करने और सदन के पटल पर जनता की समस्याओं को उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करते है,जिसे आप सरकार ने स्थगित कर दिया है।

## निगम ने मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने के लिए चलाया अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम द्वारा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है जोकि रुके हुए पानी में पैदा होता है जैसे- ड्रमों, कूलरों, टायरों, कबाड़, गमलों, पानी की टंकियों इत्यादि। डेंगू से बचाव का प्रमुख उपाय मच्छरों के प्रजनन को रोकना है। मानसून के मौसम में अनुकूल वातावरण जैसे लगातार वर्षा, उमस एवं अनुकूल तापमान होने के कारण मच्छरों का प्रजनन होने की अधिक संभावना रहती है। दिल्ली नगर निगम मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार के लक्षित अभियान चला रहा है। निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने के अपने अभियान के तहत सभी 12 जोनों में पुलिस स्टेशनों के मालखाना और अर्धसैनिक बलों के परिसरों में मच्छरों के प्रजनन की जांच के लिए गहन जांच अभियान चलाया।

# एलजी के खिलाफ आप ने खोला मोर्चा

**आश्रय गृह मामला**

**● बोले- मंत्री की बिना अनुमति भ्रष्ट अफसर को बनाया प्रशासक**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति ने दावा किया है कि आशा किरण शेल्टर होम में दिल्ली सरकार के मंत्री से बिना सुझाव लिए ही एक भ्रष्ट अफसर को आशा किरण होम का प्रशासक नियुक्त कर दिया। समिति के चेयरमैन कुलदीप कुमार ने एलजी ऑफिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि आशा किरण होम के अधिकारियों की नियुक्ति साल 2020 में हुई थी। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि मई 2022 में वीके सक्सेना दिल्ली के एलजी बने थे। दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति के चेयरमैन एवं "आप" विधायक कुलदीप कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर आशा किरण होम में हुई कई लोगों की मौतों की जांच में आए तथ्यों को जनता के सामने रखा।

कुलदीप कुमार ने बताया कि हमें अफसरों से पता चला है कि आशा किरण शेल्टर होम में स्टाफ की भारी कमी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने एलजी पदों की भर्तियों के लिए लगातार एलजी साहब को पत्र लिखा है कि वे दिल्ली के अस्पतालों, मोहल्ला क्लीनिक और शेल्टर होम में डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ और एएनएम की तुरंत भर्ती करें। लेकिन एलजी साहब ने आज तक कोई नियुक्ति नहीं की।

दिल्ली में आज कई डॉक्टर्स, एनओ, हाउस आंटी, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, किचन हेल्पर, कुक, वॉशरमैन, मेडिकल स्पेशलिस्ट, जीडीएमओ, जूनियर स्पेशलिस्ट, ड्रेसर समेत कई पद खाली पड़े हैं। हमारी मांग है कि एलजी साहब तुरंत इन पदों को भरें।

### कोर्ट ने दिए पानी की गुणवत्ता की जांच के आदेश

*नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विक्षिप्त लोगों के लिए शहर की सरकार द्वारा संचालित आशा किरण आश्रय गृह में रह रहे 14 लोगों की हाल में हुई मौत एक अजब संयोग है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि लगभग सभी मृतक टीबी से पीड़ित थे। पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को आश्रय गृह में पानी की गुणवत्ता और सीवर पाइपलाइन की स्थिति की जांच करने तथा इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने समाज कल्याण विभाग के सचिव को भी छह अगस्त को आश्रय गृह का दौरा करने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। उसने जोर देकर कहा कि सुधारात्मक उपाय किए जाने की जरूरत है और अगर आश्रय गृह में क्षमता से ज्यादा लोग रहे हैं, तो प्राधिकारी कुछ लोगों को दूसरे प्रतिष्ठानों में स्थानांतरित करेंगे। जुलाई में आशा किरण आश्रय गृह में एक बच्चे सहित 14 लोगों की मौत हो गई थी। मौतों की जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने मामले को सात अगस्त को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आशा किरण आश्रय गृह में बच्चों और महिलाओं समेत 980 विक्षिप्त लोग रह रहे हैं।*

## मॉडल टाउन की नैनी झील में कूदा नगालैंड का युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मॉडल टॉउन इलाके में स्थित नैनी झील में नगालैंड का मितिसुनेप औ कठुला नामक युवक कूद गया। जिसकी डूबने से मौत हो गई।

गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद शव को झील से बाहर निकाला। पुलिस ने मामले की जानकारी नागालैंड पुलिस और अधिकारियों को दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टाउन पुलिस को दोपहर के वक्त नैनी झील में एक व्यक्ति के डूबने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। झील में स्थित बोट चलाने वाले लड़ने व्यक्ति की तलाश कर रहे थे। कुछ गोताखोरों की मदद से घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद शव को बाहर निकाला। झील के पास ही मृतक की पत्नी मिली, जिससे पता चला कि दोनों झील के पास बैठकर बातें कर रहे थे। झील के आगे फटपाथ है और उसके आगे लोहे की ग्रील लगी थी। जिस पर चढ़कर अचानक से मितिसुनेप औ कठुला ने झील में कूद गया। महिला ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी थी।

# मां और बेटी को मारे थे चाकू, गिरफ्तार

**● सिरफिरे आशिक की उसके घर पर शिकायत करने गई थी महिला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



तिलक विहार इलाके में महिला वीना की चाकू गोदकर हत्या और उसकी बेटी को चाकू से गंभीर रूप से घायल करने वाले बदमाश राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी राहुल लड़ली से एक तरफा प्यार करता था। अपनी मां के साथ राहुल की शिकायत करने उसके घर पर गई थी। तभी राहुल ने मां-बेटी को चाकू मार दिये थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार तिलक नगर पुलिस को संतगढ़ घर में दो महिलाओं को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सीढी से लेकर फर्श तक काफी खून पड़ा था। क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत जमा किये। जांच में पता चला कि वीना और उसी बेटी को राहुल ने चाकू मारे थे। वारदात के बाद राहुल फरार हो गया। जबकि मां बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने वीना को मृत घोषित दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आरोपी राहुल को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर राहुल गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम ने मौजपुर में राहुल के मामा के घर और उसके मामा के घर समेत कई जगहों पर छापेमारी की गई। बीते रविवार को एक पुख्ता जानकारी के बाद राहुल को संतगढ़ नाला, सपेरा बस्ती, तिलक नगर के पास एक जंगल इलाके से पकड़ लिया।

# सर्वोदय कन्या स्कूल में चार मंजिला ब्लॉक और एमपी हॉल तैयार

**● मंत्री आतिशी ने किया उद्घाटन, बोलीं- पूर्वी दिल्ली में शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



छात्र को प्रोत्साहित करती शिक्षा मंत्री आतिशी। फोटो: रंजन डिमरी

उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्थित संत एकनाथ सर्वोदय कन्या विद्यालय में चार मंजिला नए स्कूल ब्लॉक व एमपी हाल का निर्माण करवाया है।

सोमवार को शिक्षा मंत्री आतिशी व दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उद्घाटन कर इसे बच्चों को समर्पित किया। इस स्कूल में नए ब्लॉक के जुड़ने से दिलशाद कॉलोनी, दिलशाद गार्डन, कलंदर कॉलोनी, कुष्ठ कॉलोनी और ताहिरपुर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए शैक्षिक अवसर बढ़ेंगे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि ये सिर्फ़ कमरों या एमपी हॉल का उद्घाटन नहीं बल्कि हमारे बच्चों को एक अच्छा भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इन क्लासरूम में पढ़कर हमारे बच्चे ऐसा अच्छा भविष्य पायेंगे कि वो न सिर्फ़ अपने परिवार बल्कि अपने देश को भी आगे लेकर जाएँगे। उन्होंने कहा कि एमपी हॉल के ज़रिए बच्चे पढ़ाई के साथ को-करिकुलर ऐक्टिविटीज़ में भी भाग ले सकेंगे और उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

इस मौके पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जी ने दिल्ली में शिक्षा की जो अलख जगाई है, उससे दिल्ली की शिक्षा क्रांति को पूरे विश्व में एक पहचान मिली है। पूरे विश्व के लोग इस और आकर्षित हुए है। उन्होंने कहा कि, मौजूदा स्कूल में छात्रों की संख्या बहुत ज़्यादा थी और इससे स्टूडेंट क्लासरूम अनुपात भी 1.60 पर पहुँच गया था। लेकिन नए स्कूल ब्लॉक के बाद ये अनुपात घटकर 1.45 हो गया है। और अब बच्चे यहाँ बिना किसी परेशानी के पढ़ाई कर सकेंगे और भविष्य में आगे बढ़ सकेंगे।

### नए स्कूल ब्लॉक की विशेषताएं

**24 कमरों वाला शानदार चार मंज़िला स्कूल ब्लॉक, स्मार्ट क्लासरूम, लैब, लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, लिफ्ट, एक्टिविटी रूम, टॉयलेट ब्लॉक सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस साथ ही 300 लोगों की क्षमता वाला मल्टी पर्पस हॉल।**



## वर्षा ऋतु में तेल-घी का प्रयोग सेहत के लिए अच्छा : डॉ. राजपाल पराशर

**● कहा-इस मौसम में पकौड़े, चीले, गुलगुले व पुआ खाना सेहत के लिए फायदेमंद**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आयुर्वेद के अनुसार वर्षा ऋतु में विशेष आहार और दिनचर्या का पालन आवश्यक है। दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. आरपी पाराशर के अनुसार वर्षा ऋतु में शरीर में पित्त दोष बढ़ जाता है और वात दोष के कारण शरीर में रूखापन के साथ हड्डियों व जोड़ों में दर्द होता है।

डॉ. पराशर ने बताया बरसात के मौसम में बेसन के पकोड़े व चीले और आटे तथा गुड़ से बने गुलगुले व पुआ खाना सेहत के लिए अच्छा है। चूंकि शरीर की इम्युनिटी इस मौसम में कमजोर होती है इसलिए हल्का और सुपाच्य खाना खाएं। मूंग की दाल, खिचड़ी, उबली हुई सब्जियाँ और सूप जैसे खाद्य पदार्थ पाचन में मददगार होता है। डॉ. आरपी पराशर ने बताया कि बारिश के मौसम अदरक, तुलसी, दालचीनी और लौंग से बनी मसालेदार चाय बारिश के मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है।

डॉ. पराशर के अनुसार त्रिकटु चूर्ण, जिसमें सौंठ, काली मिर्च और पिप्पली शामिल होते हैं, पाचन शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

# सोहना अस्पताल में एसएनसीयू की शुरुआत

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट का किया ऑनलाइन उद्घाटन

- 41 लाख की लागत से निर्मित एसएनसीयू में एक बार में 14 बच्चों का हो सकेगा उपचार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोहना के नागरिक अस्पताल में सोमवार से विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट की शुरुआत हुई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने वर्चुअली इस यूनिट का उद्घाटन किया। 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस इकाई में एक बार में 14 बच्चों का उपचार हो सकेगा। यह यूनिट उन्नत इनक्यूबेटर, व्यापक निगरानी प्रणाली, गंभीर देखभाल के लिए विशेष उपचार क्षेत्र, नवजात स्वास्थ्य पेशेवरों की एक समर्पित टीम सहित अन्य आधुनिक उपकरणों से लैस है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने एसएनसीयू को आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि यह इकाई नवजात मृत्यु दर को रोकने के लिए कारगर साबित होगी। यह इकाई समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन, संक्रमण और जन्म के समय श्वास में अवरोध जैसी गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों वाले नवजात शिशुओं को गहन देखभाल प्रदान करेगी। उन्होंने हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है कि राज्य में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम संभव शुरुआत मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सुविधा बनाते समय उच्च चिकित्सा मानकों को बनाए रखा जाए। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव से अस्पताल में मरीजों की संख्या, संस्थान की उपलब्धियों और अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नवजात को समय पर बेहतर इलाज के माध्यम से हर वर्ष बढ़ रही शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इसके लिए लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने स्वास्थ्य मंत्री को इकाई की अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एसएनसीयू गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह इकाई उन्नत चिकित्सा तकनीक से सुसज्जित है। इसमें अत्यधिक कुशल नवजात शिशु विशेषज्ञों, नर्सों और सहायक कर्मचारियों की एक टीम है, जो सबसे कमजोर रोगियों के लिए देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है। डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि एसएनसीयू की स्थापना सोहना क्षेत्र में नवजात स्वास्थ्य सेवा में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना और नवजात शिशुओं की देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

डॉ. वीरेंद्र ने बताया को उपरोक्त इकाई में 14 रेडिएंट वार्मर, एलईडी फोटोथेरेपी की 4 यूनिट, 6 पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध है। वहीं नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए एक बाल रोग विशेषज्ञ, 9 नर्सिंग अधिकारी, 2 चिकित्सा अधिकारी 24 गुणा 7 अपनो सेवाएं दे रहे हैं।



सोहना के नागरिक अस्पताल में विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट का वर्चुअली उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता।

### प्रदेश के चार जिला अस्पतालों में शुरू हुए न्यूबोर्न केयर यूनिट्स

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ.कमल गुप्ता ने सिविल अस्पताल,चरखी दादरी, फर्स्ट रेफरल यूनिट-2, सेक्टर-3, फरीदाबाद, उप जिला अस्पताल, नरवाना, जिला जींद और उप जिला अस्पताल, सोहना, जिला गुरुग्राम में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थापित 4 विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल भी उपस्थित थे।

कमल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में पहले 24 एसएनसीयू थी, आज नए चार एसएनसीयू के उद्घाटन के बाद कुल 28 एसएनसीयू हो गए हैं जो कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 है जो 2013 (एसआरएस 2013 के अनुसार आईएमआर-41) से 13 अंकों की कमी आई है। नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 26 (एसआरएस 2013) से घटाकर 19 (एसआरएस 2020) हो गई है। राज्य में एसएनसीयू, नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू) और एनबीसीसी के तेजी से बढ़ने से नवजात मृत्यु दर में कमी आई है। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों में प्रति वर्ष बहुत अधिक संख्या में बीमार नवजात शिशु भर्ती होते हैं। भर्ती होने वाले कुल नवजात शिशुओं में से 50 प्रतिशत कम वजन के होते हैं। प्रत्येक एसएनसीयू बीमार नवजात को भर्ती, दवा, जांच, मां के लिए मुफ्त आहार, मुफ्त एम्बुलेंस सेवाओं के रूप में मुफ्त सेवाएं प्रदान करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा एसएनसीयू में इन नवजात शिशुओं को रेडिएंट वार्मर, फोटोथेरेपी, माइक्रो, अल्ट्रा केयर यूनिट, मल्टी पैरा मॉनिटर, ऑक्सीजन वितरण उपकरण आदि की मदद से विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। समय से पहले जन्मे नवजात शिशु, कम वजन वाले (एलबीडब्ल्यू) बच्चे, जन्म के समय श्वासावरोध, संक्रमण, नवजात पीलिया, जन्मजात विसंगतियों आदि से पीड़ित नवजात शिशुओं का इन एसएनसीयू में दाखिल किया जाता है।

# विवि में कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए बना क्रेच केंद्र


विवि में क्रेच सेंटर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

- कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में कार्यरत महिलाओं को अब अपने बच्चों के देखभाल की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। ऐसी कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में क्रेच सेंटर खोला गया है।

सोमवार को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने क्रेच सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्रेच सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुलेगा। क्रेच सेंटर में सभी छोटे बच्चों की उचित देखभाल के साथ उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसमें उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खिलौने, सोने के लिए बेड, कुर्सी, एसी आदि का बच्चे लाभ उठा पाएंगे। यह सब निशुल्क होगा।

इस मौके पर कुलपति ने कहा कि आज के दौर में बच्चों के हिसाब से क्रेच काफी मायने रखता है। इससे महिला कर्मचारियों के कार्यक्षमता के प्रदर्शन को बेहतर करने में सहयोग मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के सेंटर प्रदेश के विद्यालयों और सरकारी विभागों में भी शुरू करने की जरूरत है। वही दूसरी ओर जीयू व सीएसआईआर-निस्पर के संयुक्त तत्वाधान में नवंबर माह में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल कांफ्रेंस का पोस्टर भी लांच किया गया। इस मौके पर प्रो. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. विजय मेहता, डॉ. राकेश योगी, डॉ. संजीव गुप्ता, समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक भर्ती से तुरंत रोक हटाए सरकार: एबीवीपी

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से कहा गया है कि हरियाणा में गत 10 वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक भर्ती लम्बित पड़ी है। इस दशक में खुले विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की निर्माण प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। जिसके कारण शिक्षा जगत में धरातल पर रोष दिखाई दे रहा है। हरियाणा सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री अर्पित मित्तल ने सोमवार को कहा कि 20 जुलाई 2024 को हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में सभी प्रकार की चल रही भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा सरकार बड़ा नकारात्मक फैसला है। इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

इस संबंध में अखिल भारतीय परिषद से ज्योतिरादित्य डागर प्रांत निजी विश्विद्यालय संयोजक, पवित्र गुप्ता द्रोणाचार्य नगर सह मंत्री, लवीश सहरावत द्रोणाचार्य नगर सह मंत्री ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उपायुक्त गुरुग्राम को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक अमन लेखराज ने कहा कि यूजीसी द्वारा लगातार सभी विश्वविद्यालयों को खाली पड़े पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी की गई, लेकिन हरियाणा सरकार 10 वर्ष के कार्यकाल में भर्ती करने में असफल रही है।

शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस जारी अधिसूचना को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए हरियाणा सरकार की योजना में बदलाव करने की आवश्यकता है।

## पानी-सीवरेज बिलों के समाधान के लिए निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**गुरुग्राम।** नगर निगम द्वारा एवरेज व न्यूनतम मीटर रीडिंग के अनुसार पानी व सीवर के बिल वितरित किए जा रहे हैं। अगर किसी नागरिक को इन बिलों में कोई त्रुटि लगती है, तो वे नगर निगम द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबरों पर संपर्क करके समाधान करवा सकते हैं। नगर निगम के सहायक अभियंता प्रेम सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा बिलों में त्रुटि संबंधी समाधान के लिए जारी किए गए हेल्पलाईन नंबरों पर मीटर की फोटो तथा बिल की प्रति वाट्सएप के माध्यम से भेजें। प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान प्राथमिकता व तत्परता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नागरिक हेल्पलाइन नंबर 9728411114, 9149244041, 7982561069, 9821395122 व 7042662340 पर समाधान के लिए संपर्क करें। इसके अलावा, न्यू कॉलोनी स्थित वाटर बिल ब्रांच में भी जाकर बिलों को दुरुस्त कराया जा सकता है।

# ‘लोस चुनाव नतीजों ने निकाली भाजपा के फर्जी सर्वे प्रचारतंत्र व इवेंटबाजी की हवा’

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

- पूर्व मंत्री हर्ष चौधरी को कांग्रेस में शामिल कराने के दौरान बोले भूपेंद्र सिंह हुड्डा
- बीजेपी और जेजेपी छोड़कर आए 20 नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

फर्जी सर्वे, प्रचारतंत्र और इवेंटबाजी की हवा से फुलाए गए बीजेपी के गुब्बारे की हवा लोकसभा चुनाव के नतीजों ने निकाल दी है। जनता ने बता दिया है कि वो अब बीजेपी के किसी भ्रमजाल में नहीं फंसेगी और हरियाणा से इस सरकार का सफाया करके ही दम लेगी। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का।

हुड्डा सोमवार को पलवल में हुए कांग्रेस के ‘धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन’ को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल, चौधरी इजराईल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सम्मेलन में हथीन से 2 बार विधायक रहे पूर्व मंत्री हर्ष चौधरी ने जेजेपी छोड़ने के बाद कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उनके साथ बीजेपी व जेजेपी छोड़कर करीब 20 नेताओं व सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया।

हुड्डा और चौधरी उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। चौधरी उदयभान ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार के साफ संकेत दे दिए हैं। इसलिए जो बीजेपी फैमिली आईडी और प्रॉपर्टी आईडी को अपनी उपलब्धि बताती थी, वो इन योजनाओं की विफलताओं को स्वीकार कर रही है। इसमें 90 से 95 फीसदी गलतियां पाई गई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा।

करण सिंह दलाल ने कहा कि पलवल के साथ बीजेपी ने भयंकर अनदेखी की है। सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। एक हल्की-सी बारिश गलियों व सड़कों को तालाब में तब्दील कर देती है। बरसों से पलवल के लोगों से गैर-कानूनी टोल वसूला जा रहा है। टोल देने के बाद भी लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ता है। सम्मेलन में हर्ष चौधरी के अलावा पूर्व भारद्वाज, भूदेव शर्मा, रमेश राणा, देवीचरण मंगला, महावीर डागर, सीमा राजपाल, चंदन सिंह, खेमचंद खुण्डू, डॉ श्याम सिंह


पलवल में कांग्रेस के ‘धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन’ को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, साथ में हैं अन्य नेता।

## संक्षिप्त समाचार



समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी निशांत कुमार यादव।

### 85 शिकायतों में से 35 का मौके पर ही निपटारा

**गुरुग्राम।** सोमवार को यहां लघु सचिवालय सभागार में डीसी निशांत कुमार यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निदान के लिए निर्देश दिए। शिविर में डीसी निशांत कुमार यादव ने 85 शिकायतों की सुनवाई की। जिनमें से 35 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा बाकी शिकायतों में समय सीमा तय करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समाधान प्रकोष्ठ नाम से यह नई पहल की है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। शिविर में फिरोज गांधी कालोनी के 29 दुकानदारों ने बताया कि पंचायत ने उनको 23 साल पहले यह जमीन दी थी। इसे नगर निगम ने अब ग्रीन बेल्ट घोषित कर दिया है। जिससे उनकी दुकान टूटने का खतरा है।

### समाधान शिविर का आमजन उठाएं लाभ: उपायुक्त

**पलवल।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर का आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। यह आह्वान जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में शिकायतें सुनने के दौरान लोगों से किया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में एक छत के नीचे निर्धारित समय में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं, जो कि उनके विभागों से संबंधित आने वाली शिकायतों का जल्द निवारण कराने की दिशा में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही निवारण करवा दिया जाता है। इसके अलावा जो शिकायतें लंबित रहती है उनका भी जल्द समाधान करवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए जाते हैं।

### नए विद्यार्थियों के लिए पौधरोपण किया अनिवार्य

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने पहल करते हुए नये विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम के दौरान कम से कम पांच पौधे पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल को अनिवार्य किया है। इस प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने पोर्टल पर प्रावधान किया है, जहां विद्यार्थी अपने पौधारोपण के प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना तथा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने में योगदान देना है। यह जानकारी कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने ‘हरियाली पर्व’ के तीसरे संस्करण के तहत चल रहे पौधारोपण अभियान के दौरान दी। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया मुख्य अतिथि रही। ‘हरियाली पर्व’ विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जुलाई एवं अगस्त माह में मनाया जाता है।

## माता रोड को जाम मुक्त बनाने का होगा प्रयास: नवीन गोयल


सेक्टर-5 में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि एमडीआई चौक से उधर का क्षेत्र तो अंडरपास, फ्लाईओवर बनने से जाम से मुक्त हो गया। भविष्य में अतुल कटारिया चौक से पालम विहार तक ऐलिवेटेड फ्लाईओवर बनवाकर माता रोड को जाम से मुक्ति दिलाने के प्रयास होंगे। यह बात उन्होंने सेक्टर-5 के कम्युनिटी सेंटर में जनसंवाद कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व चिंतपूर्णी माता मंदिर से युवाओं द्वारा उन्हें खुली जीप में बिठाकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर नवीन गोयल ने शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर व अन्य बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गजेंद्र गुप्ता, सतीश ग्रोवर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अत्तर सिंह संधू, बालकिशन भारद्वाज, बलजीत सेन, शैलेंद्र, ज्योति शंकर, शशि कांत शर्मा, शीतला कालोनी से प्रेमपाल समेत अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया हरियाली तीज पर्व

- एम्पावर्ड दिवाज की ओर से किया गया इस उत्सव का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाली तीज का पर्व सेक्टर-17बी में महिला सशक्तिकरण के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एम्पावर्ड दिवाज सेक्टर-17बी समूह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के संदेश को प्रबल किया।

समूह में शामिल सदस्य रेखा गुप्ता, रश्मि दीक्षित, सुमन शर्मा, मीना सक्सेना, कनिका राय, आयुषी गुप्ता, सोनिया कौशिक, प्रीति शर्मा और राशी महाजन ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भव्य आयोजन सेंट पीबीएन स्कूल में हुआ, जहां सभी ने परंपरागत उत्सव का आनंद लिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय पारंपरिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजन शामिल थे। इन स्टॉल्स ने सभी को भारतीय व्यंजनों की विविधता और समृद्धि का अहसास कराया। बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था की गई थी, जो इस विशेष दिन को और भी आनंदमय बना गई। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बुजुर्गों के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने बचपन की यादें ताजा कीं।

इसके साथ ही, जोड़ों के लिए भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद रिंपल यादव भी शामिल हुईं। उन्होंने न केवल इस आयोजन की सराहना की, बल्कि अपनी ओर से योगदान भी दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, महिला सशक्तिकरण के ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। एम्पावर्ड दिवाज सेक्टर-17बी की यह पहल सचमुच सराहनीय है।


गुरुग्राम के सेक्टर-17बी में एम्पावर्ड दिवाज समूह की ओर से आयोजित हरियाली तीज उत्सव में भाग लेती महिलाएं।

# ‘यदि मैं बेजमीर हो जाता, यकीन मानो कब का वजीर हो जाता’

- अपने सम्मान में आयोजित समारोह में शायराना अंदाज में बोले पूर्व विधायक उमेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राज नगर के मैलफोर्ट मोटल में आयोजित आपके सम्मान में-उमेश अग्रवाल मैदान में आशीर्वाद समारोह में उमेश अग्रवाल ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वे उनके हित में अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं और करते रहेंगे।

वर्ष 2014 में हरियाणा में अब तक सबसे ज्यादा वोटों चुनाव जीत कर विधायक बनने वाले उमेश अग्रवाल ने शायराना अंदाज में कहा कि-मेरे लहजे में जी हुजूरी नहीं थी, इससे ज्यादा मेरा कसूर न था। पल भर को यदि मैं बेजमीर हो जाता यकीन मानो कब का वजीर हो जाता। उन्होंने कहा कि जनता के हित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना उनकी जिम्मेदारी थी। गुरुग्राम के हित और विकास के लिए आवाज उठाने के लिए उन्हें अपनी ही सरकार में संघर्ष झेलना पड़ा। कई मुद्दों पर उनका तत्कालीन मुख्यमंत्री से भी टकराव हुआ, लेकिन विकास और जनहित पर उन्होंने समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में लोगों का आशियाना उजड़ने नहीं दिया।

पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि अब जनप्रतिनिधि गुरुग्राम के हित की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं जिसका खामियाजा शहर की जनता को झेलना पड़ रहा है। पूरा शहर गंदगी के ढेर में सांस ले रहा है।


पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में मिला बेसहारा बुजुर्ग को सहारा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बेसहारा वृद्धों को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति (रजि.) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने फिर एक बेसहारा वृद्ध को ना केवल सहारा दिया ब्लकि उसके जीवन को भी बचाने का काम किया है। आज आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पेनॅल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता(डीएलएसए) ने फोन पर सूचना देकर बताया कि एक नंबर रामलीला पार्क के पास एक वृद्ध लावारिस हालत में बदहवास बैठा है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और समाजसेवी राजकिशन की मौजूदगी में वृद्ध को उठाकर आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम चन्दभान पुत्र वासुदेव आयु लगभग 77 वर्ष और निवासी डबुआ कालोनी बताया। किशन लाल बजाज ने वृद्ध को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है और उसके खाने पीने और पहनने का सारा इंतजाम नवजन मोर्चा समिति (रजि.) की देखरेख में किया जाएगा। वृद्ध काफी बिमार लग रहा है उसका ईलाज भी कराया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र की घोषणाओं पर चंडीगढ़ में लगी मुहर

## मंत्रिमंडल की बैठक में 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद व पिछड़े वर्ग की क्रीमी लेयर सीमा 8 लाख करने को मंजूरी

- एक अप्रैल के बाद जारी हुए आबियाना शुल्क नोटिस वापस लेगी सरकार
- बीसी-बी को पंचायतों और निगमों में मिलेगा पांच प्रतिशत आरक्षण, रिपोर्ट मंजूर

सचिवालय में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री नायब सिंह



**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में कुरुक्षेत्र रैली के दौरान की गई सभी घोषणाओं को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार 14 फसलें पहले से एमएसपी पर खरीद कर रही थी। अब इनकी संख्या 24 हो गई है। केंद्र सरकार 24 फसलों का ही एमएसपी घोषित करती है। हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जो सभी फसलें एमएसपी पर खरीदेगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें भी दो-चार फसलें एमएसपी पर खरीदने की पहल करनी चाहिए। गेहूं और धान की फसल ऐसी है, जो सीधे केंद्र सरकार खरीदती है। सैनी ने पंजाब की आंदोलनकारी जत्थेबंदियों से भी अनुरोध किया कि वे भगवंत मान की सरकार पर एमएसपी पर फसलों की खरीद का दबाव बनाएं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब की आप और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों को कहा कि वे किसान हितैषी होने का नाटक करती हैं। उन्हें सिर्फ होठ बजाने आते हैं। वह एमएसपी पर किसानों की फसलें खरीदकर दिखाएं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि देश और हरियाणा के किसान संगठनों ने प्रदेश सरकार के एमएसपी पर फसलें खरीदने के फैसले का स्वागत किया है।

मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी की पूर्व में की गई करीब आधा दर्जन घोषणाओं को भी मंजूरी प्रदान की गई। एक अप्रैल 2024 से किसानों से अब आबियाना शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसानों पर पिछला बकाया 140 करोड़ रुपये का आबियाना शुल्क माफ कर दिया गया है। आबियाना खत्म होने से किसानों को हर साल 54 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। एक अप्रैल 2024 के बाद किसानों को आबियाना जमा कराने के जो नोटिस मिले हैं, उन्हें वापस लिया जाएगा। इस अवधि के बाद किसी किसान ने यदि आबियाना जमा करवा दिया है तो वह राशि भी किसानों को वापस कर दी जाएगी।

# गांवों में रहने वाले गरीबों को फिर 50 से 100 गज के प्लाट देगी सरकार

- मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण व शहरी आवास योजनाओं में संशोधन
- महाग्राम में 50 गज और सामान्य गांवों में 100 गज के प्लाट देने को मंजूरी
- शहरी गरीबों को आवंटित 30 गज के प्लाट की कीमत का भुगतान तीन साल में

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी और ग्रामीण आवास योजनाओं में बदलाव किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस बदलाव को मंजूरी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले भूमिहीन गरीब लोगों को प्रदेश सरकार 50 से 100 वर्ग गज के प्लाट आवंटित करेगी। प्रदेश के बड़े यानी महाग्रामों में 50-50 गज के प्लाट दिए जाएंगे, जबकि सामान्य गांवों में 100-100 गज के प्लाट मिलेंगे। हरियाणा सरकार अपने सरकारी खजाने से पंचायतों से इन प्लाटों के लिए जमीन खरीदेगी।

पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने 20 हजार से अधिक गरीब लोगों को उनके बचे हुए प्लाट आवंटित किए थे, जबकि जिन लोगों को प्लाट नहीं मिल पाए थे, उनके खातों में एक लाख रुपये डालने की प्रक्रिया अपनाई गई थी। अब सरकार ने नये चिन्हित होने वाले गरीबों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का दायरा बढ़ाते हुए उसे संशोधित प्रारूप में लागू करने का निर्णय लिया है।

मंत्रिमंडल में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए सीएम नायब सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में भी संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य परिवार पहचान पत्र में 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले शहरी परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करना है।

संशोधित नीति के तहत जिन लाभार्थियों को 30 गज का प्लाट मिला है, उन्हें भुगतान करने के लिए अधिक समय सीमा दी गई है। अब से पहले प्लाट का ड्रा होने के बाद प्लाट मिलने वाले आवेदकों को एक माह में 10 हजार रुपये की दूसरी किस्त और बाकी 80 हजार रुपये की राशि छह किस्तों में देनी होती थी। अब 10 हजार रुपये की दूसरी किस्त प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर मिलने के दो माह बाद तक जमा करा सकेंगे, जबकि शेष बचे 80 हजार रुपये की राशि प्लाट का एलओआइ जारी होने की तिथि से तीन साल में मासिक किस्तों में जमा की जा सकेगी।

# भाजपा की कोर समिति की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

- 11 से 14 अगस्त तक भाजयुमो सभी विधानसभाओं क्षेत्र में निकालेगा तिरंगा यात्रा
- संकल्प पत्र समिति के संयोजक बने ओम प्रकाश धनखड़



भाजपा की कोर समिति की बैठक में भाग लेते मुख्यमंत्री नायब सैनी, धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य नेतागण।

**पायनियर समाचार सेवा। कुरूक्षेत्र**

म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा, हरियाणा रैली के बाद कुरूक्षेत्र में ही कोर कमेटी की बैठक हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई, वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों का फीडबैक भी लिया गया। थानेसर में हुई 'म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा' रैली की सफलता पर सभी नेताओं ने संतुष्टी जताई। बैठक में संकल्प पत्र समिति और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रवास को लेकर संयोजक नियुक्त किए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने म्हारा हरियाणा- नॉन स्टॉप हरियाणा रैली के सफल आयोजन पर कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेताओं का आभार जताया। वही जनहित में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर उन्होंने सीएम सैनी का धन्यवाद किया।

बैठक के बारे में बताते हुए मोहन लाल कौशिक ने कहा कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा का युवा मोर्चा 11 से 14 अगस्त तक सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकालेगा। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका पर सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय बैठक में लिया गया है। विधानसभा चुनाव में लोगों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने कोर कमेटी की बैठक में संकल्प पत्र समिति का गठन किया है जिसका संयोजक राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ को बनाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता सभी विधानसभाओं में जन आशीर्वाद संपर्क अभियान के तहत प्रवास करेंगे। कौशिक ने बताया कि केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव को प्रवास कार्यक्रम की संयोजक नियुक्त किया है। मोहन लाल कौशिक ने कहा कि आज कुरूक्षेत्र की पावन धरा से भाजपा ने म्हारा हरियाणा- नॉन स्टॉप हरियाणा रैली का शंखनाद किया है। ये रैलियां अब हरियाणा की 90 की 90 विधानसभाओं में होंगी। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जन आशीर्वाद से नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम बिलास शर्मा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल मौजूद रहे।

# बसपा-इनेलो कार्यकर्ता सम्मेलन सत्ता परिवर्तन का काम करेगा: वशिष्ठ

**पलवल।** 10 अगस्त को मोहना की अनाज मंडी में होने वाले बसपा-इनैलो के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पृथला बसपा के मुख्य प्रभारी सुरेंद्र वशिष्ठ ने पृथला विधानसभा के सागरपुर, जाजरू, फतेहपुर बिल्लोच, मांदकौल, नंगला जोगियान, दुधौला, शाहपुर खुर्द समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया और लोगों को कार्यकर्ता सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। इस मौके सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पृथला से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि आकाश आनंद, बसपा राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला, विशिष्ट अतिथि हरियाणा व पंजाब बसपा प्रभारी रणधीर सिंह बेनिवाल, बसपा प्रदेश अध्यक्ष के धर्मपाल तिगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी के अलावा बसपा व इनेलो के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

सुरेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि दोनों पार्टियों के बीच यह गठबंधन पहले भी प्रदेश में किया गया था, जिसके बेहतर परिणाम सामने आये थे, इस गठबंधन की बदोलत प्रदेश में पांच लोकसभा सीटों पर विजयी हासिल की थी।

# आंगनबाड़ी हेल्पर और वर्कर्स की मांगों को पूरा करेंगे: असीम



- महिला व बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि आंगनवाड़ी हेल्पर और वर्कर्स की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। आंगनबाड़ियों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की ओर से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

नन्यौला ने यह जानकारी सोमवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त श्रीमती पी अमनीत कुमार, निदेशक श्रीमती मोनिका मलिक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी हेल्पर और वर्कर्स के प्रमोशन से संबंधित मुद्दे को जल्द से जल्द निपटाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किराए के भवनों में चल रही आंगनवाड़ियों के बकाया पेमेंट्स का शीघ्रता से भुगतान करें। उन्होंने यह भी कहा कि खाना पकाने के लिए प्रयोग किए जा रहे गैस सिलेंडर और अन्य खाद्य पदार्थों में प्रयुक्त होने वाले मसालों आदि की खरीददारी का सरलीकरण करें ताकि आंगनवाड़ी वर्कर्स को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। गोयल नन्यौला ने आंगनबाड़ी से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का वित्तीय बजट अभी तक केंद्र सरकार से नही आया है,उसके लिए चिट्ठी लिखकर फॉलोअप करें ताकि आंगनवाड़ी के सुचारू संचालन में कोई परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने विभागीय कार्यों के लिए होने वाली मीटिंग में आने-जाने हेतु हेल्पर, वर्कर्स व सुपरवाइजर के टीए, डीए से संबंधित शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए।

# चार साल के बच्चे के 5 हत्यारों में नाबालिग को 10 साल व 4 को उम्र कैद

**गुरुग्राम।** वर्ष-2021 में गांव खलीलपुर में 4 साल के बच्चे की गोली मारकर हत्या करने व बच्चे के पिता को गोली मारने के आरोपियों को अदालत ने दोषी ठहराते हुए सोमवार को सजा सुनाई। कुल 5 दोषियों में शामिल एक नाबालिग को 10 साल का कठोर कारावास व 4 अन्य दोषियों को उम्र कैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि 16 जून 2021 को बच्चे के पिता के साथ पुरानी रंजिश में 4 साल के बच्चे की गोली मारकर उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी मां के साथ घर में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। गांव में पुरानी हवेली में बैठे उसी बच्चे के पिता को भी गोली मार दी गई थी। जिसमें वे बुरी तरह से घायल हो गये थे। इस घटना की सूचना पर पटौदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही बच्चे व उसके पिता को रेवाड़ी के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया। इस दौरान 4 साल के बच्चे भव्य को मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे के घायल पिता प्रवीन कुमार के पुलिस बयान तुरंत दर्ज नहीं कर पाई। प्रवीन कुमार की पत्नी भारती ने शिकायत देकर कहा कि शाम करीब 7:30 बजे वह अपने बेटे भव्य को पढ़ा रही थी।

# कुलपति ने जारी किया इनोवेटिव ट्रेड इन स्टैटिसटिक्स का ब्राउशर

- सांख्यिकी विभाग का 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 21 दिसंबर को

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इनोवेटिव ट्रेड इन स्टैटिसटिक्स, ऑप्टिमाइजेशन एंड डाटा साइंस विषय पर दिसंबर में सांख्यिकी विभाग द्वारा 21 से 23 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर को जारी किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए बधाई देते कहा कि तीन दिनों तक चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश व विदेशों से आए विद्वान सांख्यिकी में नवीन रूझानों, डाटा विश्लेषण, संग्रहण व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे जिसका लाभ शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को मिलेगा। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी अंतर्राष्टीय सेमिनार के लिए शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के निदेशक प्रो. एमएस कादियान व आयोजन सचिव डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने बताया कि इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएसपीएस) के 44वें वार्षिक सम्मेलन और इंडियन एसोसिएशन फॉर रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएआरएस) के 8वें सम्मेलन के संयोजन में इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

# सिद्ध बाबा भाऊनाथ जी के जन्मोत्सव पर समागम

**रोहतक/कुरुक्षेत्र।** सिद्ध बाबा भाऊनाथ जी के जन्म उत्सव के अवसर पर आज रोहतक के गांव में एक विशाल समागम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों नागरिकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के आयोजक रोड समाज के नेता राजकुमार पिंडारसी ने बताया कि इस समागम का शुभ आरारभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनीतिक सलाहकार रहे प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह तथा भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भाई कुलदीप नंबरदार ने किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र, रोहतक तथा अन्य शहरों के रोड समुदाय के हजारों नागरिकों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। वरिंदर सिंह तथा कुलदीप नंबरदार ने सिद्ध बाबा भाऊनाथ के बारे में जानकारी दी। राजकुमार पिंडारसी ने बताया कि सिद्ध बाबा भाऊनाथ ने पानीपत की तीसरी लड़ाई में भी योगदान दिया।

# साई में कीर्ति के जरिये खोजी जाएंगी खेल प्रतिभाएं: बाबू राम

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**

भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर कुरुक्षेत्र के इन्चार्ज बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण में अब खेलो इंडिया राईजिंग टेलेंट आईडिन्टीफिकेशन (कीर्ति)के माध्यम से खेल प्रतिभाओं की खोज की जाएगी। इस कीर्ति के लिए साई सेंटर कुरुक्षेत्र में 7 अगस्त से 9 अगस्त तक ट्रायॅल लिए जाएंगे और इसमें कुरुक्षेत्र जिले की सभी खेल प्रतिभाएं भाग ले सकती है।

साई इन्चार्ज बाबू राम रावल ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से खेल प्रतिभा खोज, है दम तो बढाओं कदम के लिए कीर्ति के तहत ट्रायल लिए जाएंगे। इसके लिए शैडयूल जारी किया गया है। इस शैडयूल के अनुसार 7 अगस्त को ऐथिलेटिक्स, 8 अगस्त को हॉकी और 9 अगस्त को कबड्डी और वॉलीवाल के लिए ट्रॉयल रखें गए है।

इन ट्रॉयल में 9 से 18 वर्ष आयुवर्ग के खिलाडी भाग ले सकेंगे। यह खिलाडी दस्तावेजों के साथ साई सेंटर कुरुक्षेत्र में सुबह 8 बजे रिपोर्ट करेंगे। इन ट्रॉयलों की तैयारियां साई प्रशासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से ग्रामीण आंचल की खेल प्रतिभाओं को तराशने का काम किया जा रहा है।

# खनन विभाग के अधिकारी भी कर सकेंगे चालान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993 के तहत चालान करने की शक्ति प्रदान करने के संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

# हत्या के 2 दोषियों को उम्र कैद की सजा

**गुरुग्राम।** चार साल पहले मदनपुरी कालोनी में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के दो दोषियों को अदालत ने उम्र कैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई है। इस मामले में पुलिस ने सभी साक्ष्यों को मजबूती के साथ अदालत में पेश किया और आरोपियों को दोषी करार दिलवाकर सजा दिलाई है।

# एमएसपी ने बदल दी हरियाणा प्रदेश की राजनीति

- मनोहर के तरकश से नायब ने चलाया एमएसपी का तीर, सीधे निशाने पर लगा
- विरोधी अब भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लगे
- 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने छीन लिया था विपक्ष से यह मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा में अब 24 फसलों की खरीद एमएसपी ( न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर होगी। ऐसा करने वाला वह देश का पहला राज्य बन गया है। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। जिसका असर तीन महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव में साफ तौर से नजर आएगा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र की विजय शंखनाद रैली में इसका एलान किया तो विपक्ष अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लग गया। एमएसपी ऐसा मुद्दा था जिसे 2019 के विधानसभा चुनाव में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल अपनी समझदारी से विपक्ष के हाथों से छिनने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार से कदमताल करते हुए अपने साढ़े 9 साल के शासन में कांग्रेस और इनेलो को विधानसभा के अंदर और सड़कों पर इस मुद्दे पर बैकफुट पर रखा। उन्होंने एमएसपी पर बजाय शोर मचाने के बेहद संजीदगी से काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने नवंबर 2023 में गन्ने के एमएसपी को 372 से बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया था। साथ ही 2024 के लिए भी गन्ने का एमएसपी 386 से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हुई। इतना ही नही फरवरी 2024 में बजट पेश करते हुए मनोहर लाल ने किसानों के कृषि ऋण पर ब्याज और लघु माफ करने की घोषणा कर दी। उनका इरादा किसानों को हर लिहाज से आर्थिक तौर पर मजबूत करना था। जिसे पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने भी सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है। किरण चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में किसानों के मसलों पर रणनीति का हिस्सा रही है और अब मनोहरलाल से प्रभावित होकर भाजपा में आ चुकी है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है की अप्रैल 2021 में भी मनोहरलाल ने किसानों के प्रति बड़ा दिल दिखाते हुए 10,769 किसानों को एक दिन की देरी से किए भुगतान पर ब्याज के रूप में 7,80,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया। साथ ही एलान किया की फसल खरीद का 72 घंटे में भुगतान न होने पर 9 फीसदी ब्याज मिलेगा। यह देश की पहली सरकार थी जिसने इस तरह का कदम उठाया है। वर्तमान में मनोहरलाल केंद्रीय मंत्री है लेकिन उनकी किसानों के प्रति भावनात्मक सोच को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 24 फसलों पर एमएसपी का एलान करके मजबूत कर दिया है। सीएम पद छोड़ने से पहले मनोहरलाल किसान संगठनों के साथ मिलकर 10 ओर अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद को लेकर काफी चर्चाएं कर चुके थे।


**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय गौतमबुद्धनगर**
**प्रोबेट पिटिशन नम्बर.-04 सन 2024**

रौतान सिंह पुत्र श्री शीशपाल सिंह मूला निवासी ग्राम नगला नारायण सिंह (नगला भटौना), जिला गौतमबुद्धनगर, हाल पताः शम्भूनगर, शिकोहाबाद फिरोजाबाद (उ.प्र.)
.....प्रार्थी

बनाम

रविन्द्र सिंह पुत्र शीशपाल सिंह निवासी हाल पता' म.नं. 135बी/1, कैलास नगर, पलवल हरियाणा-121103
....विपक्षी

हरगाह प्रार्थी ने आपके विरूद्ध स्व. जवाहर सिंह(मृतक) की वसीयत दिनांकित 24.12.2019 बावत बिल प्रोबेट दायर किया गया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि **20.08.2024 को वक्त 10:00 बजे** दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमं के हालात से करार वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का जबाब दे सके हाजिर हो, और जवाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी राज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 16 माह 07 सन 2024 का जारी किया गया।

**आदेशानुसार/प्रशासनिक अधिकारी**
**जनपद न्यायालय गौतमबुद्धनगर**

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, गौतमबुद्धनगर**
**सी.एन. आर. संख्या**
**प्रार्थना पत्र संख्या-111 सन्-2024**
**मिशिका बनाम जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर, व अन्य**
**धारा 8 हिन्दू उत्तराधिकार एवं संरक्षक अधिनियम 1956 सपठित धारा 29 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890**

मिशिका (उम्र लगभग 09 वर्ष) पुत्री स्व. भरत नागवानी द्वारा प्राकृतिक संरक्षिका माता स्वयं पिंकी पत्नी स्व. भरत नागवानी वर्तमान निवासी फ्लेट संख्या-1101 टावर-एच, समृद्धि ग्रेण्ड एवेन्यू प्लाट नं. डी वी जी एच-09डी टैकजॉन-4 ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौतमबुद्धनगर उ.प्र.।
.....प्रार्थीनी

बनाम

1.जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर, पता-सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर(उ.प्र.)।
2.दीपा पत्नी श्री नन्द किशोर
3नन्द किशोर पुत्र स्व. लाल चन्द निवासीगण सी.8/11, कृष्णा नगर गॉधी नगर ईस्ट दिल्ली
.....विपक्षी

हरवाद ने आपके विरूद्ध वाद योजित किया है जिसमें माननीय न्यायालय ने आपको उपस्थित होने के लिए आदेशित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख **13.09.2024** बक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो, और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाव दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबावदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 20 माह 07 सन 2024 का जारी किया गया।

**आदेशानुसार /प्रशासनिक अधिकारी**
**जिला जज महोदय गौतमबुद्धनगर**

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय गौतमबुद्धनगर**
**विविध सिविल वाद सं.-159 सन्-2024**

विहॉन अभिषेक रूस्तोगी, आयु 11 वर्ष, नाबालिग पुत्र स्व. श्री अभिषेक रूस्तोगी, निवासी सी-394, सुशानतलोक-2, वीटीसी, चकरपुर 74, उपजिला, फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) 122002 द्वारा प्राकृतिक संरक्षिका माता मिली अग्रवाल पत्नी स्व. श्री अभिषेक रूस्तोगी, पुत्री केवल कृष्ण अग्रवाल, आयु 41 वर्ष, निवासी सी-394, सुशानतलोक-2, वीटीसी, चकरपुर 74, उपजिला फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) 122002
.....प्रार्थी

बनाम

1.चिरंजीलाल रूस्तोगी पुत्र स्व. श्री मुसददीलाल रूस्तोगी, निवासी मार्श हाउस, सी-394, सुशान्तलोक-2, वीटीस, चकरपुर 74, उपजिला फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) 122002
2.श्रीमान जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर पता सूरजपुर ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)
......विपक्ष

हरगाह वादी ने आप विपक्षी के विरूद्ध अव्यस्क विहॉन अभिषेक रूस्तोगी की यूनिट/सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु विविध सिविल वाद संख्या-159 सन 2024 योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख **16.09.2024** बक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो, और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाव दे सकें, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईद अपनी जबावदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 24 माह 07 सन 2024 का जारी किया गया।

**आदेशानुसार /प्रशासनिक अधिकारी**
**जिला जज महोदय गौतमबुद्धनगर**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय, जनपद Posco 2 गौतमबुद्धनगर**
**विविध वाद सं.-136 वर्ष-2024**

अमुदुरी कोमल हर्षिताश्री आयु 10 वर्ष, पुत्री स्वर्गीय श्री वराहनागेश्वर राव तथा अमुदुरी कोडंडा गणेश्वर राव आयु 10 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय श्री वराहनागेश्वर राव द्वारा प्राकृतिक संरक्षिका/माता श्रीमती उमा देवी काता, निवासी हाउस संख्य 20.20.68, स्ट्रीट 4, नियर पैदातली टेम्पल, तुममालावा राजमहिन्द्रवरम (अर्बन), ईस्ट गोदावरी आंध्र प्रदेश-533104(Shreemati Uma Devi Katha, H.no 20-20-68, 4th street near paidithalli temple, tummalava, Rajamahendravaram (Urban), East Godavari, Andhra pradesh-533104)
.....प्रार्थीय

बनाम

1.उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर-ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)201310
2.श्री मनोहर राव अमुदुरी पुत्र स्वर्ग श्री अप्पा राव.ए निवासी हाउस संख्य 60-20-30/1, प्रकाश नगर मलकापुरम विशाखापत्तनम (अर्बन), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश 530011. (H.No.-60-20-30/1, Prakash Nagar, Malkapuram, Visakhapatnam (Urban), Visakhapatnam, Andhra Pradesh-530011)
......विपक्षिगण

हरगाह याचीगण ने आपके नाम एक विविध वाद बाबत आवासीय फ्लैट संख्या 543 ब्लॉक/टावर एफ, 5 फ्लोर, क्षेत्रफल 88.72 वर्ग मीटर (955 वर्ग मीटर), भूखण्ड संख्या GH 02 गौड़ अतुल्य, सेक्टर ओमिकोण 3, ग्रेटर नौएडा, औधोगिक विकास प्राधिकरण, जनपद गौतमबुद्धनगर में नाबालिगो का हिस्सा (वर्गमीटर) को विक्रय करने की अनुमति एवं प्राप्त धनराशि की एफ.डी. राष्ट्रीयकृत बैंक से बनाये जाने हेतु विपक्षिग्न के विरूद्ध, विविध वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख **04.09.2024** बक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो, और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाव दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईद अपनी जबावदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 19 माह जुलाई सन 2024 का जारी किया गया।

**आदेशानुसार /प्रशासनिक अधिकारी**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय जनपद Posco 2 गौतमबुद्धनगर**

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/ परिवार न्यायालय गौतमबुद्धनगर**
**प्रकीर्ण वाद सं.-63 सन्-2024**

मौ. आसिफ, आयु करीब 30 वर्ष, पुत्र स्व. नसरूददीन उर्फ नसफ-ग्राम अलियाबाद उर्फ मेंहदीपुर, निकट जामा मस्जिद, परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर।
.....प्रार्थी

बनाम

रिहाना, आयु करीब 32 वर्ष, पुत्री हाजी इस्लाम, निवासी-आमिर पुत्र हाजी इस्लाम का मकान, मैन रोड टॉवर, उत्तरांचल विहार, बेहटा हाजीपुर तहसील लोनी, गाजियाबाद, उ.प्र.।
......विपक्षीया

अन्तर्गत धारा-7 गार्जिन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 हरगाह प्रार्थी ने उक्त प्रकीर्ण वाद अंधारा-7 गार्जिन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 के तहत अवयस्क पुत्रियां कु. शिफू आशिका एवं पुत्र आरिस की अभिरक्षा प्राप्त करने हेतु याजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख **23.08.2024** बक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो, और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाव दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबावदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09 माह 07 सन 2024 का जारी किया गया।

**आदेशानुसार /प्रशासनिक अधिकारी**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय गौतमबुद्धनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

शहर और ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा की 18/2/2016 की माइग्रेशन नीति और उक्त नीति में किए गए संशोधनों के अनुसार, लाइसेंसधारी ने M/s. नेक्स्ट जेनरेशन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लाइसेंस संख्या 144 दिनांक 27/9/2022 के अंतर्गत विकसित की जा रही आवासीय भूखंड कॉलोनी (NILP-2016) की स्वीकृत लेआउट योजना को संशोधित करने का प्रस्ताव किया है। यह संशोधन लाइसेंस संख्या 144 दिनांक 27/9/2022 से 1.34375 एकड़ भूमि के माइग्रेशन और ताजे क्षेत्र 2.65625 एकड़ को मिश्रित भूमि उपयोग परियोजना में शामिल करने के कारण किया गया है। यह परियोजना ग्राम-हर्सरू, सेक्टर-88ए, गुरुग्राम की राजस्व संपदा में स्थित है।

विकासकर्ता कंपनी ने माइग्रेशन नीति के तहत आवेदन की गई 1.34375 एकड़ भूमि पर किसी भी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए हैं। यदि किसी आवंटी या किसी अन्य व्यक्ति ने लाइसेंस संख्या 144 दिनांक 27/9/2022 के अंतर्गत विकसित की जा रही आवासीय भूखंड कॉलोनी (NILP-2016) में भूखंड/इकाइयाँ बुक की हैं और उन्हें लाइसेंस संख्या 144 दिनांक 27/9/2022 की स्वीकृत मूल लेआउट योजना में उपरोक्त संशोधन पर कोई आपत्ति है, तो वे इस सार्वजनिक सूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

माइग्रेशन के अंतर्गत क्षेत्र को निकालने के कारण पहले से स्वीकृत लेआउट योजना और प्रस्तावित (अस्थायी/सिद्धांत में स्वीकृत) लेआउट योजना की प्रति हमारी कंपनी की वेबसाइट https://nextgenprojects.in, साइट कार्यालय और वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध कराई गई है।

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 06.08.2024

एसडी/-
अधोहस्ताक्षरी

# पश्चिम एशिया

## युद्ध का खतरा

**पश्चिम एशिया** में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है जहां हमास नेता की हत्या के बाद ईरान-समर्थित 'मिलिशिया' ने इस्राइल पर हमला किया है। ईरान-समर्थित मिलिशिया के इस्राइल के साथ टकराव के बाद दुनिया के प्रमुख अशांत क्षेत्रों में शामिल पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव लंबे समय से पश्चिम एशिया में तनाव का केन्द्र बिंदु रहा है जिसमें अनेक राज्य व गैर-राज्य कारक शामिल रहे हैं। हाल ही में वरिष्ठ हमास नेता की हत्या के बाद स्थिति में नाटकीय परिवर्तन आया है। इसने हिंसक प्रतिक्रिया और जवाबी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है। इस्राइल के खिलाफ आतंकी कार्रवाई को अंजाम देने वाले हमास नेता की हत्या एक गोपनीय कार्रवाई में हुई जिसकी जिम्मेदारी इस्राइल पर डाली जा रही है। हमास ने इसका बदला लेने की कसम खाई और जल्द ही इस्राइल के नागरिक इलाकों पर बड़ी संख्या में राकेट दागे। हालांकि, इस्राइल की 'आयरन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली ने इसमें से अधिकांश को मार गिराया। हवाई हमलों और राकेट हमलों के कारण दोनों पक्षों के अनेक लोग हताहत हुए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। लेबेनान और सीरिया से ईरान-समर्थित मिलिशिया के युद्ध में कूद जाने से स्थिति और जटिल हो गई है। लेबेनान के शक्तिशाली और ईरान-समर्थित शिया चरमंथी समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में अनेक राकेट हमले किए। इसी प्रकार सीरिया की अनेक मिलिशिया ने भी कार्रवाइयां तेज की हैं ओर वे इस्राइल के सैनिक ठिकानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों पर निशाना लगा रही हैं। इन मिलिशियाओं का हमास तथा अन्य फिलिस्तीनी समूहों से लंबे



समय से संबंध है और अक्सर उनको ईरान से वित्तीय, लाजिस्टिकल और सैनिक समर्थन मिलता है। वर्तमान समय में स्थिति की गंभीरता को ईरान द्वारा अपनी सीमावर्ती रणनीति के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है जो इस्राइली सैनिक प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है।

इसकी प्रतिक्रिया में इस्राइल ने अपनी सैनिक कार्रवाइयां तेज कर दी हैं। गाजा में हवाई हमले तेज तथा ज्यादा विनाशकारी हुए हैं और इनसे न केवल सैनिक ठिकानों, बल्कि सिविलियन ढांचागत संरचनाओं को भी निशाना बनाया गया है। उत्तरी इस्राइल में भी सैनिक गतिविधियां तेज हुई हैं। हताहत सिविलियनों की संख्या बढ़ रही है तथा गाजा में पहले से ही खराब स्थिति और खराब हुई है। वास्तव में पश्चिम एशिया में स्थिति अत्यन्त विस्फोटक है और किसी भी समय पूर्ण युद्ध के पूरे क्षेत्र में फैलने का खतरा बना हुआ है। यह समय किसी के 'सही' और 'गलत' होने का आंकलन का नहीं है, बल्कि तनाव घटाने के लिए सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ और सुरक्षा परिषद को फौरन कार्रवाई करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने का अनुरोध करना चाहिए। युद्ध रोकने में असफल रहने पर संयुक्त राष्ट्रसंघ का सम्मान गिरेगा और वह वर्तमान विश्व व्यवस्था में अप्रासांगिक हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समझाना चाहिए। अमेरिका ने इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है तथा पूर्ण युद्ध से बचने की चेतावनी दी है। यूरोपीय देशों ने भी ऐसी ही भावनायें व्यक्त करते हुए तत्काल युद्धविराम और शांति वार्ता बहाली का अनुरोध किया है। पश्चिम को युद्ध के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। ईरान ने हत्या की निन्दा करते हुए मिलिशियाओं द्वारा इस्राइल पर हमले को उचित ठहराया है। ऐसे में स्थिति पर नियंत्रण तथा जीवन व संपत्ति का विनाश रोकने के लिए तत्काल राजनयिक प्रयास होने चाहिए। दुनिया को बहुत देर होने से पहले कार्रवाई करनी चाहिए।

# पर्यटन की अधिकता से समस्या

दुनिया भर में पर्यटन की अधिकता एक बड़ी समस्या बन रही है। पर्यटकों की अधिकता से स्थानीय निवासियों तथा पर्यटन स्थलों पर काफी कठिनाइयां पैदा होती हैं।



**अर्चना दत्ता**
(लेखिका, दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)



**दुनिया भर** में पर्यटन की अधिकता एक बड़ी समस्या बन रही है। पर्यटकों की अधिकता से स्थानीय निवासियों तथा पर्यटन स्थलों पर काफी कठिनाइयां पैदा होती हैं। हाल ही में स्पेन के बार्सीलोना में पर्यटकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले हजारों निवासियों ने पर्यटकों से 'घर जाने' को कहा। उन्होंने विरोध में तख्तियां लहराते हुए बाहर खाना खाने वालों पर वाटर गन से पानी फेंका। वे इस बात से गुस्सा थे कि पर्यटकों की संख्या बढ़ने से महंगाई बढ़ी है तथा स्पेन के सर्वाधिक पर्यटक आने वाले स्थल पर सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव बढ़ा है। न केवल बार्सीलोना, बल्कि वेनिस में भी रोज आने वाले पर्यटकों को हतोत्साहित करने के लिए पांच यूरो 'प्रवेश शुल्क' लगाया गया है।

इसके पीछे उद्देश्य सीमित स्पेस में भीड़ से बचने तथा सार्वजनिक संसाधन बचाना है। जापान में भी माउंट फूजी को देखने से बचाने के लिए विशाल पर्दा लगाया गया है ताकि पर्यटकों को इस दर्शनीय स्थल पर भीड़ लगाने से रोका जा सके। अपने देश में कर्नाटक के चिकमंगलुरू में पुलिस ने पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के अराजक व्यवहार से बचाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। हालांकि, लोग शताब्दियों से यात्रायें कर रहे हैं और परंपरागत रूप से उनका आतिथेय देशों ने स्वागत किया है। भारत में पहले से 'अतिथि देवो भव' की भावना व्याप्त रही है जिसके अंतर्गत अतिथियों को देवता मान कर उनका स्वागत किया जाता है। पिछले वर्षों में पर्यटन के रूप में यात्रा एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र के रूप में उभरी है। वैश्विक हवाई कनेक्टिविटी में वृद्धि तथा प्राचीन स्थलों पर यात्रा के बढ़ते आकर्षण के साथ ही इंटरनेट से जुड़ी दुनिया में एडवेंचन व आराम के लिए पर्यटकों की संख्या में असाधारण वृद्धि हुई है। लेकिन अंततः इसके कारण स्थानीय लोगों में 'पर्यटक फोबिया' विकसित हुआ और उनको सामाजिक रूप से अस्वीकार किया जाने लगा। स्पेन तथा अन्य स्थानों पर यही हो रहा है।

2019 में 1.5 बिलियन अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया था जो पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक था। ऐसे में विश्व पर्यटन संगठन-डब्लूटीओ ने पर्यटकों की वृद्धि के प्रबंधन की बात कही क्योंकि 'पर्यटकों की इतनी भीड़ा का जिम्मेदारी से प्रबंधन कर दुनिया भर में समुदायों को पर्यटन का सर्वोत्तम लाभ दिलाया जा सके।' इस प्रकार पर्यटकों की वृद्धि को 'किसी क्षेत्र में आगंतुकों की अत्यधिक वृद्धि' के रूप में देखा गया 'जहां निवासियों को उनके नकारात्मक परिणामों का सामना करना पड़ता है। इनमें उनकी जीवनशैली में स्थाई परिवर्तन, नागरिक सुविधाओं तक पहुंच से इनकार तथा आम बेहतरी में कमी' शामिल हैं। इसके सामाजिक आयाम भी हैं जिनके कारण 'स्थान-व्यक्ति संबंधों में बाधा आती है तथा निवासियों के दृष्टिकोण में पर्यटन के प्रति बदलाव आता है।' अत्यधिक पर्यटन से शहरी जीवन 'ज्यादा दबाव व तनाव वाला' हो जाता है तथा महिलाओं को 'सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा की चिन्ता' पैदा हो जाती है। लेकिन वर्तमान समय में विमर्श मुख्यतः 'टिकाऊपन' के मुद्दे पर केन्द्रित है क्योंकि ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने वाले स्थल मुख्यतः संवेदनशील परिस्थितिकी तंत्रों में स्थित हैं। पर्यटन क्षेत्र द्वारा मुख्यतः पानी का भारी दुरुपयोग होता है जो मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन है। इससे क्षेत्र का जल चक्र प्रभावित होता है। जंजीबार में एक औसत परिवार प्रति दिन लगभग 93 लीटर पानी का उपयोग करता है, जबकि गेस्टहाउस में प्रति कमरे पर पानी का उपयोग लगभग 686 लीटर है जो 7 गुना अधिक है। शानदार पंच सितारा होटलों में यह उपयोग प्रति दिन 3000 लीटर से अधिक हो सकता है। यूरोप के लिए फलों और सब्जियों के मुख्य उत्पादक स्पेन को पानी उपयोग के लिए दो प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों से प्रतियोगिता करनी पड़ती है जिनमें पर्यटन और कृषि शामिल हैं। 2022 के एक अध्ययन में कहा गया था कि पानी की कमी से महिलायें सर्वाधिक प्रभावित होती हैं क्योंकि इससे उनके दैनिक कामकाज सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।

एक पर्यटक आमतौर से नए स्थान में जाने पर प्रति दिन औसतन एक से 12 किलो तक ठोस कचरा पैदा करता है जो वहां की स्थिति, आवास के प्रकार, व्यक्तिगत पसंद तथा ठहरने के चरित्र पर निर्भर करता है। यदि वर्तमान प्रवृत्तियां जारी रहीं तो पर्यटन के कारण 2050 तक ठोस कचरे में 251 प्रतिशत वृद्धि होगी। क्रूज़ शिप सर्वाधिक प्रदूषणकारी हैं और उनके कारण पैदा सीवेज से कोरल रीफ प्रभावित होती हैं। मैक्सिको के पर्यटन उद्योग के कारण कैरीबियन तट को खतरा पैदा हो गया है तथा प्रदूषण के कारण मेसेअमेरिकन रीफ के 80 प्रतिशत कोरल नष्ट हो गए हैं। 2023 में यूनान के लगभग 15 हजार जनसंख्या वाले सैटोनिनी द्वीप में लगभग 800 क्रूज़ शिप पहुंचे जिसके कारण कालेडेरा के निकट प्रदूषकों की पर्त जम गई। लेकिन इन सबके बावजूद पर्यटन एक आर्थिक शक्ति है। यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र-टीएंडटी को 2019 में गति मिली। उसने कुल रोजगार में 10 प्रतिशत या 334 मिलियन का सृजन किया तथा वैश्विक जीडीपी में 10.4 प्रतिशत या 10.3 ट्रिलियन डालर का योगदान किया। भारत में 2019 में टीएंडटी क्षेत्र लगभग 194.3 बिलियन डालर का था जिसने जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान किया तथा 40 मिलियन लोगों को रोजगार दिया। 2033 तक पर्यटन उद्योग के विश्व अर्थव्यवस्था में 11.6 प्रतिशत हिस्से की उम्मीद है। हालांकि, इस क्षेत्र में कार्यबल में महिलाओं का हिस्सा 54 प्रतिशत है, पर वे ज्यादातर कम कुशल, कम वेतन प्राप्त करती हैं और अक्सर अनौपचारिक क्षेत्र में हैं। अब कुछ शहरों ने पर्यटन को बाजार से अलग करने के लिए नये या संशोधित कराधान की व्यवस्था की है।

लेकिन पर्यटन की वृद्धि पर लगाम लगाना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। इससे वे स्थानीय अर्थव्यवस्थायें संकट में पड़ सकती हैं जो पर्यटन पर निर्भर हों। म्यांमार के 'मंदिरों वाले शहर' बागान में यही हुआ है। यहां लोग पर्यटकों के न आने के कारण दो वक्त की रोटी जुटाने में भी संकटों का सामना कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि म्यांमार आजकल गृह युद्धों का सामना कर रहा है। हालांकि, विनाशकारी पर्यटन विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक भी हो सकता है। 1987 में 'ब्रंडलैंड रिपोर्ट' में यह तथ्य रेखांकित करते हुए 'बेहतर भविष्य के लिए निर्माण' पर जोर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि हमें 'पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने' के आगे विचार करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने पर्यटन से जुड़ी सभी चीजों पर समग्र रूप से विचार का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने पूरे पर्यटन परिस्थितिकी तंत्र में जीवन्त व्यवस्थाओं की समग्र समझदारी की बात कहीं है क्योंकि सभी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हैं। इनमें सरकार, निजी क्षेत्र, स्वयंसेवी क्षेत्र तथा समुदाय शामिल हैं। पर्यटन उद्योग के कारण प्राकृतिक संसाधनों, जैसे पानी के अत्यधिक उपयोग तथा इसके कारण पैदा कचरे व पर्यावरण प्रदूषण पर गौर करते हुए पर्यटन उद्योग के लिए नए तरीके खोजने होंगे। पर्यटन और पर्यटकों के कारण स्थानीय निवासियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और दबावों पर गौर करना सबसे जरूरी है। इन स्थितियों को देखते हुए पर्यटन उद्योग को नए तरीकों और कार्यविधियों के अनुसार काम करना होगा। पर्यटन उद्योग को अब तक व्याप्त परंपरागत 'बनाओ, प्रयोग करो और फेंको' की रणनीति से अलग हटना होगा क्योंकि इसके कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ता है तथा प्रदूषण फैलने के साथ स्थानीय समुदायों में पर्यटकों के प्रति गुस्सा बढ़ सकता है। पर्यटन उद्योग को 'बनाओ, प्रयोग करो और फेंको' की एकरेखीय विनाशकारी माडल के स्थान पर स्वयं को एक ऐसी चक्रीय अर्थव्यवस्था के माडल में फिट करना होगा जहां 'पुनः प्रयोग और कचरा-रहित व्यवस्था' पर जोर देना होगा। विश्व पर्यटन संस्था के अनुसार समय आ गया है कि पर्यटन क्षेत्रों को पुनः सृजन के रास्ते पर चलते हुए अंतर-पीढ़ी समानता पर जोर देना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे पृथ्वी ग्रह की भावी पीढ़ियों को कोई कष्ट न उठाना पड़े।

# मानसिक शांति का समग्र दृष्टिकोण

> सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग और ध्यान निश्चित रूप से उनके अशांत मन के जालों को साफ कर देंगे और उनके प्राण को बढ़ाएँगे।

**रवि वलूरी**
(लेखक रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



**हाल ही** में मुझे अपने मोबाइल पर एक संदेश मिला, मैं भगवान कृष्ण का पुत्र हूँ, मैं तिरुमाला जाता रहता हूँ, फिर भी मैं ड्रग्स लेता हूँ। मैं क्यों पीड़ित हूँ? कृपया मेरी मदद करें! मेरा जवाब था, मनोचिकित्सक से मिलें, परामर्श लें और स्वास्थ्य के समग्र कार्यक्रम को अपनाएँ। लेकिन कॉल करने वाला असंतुष्ट रहा और मुझे ऐसे संदेशों की झड़ी लगाता रहा। यह व्यक्ति निश्चित रूप से दुख और भय की स्थिति में था। उसकी बैसाखी और जीवनरक्षक भगवान कृष्ण थे। कॉल करने वाले का मन खंडित और बहुत परेशान था। वह असंतुलन की स्थिति में लग रहा था पतंजलि योग सूत्र ने जीवन में दुखों के मूल कारणों के रूप में निम्नलिखित की पहचान की है- अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश। 1) अविद्या- यह ज्ञान की कमी या अज्ञानता के अलावा और कुछ नहीं है।

हमारे आस-पास की हर चीज लगातार बदलती रहती है। यह हमारी कोशिकाएँ, रक्त, पेट की परत और बाल हो सकते हैं। लेकिन हम बदलाव से बेखबर हैं। 2) अस्मिता- यह हमारी बुद्धि और हमारा स्व है। हम अपनी राय पर अड़े रहते हैं। कॉल करने वाला इस विचार पर अड़ा हुआ था कि वह भगवान कृष्ण का बच्चा है और वहीं पर रुका हुआ था। तिरुमाला। फिर भी वह नशीली दवाओं का सेवन कर रहा था। 3) राग - यह कुछ और नहीं बल्कि लालसा है। आम तौर पर लालसा अतीत के कुछ सुखद अनुभवों से उत्पन्न होती है।

इसका मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लेकिन ऐसे प्रभाव केवल हमारी इच्छाओं और दुखों को बढ़ाते हैं। 4) द्वेष - यह घृणा के अलावा कुछ नहीं है। घृणा लालसा के विपरीत है। यद्यपि यह लालसा से उत्पन्न होती है, लेकिन इसका आधार एक अप्रिय अनुभव है। यह अतीत में कुछ दुखद क्षणों या अवास्तविक अपेक्षाओं के कारण हो



सकता है जो साकार नहीं होती हैं। 5) अभिविवेश - यह अज्ञात का डर है। एक भावना जो हम सभी को प्रभावित करती है। केवल एक दिव्यदर्शी ऋषि तपस्या और तपस्या के माध्यम से इस बाधा को पार कर सकता है। भगवान कृष्ण का पुत्र होने का दावा करने वाला व्यक्ति स्पष्ट रूप से दर्द और पीड़ा में था। वह केवल वैज्ञानिक सहायता के माध्यम से परमानंद का अनुभव कर सकता था, अर्थात मनोचिकित्सक से परामर्श करना, उचित दवा लेना और एक कल्याण कार्यक्रम लेना।

परेशान व्यक्ति का मन आर्ट ऑफ़ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम या डर से लड़ने के लिए विपश्यना से गुजर सकता था। लेकिन वह दोनों में से किसी में भी शामिल न होकर पलायनवादी बना रहा। एक खंडित और पलायनवादी मन इसी तरह प्रतिक्रिया करता है। कॉल करने वाला व्यक्ति लगातार भागता रहा और अपरिहार्य को टालता रहा। वह बहाने और विकल्प खोजता रहता है। हमेशा नकारात्मकता और अज्ञानता की चादर मन को समस्या से लड़ने से रोकती है। पूरे प्यार, सावधानी और देखभाल के साथ मैंने उनसे कहा कि वे अपने मन से सभी नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए दिन में तीन बार 108 बार ओम नमः शिवाय का जाप करें और मैं खुश, स्वस्थ और शांत हूँ लिखकर सकारात्मक प्रतिज्ञान करें। यह कार्य भी प्रतिदिन तीन बार 108 बार करना था और तप को 41 दिनों तक जारी रखना था। यदि किसी कारण से कोई दिन छूट जाता है, तो प्रक्रिया को 41 दिनों तक दोहराएँ। मन को दिए जाने वाले ऐसे संकेत अत्यंत उपयोगी और शक्तिशाली होते हैं। तब मन सकारात्मकता पर प्रतिक्रिया करता है और नकारात्मक भावनाओं और मनोभावों को त्याग देता है। उन्होंने अभी तक मुझसे संपर्क नहीं किया है। संभवतः, उन्होंने तप की यात्रा शुरू कर दी है और उम्मीद है कि उन्हें अंधेरी सुरंग में समर्थन और प्रकाश की किरण मिल गई है। उनके इष्ट देवता, भगवान कृष्ण ने नकारात्मकता और अशुद्धता से जूझते हुए सुदर्शन चक्र चलाया। सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग और ध्यान निश्चित रूप से उनके अशांत मन के जालों को साफ कर देंगे और उनके प्राण को बढ़ाएँगे। नकारात्मकता को नष्ट करने के लिए ची या ऊर्जा। मैं 41 दिनों के खत्म होने का इंतजार कर रहा हूं ताकि वह खुश, स्वस्थ और शांतिपूर्ण हो सके और एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सके।

# आप की बात

## शांति की गारंटी

**ईरान,** हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। इजरायल ने अपने देश पर आतंकी हमले की योजना बना कर उसे क्रियान्वित करने वाले सर्वोच्च हमास नेताओं का सफाया किया है। लेकिन इसका खामियाजा इन देशों के बीच नए युद्ध की शुरुआत के रूप में पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। इसराइल के तेवर इतने सख्त हैं कि इस बार वह अपने देश के जन्म के समय से ही अस्तित्व पर संकट बनने वाली शक्तियों का सफाया करने पर आमादा है। हालांकि, इजरायल के अनेक नागरिक भी इन युद्धों से त्रस्त हो चुके हैं, पर वे अपने देश के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। इस्राइल को अपनी आत्मरक्षा का अधिकार है, लेकिन इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि गाजा में अनेक निरपराध बच्चे तक उसके हमलों में मारे गए हैं। इससे दुनिया का एक बड़ा हिस्सा इस्राइल का विरोधी हो रहा है। विश्वकी 80 प्रतिशत से अधिक जनता चाहती है कि दुनिया में किसी प्रकार का कोई युद्ध न हो। लेकिन इसके लिए स्वतंत्र फिलिस्तीन के साथ ही आतंकवाद व चरमपंथ से सुरक्षित इस्राइल को भी वैश्विक गारंटी की जरूरत है। इस्राइल व फिलिस्तीन के मित्र भारत का भी यही दृष्टिकोण है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## आरक्षण पर विमर्श

**सुप्रीम कोर्ट** का एससी-एसटी आरक्षण पर निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि हम इस पर बहस करें और इसके प्रभावों को समझें। आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक न्याय और समानता स्थापित करना है, लेकिन आज यह प्रणाली कुछ चुनौतियों का सामना कर रही है। आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुँच पा रहा है। देखा गया है कि शहरी और आर्थिक रूप से सक्षम लोग इस व्यवस्था का फायदा उठा रहे हैं, जबकि ग्रामीण और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों के लोग इससे वंचित रह जाते हैं। आरक्षण प्रणाली में धांधली और भ्रष्टाचार के कारण इसका उद्देश्य विकृत हो गया है। इसलिए एक सख्त और पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आरक्षण का लाभ केवल उन लोगों को मिले जो वास्तव में इसके हकदार हैं। इसके लिए एक स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन किया जा सकता है जो इस प्रक्रिया की नियमित समीक्षा करे। आरक्षण की प्रणाली का दुरुपयोग रोका जाए। आरक्षण एक अस्थायी उपाय है। इसका उद्देश्य समाज में समानता लाना है, न कि स्थायी रूप से वर्ग भेद को बढ़ावा देना। इस परिप्रेक्ष्य में आरक्षण की अवधि और उसकी समीक्षा आवश्यक है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

## बांग्लादेश में हिंसा

**बांग्लादेश** पिछले कुछ हफ्तों से हिंसा एवं आगजनी की चपेट में है। कहा जाता है कि वहां के बेरोजगार एवं युवा छात्र नियुक्तियों में मुक्ति संग्राम में शहीदों के परिजनों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ सड़कों पर थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण की सीमा बहुत कम करने के बाद हिंसा समाप्त हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लगता है कि आरक्षण के बहाने कुछ तत्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। हालिया हिंसा में कुल मिलाकर 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। अब हिंसक भीड़ आरक्षण के बजाय हसीना को सत्ता से बेदखल करने की मांग कर रही है। इस घटनाक्रम को देखते हुए शेख हसीना ने ऐसे तत्वों को आतंकी बताते हुए जनता से इनसे कठोरता से निपटने का आह्वान किया है। शेख हसीना के आह्वान से स्पष्ट है कि वे ऐसे तत्वों से केवल पुलिस व प्रशासन के बजाय सीधे जमीनी स्तर पर निपटना चाहती हैं। यह स्थिति बांग्लादेश के लिए खतरनाक होने के साथ ही भारत के लिए भी चिन्ताजनक है। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि बांग्लादेश में अराजकता व हिंसा बढ़ने के बाद भारत में 1971 की तरह एक बार फिर आप्रवासियों की बाढ़ आ सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## मोदी की रेटिंग

**अत्यंत हर्ष** की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रियता में दुनिया की नजर में एक बार फिर 69 अप्रूवल रेटिंग पाकर टॉप सितारे बन गए, किन्तु अफ़सोस कि देश में विपक्ष को वे जोगड़े ही नजर आ रहे हैं। तभी तो सारा विपक्ष उनके खिलाफ है और उन्हें हटाने के लिए कुछ भी करने के लिए एकजुट हो गया है। रोज-रोज मोदी पर किसी न किसी बहाने छींटाकशी करता रहता है। विडंबना है कि भारत की प्रगति की गति तेज करने तथा इसे निवेश का आकर्षक स्थल बनाने के कारण जिन नरेन्द्र मोदी की क़द्र दुनिया कर रही है उन्हें विपक्ष कमतर समझ रहा है। विपक्ष का यह व्यवहार एक पुरानी कहावत याद दिलाता है-घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव में सिद्ध। लेकिन मोदी विपक्ष की इस हायतोबा को अनदेखा कर अपने उस चुनावी वादे की याद दिला रहे हैं कि दस साल के काम तो ट्रेलर हैं और असली पिक्चर अभी बाकी है। मोदी सरकार पूरी तेजी के साथ काम कर रही है और उसकी स्थिरता को लेकर कोई खतरा नहीं है। हाल में अमित शाह ने कहा है कि मोदी 2029 में चौथी बार प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनेंगे।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# देश के कृषि सेक्टर का पॉवरहाउस है यूपीः मुख्यमंत्री

● कृषि और सहायक सेक्टरों का कायाकल्प करेगी यूपी एग्रीस परियोजना

● विश्वबैंक के सहयोग से शुरू होने वाली है 4000 करोड़ की नई परियोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** सेक्टर के कायाकल्प और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार 'कृषि विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम' (यूपी एग्रीस) की शुरुआत करने जा रही है। योजनांतर्गत न केवल फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नियोजित प्रयास होगा, बल्कि मूंगफली, मिर्च और हरी मटर जैसी फसलों के क्रॉप क्लस्टर और इनसे जुड़े उद्योगों के नए क्लस्टरों के विकास तथा निर्यात बढ़ोतरी का प्रयास भी होगा। सरकार न केवल किसानों को विभिन्न देशों में भेजकर नई तकनीक का प्रशिक्षण भी दिलाएगी, बल्कि कृषि सेक्टर का वित्त पोषण भी करेगी। विश्व बैंक की सहायता से शुरू हो रही यह परियोजना किसान, कृषक उत्पादक संगठन और कृषि उद्यमियों को हर संभव तकनीकी सहायता तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की सुलभता मुहैया कराएगी।

सोमवार को विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 187.70 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि के साथ उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जहां कुल उपलब्ध भूमि के 76 फीसदी पर खेती की जाती है। मैनपॉवर हो या कि शुद्ध जल की उपलब्धता अथवा विविध क्लाइमेटिक ज़ोन, उत्तर प्रदेश में हर वह पोटेंशियल है जो इसे देश के कृषि सेक्टर का पॉवरहाउस बनाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सिंचित भूमि का कवरेज भी 86 फीसदी से अधिक है। विगत 7 वर्षों में नियोजित प्रयासों से प्रदेश में विभिन्न फसलों की उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन अब भी बुंदेलखंड, पूर्वांचल तथा विंध्य क्षेत्र में बहुत कुछ किये जाने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश को 9 एग्रो क्लाइमेटिक ज़ोन का लाभ प्राप्त होता रहा है। इस नई परियोजना में इन क्लाइमेटिक ज़ोन के आधार पर फसल उत्पादन एवं अन्य कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश राज्य की कुल जनसंख्या में 40-40 प्रतिशत की भागीदारी रखते हैं, लेकिन जहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश के कृषि उत्पादन में 50 प्रतिशत का योगदान है वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश का योगदान मात्र 28 प्रतिशत है। इसी प्रकार, उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या का 7 प्रतिशत बुंदेलखंड में निवास करती है, जबकि कृषि उत्पादन में इस क्षेत्र का योगदान मात्र 5-5 प्रतिशत है। परियोजना अंतर्गत हमारा उद्देश्य हो कि चयनित क्षेत्रों में कृषि खाद्य प्रणाली को जलवायु सहिष्णु और व्यावसायिक रूप से विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना की जाए। कृषि में ऋण प्रवाह को बढ़ाने की आवश्यकता है, साथ ही कृषि एवं प्रसंस्करण में महिला समूहों की भागीदारी भी बढ़ने के प्रयास होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के तहत विशिष्ट उत्पादों के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का विकास, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ करने तथा बाजार मानकों के अनुरूप फसल की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास भी किये जाने चाहिए। परियोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ अब तक हुई वार्ता के अनुसार यह परियोजना 6 वर्ष की होगी। करीब 4000 करोड़ रुपए की इस परियोजना का सीधा लाभ कृषक, कृषक समूहों, मत्स्य पालकों और कृषि सेक्टर से जुड़ी एमएसएमई इकाइयों को होगा। यूपी एग्रीस परियोजना, पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 तथा बुंदेलखंड के 7 जिलों में संचालित की जाएगी। परियोजना के माध्यम से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष सहायता मिलेगी, जिनमें से 30 प्रतिशत महिला किसान होगी। इसके अतिरिक्त, 1 लाख से अधिक मछुआरे परिवारों को सहायता दी जाएगी।

# जनता की समस्याओं का संपूर्ण समाधान किया जाएः केशव मौर्य



● उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाए।

समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय - 7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।

जनता दर्शन में गौतमबुद्ध नगर, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, कानपुर देहात, आगरा, औरैया, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, अलीगढ़, प्रयागराज, बरेली, बस्ती जालौन, मिर्जापुर, फिरोजाबाद, बदायुं, जौनपुर, कौशाम्बी, अमेठी, देवरिया, सहारनपुर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, इटावा, बरेली सहित लगभग 3 दर्जन ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत आगरा, कानपुर नगर व देवरिया के जिला अधिकारी, पीलीभीत व हरदोई के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

## योगी सरकार मीरजापुर में बनाएगी जनजातीय संग्रहालय

**लखनऊ।** हाशिये पर रहकर वर्षों तक जीवन यापन करने वाले जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सरकार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में योगी सरकार के निर्देश पर अब अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मीरजापुर में जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। संग्रहालय के लिए जिला प्रशासन ने भूमि का चयन भी कर लिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अभी 15 जनजातियां निवास कर रही हैं। इनकी कला और संस्कृति काफी पुरानी है। इनकी विरासत को सहेजते हुए इसे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए संग्रहालय का निर्माण होगा। संग्रहालय में जनजातीय समुदाय से जुड़े खानपान को बढ़ावा देने के लिए फूड कोर्ट का भी निर्माण कराया जायेगा। जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यहां आउटलेट भी होगा। यहां पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री होगी और इससे समुदाय को आर्थिक स्वावलंबन भी प्राप्त होगा।

# भाजपा प्रत्येक विधानसभा में निकालेगी तिरंगा यात्राः भूपेन्द्र सिंह चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित



**भारतीय** जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला सम्पन्न हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष व हर घर तिरंगा अभियान के क्षेत्र व जिलों के संयोजको सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पार्टी मुख्यालय पर कार्यशाला के बाद पत्रकार वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देशवासियों के साथ मिलकर विगत वर्षों से देश भर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प की प्रतिबद्धता के साथ स्वतंत्रता दिवस को हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण में कहा कि 15 अगस्त का दिन अब दूर नहीं है और अब तो 15 अगस्त के साथ एक और अभियान जुड़ गया है, हर घर तिरंगा अभियान। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत रूपरेखा के लिए आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। पार्टी ने निर्णय लिया है कि 11, 12, व 13 अगस्त 2024 को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता निकालेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 12 से 14 अगस्त, 2024 तक पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस- पास स्वच्छता का कार्यक्रम चलायेंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके कृतज्ञ नमन करेंगे।

चौधरी ने कहा कि 13, 14 व 15 अगस्त को प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन-जन से सम्पर्क करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और विभाजन की त्रासदी पर चर्चा करेगी। इसके साथ ही पार्टी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस भी निकालेगी तथा विभाजन की विभीषिका पर प्रदर्शनी के माध्यम से भी नागरिकों के समक्ष चर्चा की जाएगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जिला केंन्द्रो पर संगोष्ठी करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी बड़े पैमाने पर जगह-जगह सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रत्येक बूथ के हर घर पर तिरंगा फहरे इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को प्रेरित भी करेंगे।

चौधरी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए जिला स्तर पर 6 से 7 अगस्त तक जिला कार्यशाला आयोजित की जायेंगी। इसके साथ ही 8 से 10 अगस्त तक मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को बनाया गया है। वहीं प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, विजय शिवहरे, बसन्त त्यागी तथा प्रदेश प्रवक्ता डा.समीर सिंह को अभियान का प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है।

इससे पूर्व हर घर तिरंगा अभियान की प्रदेश कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए बूथ स्तर तक कार्ययोजना बनाकर कार्य करना है। प्रत्येक कार्यक्रम से स्थानीय नागरिकों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराए इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध तरीके से जिम्मेदारी सौंपकर काम करना है। उन्होंने कहा कि समय से जिला व मंडलों की बैठकें सम्पन्न कर शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर अभियान को प्रारम्भ करना है।

# यूपी को सौर ऊर्जा से जगमग करेंगे 30 हजार 'सूर्य मित्र'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हर** घर सोलर पैनल लगाने के पीएम मोदी के विजन को उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ पूरा करने में योगी सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में भी 30 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाना है। अबतक 3 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। बता दें कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्किल्ड मैन पॉवर तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन के तहत सूर्य मित्रों को तैयार करने की योजना है, जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कुशल कारीगरों का सृजन हो सके।

दरअसल, फरवरी 2023 में पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत के बाद पूरे देश में 1 करोड़ सोलर रूफ टॉप लगाने का लक्ष्य है। वहीं पीएम मोदी द्वारा संकल्पित इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपनी ओर से प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का संकल्प लिया है। मौजूद आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 18 लाख से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, जबकि लगभग दो लाख घरों के लिए अप्लिकेशन भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं 10 हजार से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 'नेट बिलिंग/नेट मीटरिंग' की व्यवस्था लागू की है। यही नहीं प्रदेश के 10 लाख घरों पर रूफ टॉप लगाने के लिए यूपीनेडा को टाटा ग्रुप का भी साथ मिला है। फिलहाल वाराणसी से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इतने बड़े पैमाने पर सोलर रूफ टॉप लगने के बाद इस क्षेत्र में दक्ष युवा मैनपॉवर की आवश्यकता होगी, जिसे देखते हुए यूपीनेडा की ओर से ट्रेनिंग सेंटरों और जिलों के आईटीआई संस्थानों के माध्यम से 30 हजार सूर्य मित्रों के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार अबतक 3 हजार सूर्य मित्रों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है।

## ग्रेटर नोएडा में रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग व इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स की स्कीम लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की गति तेज कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को व्रन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लिए एक ओर तेजी से प्रयास जारी हैं, वहीं प्रदेश के नागरिकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं तक पहुंच बनाने के लिए भी योगी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में, ग्रेटर नोएडा में सीएम योगी के विजन अनुसार अब रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग व इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन के लिए नई स्कीम लेकर आई है। उल्लेखनीय है कि 19 रिहाइशी ग्रुप हाउसिंग व 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत रेजिडेंशियल स्कीम के तहत सेक्टर 18, सेक्टर 17 और सेक्टर 22डी में प्लॉट प्राप्त कर बिल्डर्स रेजिडेंशियल टाउनशिप डेवलप कर सकेंगे। वहीं, इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के तहत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर 20, सेक्टर 22ई व सेक्टर डी में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व नर्सरी स्कूलों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा लायी गई इन स्कीमों के अंतर्गत सितंबर महीने में सभी आवंटन प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं, सितंबर में ही यीडा द्वारा 361 रेजिडेंशियल प्लॉट्स के आवंटन का ड्रॉ भी निकाला जाएगा। दूसरी ओर, बैंक्वेट व मैरिज हॉल के लिए 3 प्लॉट्स के आवंटन के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत, 32,375 रुपए प्रति स्क्वायर मीटर के हिसाब से 19 रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसके जरिए बिल्डर्स के पास इसे वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज से युक्त टाउनशिप में विकसित करने का मौका होगा। इस दौरान 11,513.72 से लेकर 48,564 स्क्वेयर मीटर प्रसार वाले प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा।

# जनेश्वर मिश्र ने पूरा जीवन समाजवादी आंदोलन को बढ़ाया आगेः अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने स्व. मिश्र की आदम कद प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने पूरा जीवन समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने गैर बराबरी और जातीय भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने किसान, मजदूर, शोषित, वंचित हर वर्ग के लोगों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए आवाज उठाई। उनका पूरा जीवन संघर्ष का रहा। वे केन्द्रीय मंत्री रहे, ऊचांईयों पर पहुंचने के बाद भी उनका जीवन बेहद सादा और सरल रहा। दिल्ली में अपने घर के बाहर उन्होंने लोहिया के लोग नाम से तख्ती लगायी थी। 5 अगस्त को उनके जन्मदिन पर पूरे देश प्रदेश से लोग उन्हें बधाई देने के लिए उनके दिल्ली स्थित घर पहुंचते थे। अखिलेश सोमवार को लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क गोमतीनगर में समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनकी आदम कद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को स्व. मिश्र की जयंती प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के कार्यालयों में सादगी से मनाई गई।

# कांग्रेस ने पीलीभीत पुलिस पर पार्टी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का लगाया आरोप

● प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव गृह से मिलकर की निष्पक्ष जांच व एफआईआर निरस्त किए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को प्रमुख सचिव गृह से मिला और उनका ध्यान पीलीभीत पुलिस-प्रशासन की दोषपूर्ण कार्रवाई की ओर आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भाजपा सांसद, पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जाति पूछने संबंधी आपत्तिजनक बयान पर सुलतानपुर तथा पीलीभीत के कांग्रेसजनों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से किए गए विरोध प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसजनों पर मिथ्या आरोपों में फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है जो कि निहायती दुर्भाग्यपूर्ण तथा लोकतांत्रिक के मूल्यों के खिलाफ है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव संगठन प्रभारी अनिल यादव, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार तथा जनपद पीलीभीत के अध्यक्ष हरप्रीत पाल छब्बा शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रमुख सचिव गृह को बताया कि जनपद पीलीभीत में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों को गिरफ्तार किया गया था परन्तु स्थानीय राजनीतिक दबाव के कारण थाना कोतवाली पीलीभीत पुलिस द्वारा एक एफआईआर फर्जी तथ्यों के आधार पर अंकित कराई गई। जिसमें जनपद पीलीभीत के कांग्रेस पदाधिकारियों को नामजद किया गया तथा मार्ग अवरूद्ध कर आगजनी का प्रयास करने का फर्जी आरोप लगाया गया जबकि लगाये गये आरोपों के साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

# झांसी, ललितपुर और चित्रकूट बनेंगे ग्राउंड मांउटेड अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क का हब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 9 हजार एकड़ में विकसित किए जाएंगे सोलर पार्क, 32 गांव की जमीन की जा रही अधिग्रहित

**प्रदेश** में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार की पहल का असर दिखने लगा है। सिर्फ सिटी ही नहीं, बल्कि गांवों तक सोलर एनर्जी को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम बुंदेलखंड रीजन को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए प्रदेश सरकार सोलर पार्क विकसित कर रही है। इसमें झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में सबसे बड़े सोलर पार्क को 9 हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जहां पर 2 हजार मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इससे प्रतिवर्ष 4700 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इसके लिए 32 गांव की लक्षित भूमि को लीज पर लेने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 8 हजार से अधिक भूमि लीज पर अधिग्रहित की जा चुकी है यानी भूमि अधिग्रहण का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। वहीं योगी सरकार ने तीनों परियोजनाएं को दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया है। जानकारों की मानें तो निर्धारित लक्ष्य से पहले ही तीनों परियोजनाओं को शुरू कर दिया जाएगा। इसके जरिये 18 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

सीएम योगी के निर्देश पर बंदेलखंड के झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में ग्राउंड माउंटेड अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम उठाये जा रहे हैं। ललितपुर के जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 2700 एकड़ में सोलर पार्क विकसित करने के लिए अब तक 1317.80 एकड़ सरकारी और 1022.73 एकड़ निजी भूमि को चिन्हित किया जा चुका है।

# पांच एकड़ मेला क्षेत्र में बनेगा 'संस्कृति ग्राम'

महाकुंभ 2025

## वर्चुअल रिएलिटी के जरिए महाकुंभ का दर्शाया जाएगा महत्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने 13 जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे महाकुंभ मेले को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। महाकुंभ मेला-2025 को दिव्य-भव्य बनाने के लिए सीएम योगी के विजन अनुसार विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था, जिस पर विभिन्न विभागों द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में 5 एकड़ एरिया में संस्कृति ग्राम का निर्माण किया जाएगा। यह संस्कृति ग्राम कई मायने में विशिष्ट होगा और यहां 45 दिनों तक एक्जिबिशन समेत विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। खास बात ये है कि संस्कृति ग्राम में ऑग्युमेंटेड रिएलिटी (एआर) व वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) के जरिए महाकुंभ के विभिन्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहलुओं को दर्शाया जाएगा। इतना ही नहीं, महाकुंभ मेला क्षेत्र में 30 भव्य कॉन्सेप्च्युलाइज्ड गेट का भी निर्माण होगा जो कि त्रिशूल, स्वास्तिक, कल्पवृक्ष, डमरू समेत विभिन्न आध्यात्मिक थीमों पर बेस्ड होगा। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यूनेस्को द्वारा कुंभ मेले को मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर चिह्नित किया गया है, ऐसे में यहां दुनिया के 75 देशों से 25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है। यही कारण है कि आयोजन को इसी अनुपात में भव्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में भव्य संस्कृति ग्राम का निर्माण कराया जाएगा। संस्कृति ग्राम में 20 स्टॉल्स की एग्जिबिशन लगेगी जिसमें स्थानीय हस्तकला व शिल्प को तरजीह दी जाएगी। वहीं, संस्कृति ग्राम को ऑग्युमेंटेड रिएलिटी व वर्चुअल रिएलिटी का हब भी बनाया जाएगा। यहां महाकुंभ के पौराणिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया जाएगा। विभिन्न कालखंडों में महाकुंभ की यात्रा को इन माध्यमों से शोकेस किया जाएगा। संस्कृति ग्राम विभिन्न जोन में बंटा होगा जिसमें एंशियंट हेरिटेज व माइथोलॉजी, हिस्टोरिकल ट्रैवलर्स के विभिन्न आलेख, एस्ट्रोलॉजिकल साइंस, परफॉर्मिंग आर्ट्स व इंटरैक्टिव वर्कशॉप एरिया मुख्य होंगे। संस्कृति ग्राम में महाराजा हर्षवर्धन द्वारा कुंभ आयोजन के लिए दिए गए दान, एआर माध्यम से सभी स्थलों की विशेषता, उनके हिस्टोरिकल व कल्चरल कॉन्टेक्स्ट, 360 डिग्री वर्चुअल इमर्सिव एक्सपीरिएंस, टचस्क्रीन इंटरैक्टिव कियोस्क व मल्टीमीडिया डिस्प्ले, मोबाइल ऐप इंटीग्रेशन और लाइव स्ट्रीमिंग वर्चुअल टूर्स जैसे फीचर्स से लैस किया जाएगा। एग्जिबिशन स्थलों पर वेद, पुराण और चरक संहिता व प्राचीन ज्योतिषीय शास्त्रों को उल्लेखित किया जाएगा। इस दौरान भारत के प्राचीन विश्वविद्यालयों का भी जिक्र किया जाएगा। वहीं, मेन स्टेज पर क्लासिकल व फोक डांस व म्यूजिक की प्रतिदिन विशिष्ट प्रस्तुतियां होंगी। इसके अतिरिक्त, थिएट्रिकल परफॉर्मेंस, फूड स्टॉल्स, कुकिंग डेमॉन्सट्रेशंस, क्राफ्ट वर्कशॉप व डांस-म्यूजिक वर्कशॉप्स का आयोजन किया जाएगा। विजिटर्स के लिए इन्फॉर्मेशन सेंटर, गाइडेड टूर्स की सुविधा भी होगी। महाकुंभ मेला क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 30 भव्य द्वारों का निर्माण कराया जाएगा। इनके नाम महाकुंभ लोगो द्वार, त्रिशूल द्वार, स्वास्तिक द्वार, डमरू द्वार, शंख द्वार, महाकुंभ 2025 द्वार, सूर्य द्वार, देव दल द्वार, कमल द्वार, गदा द्वार, धनुष द्वार, गंगा द्वार, कौस्तुभ द्वार, कामधेनु द्वार, लक्ष्मी द्वार, ओम द्वार, नंदी द्वार, संगम द्वार, नाग वासुकी द्वार, शिवलिंग द्वार, चंद्र द्वार, कलश द्वार, सुदर्शन चक्र द्वार, 14 रत्न कथा द्वार, ऐरावत द्वार, कच्छप द्वार, कल्पवृक्ष द्वार, समुद्र मंथन द्वार, रुद्राक्ष द्वार व अश्व द्वार हैं। इन सभी द्वारों पर सेल्फी प्वॉइंट, लैंप पोस्ट व पोर्टेबल टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इन सभी द्वारों को थीम के अनुरूप निर्मित किया जाएगा जो इनके महत्व को दर्शाने के साथ ही टूरिस्ट अट्रैक्शन व फुटफॉल एरिया के तौर पर भी कार्य करेगा।

# कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण, लगाई फटकार

● कार्यालय में सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने वाले बाहरी व्यक्तियों पर मुकदमे के आदेश

● गैर हाजिर मिले कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोकने के दिए निर्देश



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी0 इंदुमती ने कलेक्ट्रेट स्थित रिकार्ड रूम, रजिस्ट्रार कार्यालय, एस.ओ.सी. कार्यालय, उप निबंधक कार्यालय, डूडा कार्यालय, नगर पालिका परिषद सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान रिकार्ड रूम के अन्दर अधिवक्ताओं व बाहरी व्यक्तियों के पाए जाने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की तथा आर.आर.के. दिनेश सोनी व ए.आर.के. सुभाष त्रिपाठी को कड़ी फ्टकार लगाते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी को दोनो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं तीन बाहरी व्यक्तियों लवलेश पुत्र रूद्रपाल, निवासी हरिहरगंज, आशुतोष पुत्र रामसागर निवासी पटेल नगर एवं अभिषेक पुत्र राम सागर निवासी पटेल नगर अवैध रूप से पाए गए। लवलेश एवं अभिषेक फोटोकॉपी मशीन के पास गोपनीय अभिलेखों से छेड़छाड़ करते हुए तथा आशुतोष द्वारा नकल बनाए जाने हेतु गोपनीय अभिलेखों, नकल रजिस्टर पर भी छेड़छाड़ करते हुए पाया गया, जिस पर एफआई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही अरेंजर खागा पर भी विभागीय कार्यवाही करने को कहा। बिंदकी तहसील से संबद्ध चपरासी राजेश के साथ बाहरी व्यक्ति बड़कू भी पाया गया। इन दोनो पर भी कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान उन्होंने रिकार्ड रूम के सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की एवं सभी पत्रावलियों के रख रखाव को देखा। एएसडीओ प्रभाकर त्रिपाठी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करे कि महत्वपूर्ण सरकारी पत्रावलियों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो तथा कोई भी बाहरी व्यक्ति रिकार्ड रूम में अन्दर न घुसने पाए। उन्होंने एआईजी स्टांप व चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्देशित किया कि कोई भी बाहरी व्यक्ति अनावश्यक रूप से कार्यालय में न बैठे और पटल सहायक अपने पटल पर समय से बैठकर पारदर्शिता के साथ कार्य करे। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पटल सहायकों से उनके कार्य के बारे में जानकारी की साथ ही सर्वेयर पद के कर्मचारी गैर जनपद के कार्य करते हुए पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने सर्वेयर पद पर तैनाती की पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित को दिए। कार्यालय में बिना अनुमति के बाहरी व्यक्ति न प्रवेश करने पाए। साथ ही प्राइवेट लोगो से कार्य न कराए। सभी पटल सहायक अपने कार्यों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता से करे। नगर पालिका परिषद सदर के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई जल कल, कर अनुभाग, प्रकाश अनुभाग, पीएम स्वनिधि अनुभाग आदि को देखा। मौके पर उन्होंने अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों यथा-रामगोपाल पाण्डेय, अजहर हुसैन, विजय कुमार, राजेश कुमार गौड़, इरफान अली सिद्दीकी का स्पष्टीकरण लेते हुए वेतन रोकने के निर्देश संबंधित को दिए।

## रिपोर्ट में हुआ खुलासा युवती की गला दबाकर की गयी थी हत्या

**राठ (हमीरपुर)।** रविवार को रहटिया गांव से एक किलोमीटर खेत की मेड़ पर एक युवती की हत्या कर शव झाड़ियों में मिला था। सोमवार को दो डॉक्टरों के पैनल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। युवती की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जलालपुर थाने के रहटिया गांव निवासी चरन सिंह की 22 वर्षीय पुत्री गायत्री रविवार को बकरियां लेकर पचखुरा रोड में गांव से एक किलोमीटर दूर गई थी। दोपहर के समय युवती का शव देव सिंह के मूंगफली के खेत की मेड़ पर पड़ा मिला था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। युवती की नाक से खून निकल रहा था और गले में दुपट्टा कसा हुआ था। मृतका के पिता ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया था। रविवार को युवतियों के का पोस्टमार्टम डॉ अखिलेश्वर बघेल डॉ अंजुल निरंजन के पैनल में हुआ। युवती के शरीर में कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यालयों एवं समस्त शिक्षण संस्थानों पर फहराया जाये तिरंगा

● समस्त सरकारी भवनों पर 13 से 15 अगस्त तिरंगा लाइटिंग की जायेः डीएम

● डीएम ने की हर घर तिरंगा अभियान, काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में बैठक, दिए निर्देश



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान, काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन के संबंध में बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत जनपद में ष्हर घर तिरंगा अभियान, काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। इसी के दृष्टिगत 13 से 15 अगस्त, 2024 के हर घर तिरंगा अभियान व 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे समस्त विभाग बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करे। विगत वर्षों की भांति हर घर तिरंगा कार्यक्रम में समस्त आवासित घरों, सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यालयों एवं समस्त शिक्षण संस्थानों पर तिरंगा फ्हराया जाए। आजादी का अमृत महोत्सव के स्मृति चिन्ह के रूप में सुरक्षित झंडों को इस वर्ष पुनः दिनांक 13.15 अगस्तए 2024 के मध्य संचालित हर घर तिरंगा अभियान में उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया जाए। झण्डों को पुनः उपयोग में लाने हेतु झण्डा संहिता का अनुपालन किया जाये। हर घर तिरंगा अभियान का व्यापक प्रचार.प्रसार करते हुए आमजनमानस को प्रेरित किया जाए। राशन की दुकानों, पेट्रोल पम्पो, घरेलू गैस विक्रय केन्द्रों, ग्राम पंचायत भवनों, तहसील, विकास खण्ड कार्यालयों, ऑगनबाड़ी केन्द्रोंए जनसुविधा केन्द्रों आदि में झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए साथ ही प्रचार. प्रसार कर झण्डा फ्हराने हेतु प्रेरित भी किया जाए।

## शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की काव्य गोष्ठी में व्यवस्था-हालात पर हुए कटाक्ष

**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने- निर्मल मन-वाणी करो,दो विद्या का दान।। कार्यक्रम को गति देते हुए कविता पढ़ी-हर। संकट में साथ दे,वह ही सच्चा मित्र। जीवन की बगिया सुभग, महकाये ज्यों इत्र।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने- भरत सरिस भाई नहीं, कलियुग माहिं लखात। राजपाट सब त्यागिकै,नंदी ग्राम रहात।। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने -दुर्लभ सच्ची मित्रता, प्रेम, स्नेह, अनुराग। स्वार्थ भाव किंचित नहीं, वांछित सच्चा त्याग।। शिव सागर साहू ने- पुरुष के दृढ़ विवेक से, भवबन्धन कट जाता है। आत्मा-परमात्मा का अंतर, उसी समय मिट जाता है।। सुन्दरम सोनी ने - कलियुग में कुछ मित्रगण, होते सर्प समान। मौका पा डस लें अगर, हर लें जीवन-प्राण।। प्रदीप कुमार गौड़ ने -सावन का शुभ मास है आया, शिव-शिव नाम जपन कर लो। शिव कारक, शिव ही उद्धारक, भक्तो, जरा जतन कर लो।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- बरसो बदरा,झूम- झूमकर बरसो। घूम -घूम, भू चूम- चूमकर बरसो।। थूम मचा दो, गर्जन-तर्जन से भर दो नभ-आंगन। दिग् दिगंत, अग-जग अनंत,बिहंसे मनभावन सावन।

# खीरी पहुंचे प्रभारी मंत्री, अफसरो की ली बैठक, जानी योजनाओं की प्रगति

● सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर करे कामः मंत्री



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले) एवं जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ सोरीश, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंहए एएसपी पवन गौतम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अफ्सर सरकार की नीतियोंए कार्यक्रमों एवं योजनाओं सहित अच्छे कामों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार कीजनकल्याणकारी योजनाओ को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं।

विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अफ्सरो से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत का शेड्यूल जाना और जनप्रतिनिधियों से क्रॉस चेक किया। एक्सईएनवार जाना कि गत माह कितने ट्रांसफार्मर फूंके और कितने 48 घंटे के भीतर परिवर्तित हुए। इसपर ईई विद्युत वितरण खंड प्रथम शैलेंद्र कुमार ने मोबाइल से उत्तर देने का प्रयास किया। इसपर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए बैठक से बाहर भेज दिया और उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। सीडीओ को निर्देश दिए कि जुलाई माह में जिले में शेड्यूल के सापेक्ष वास्तविक आपूर्ति कितनी हुई। इसे स्वयं चेक करे। बिजनेस प्लान में स्वीकृत कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अवश्य दें।

मंत्री ने डीएफ्ओ से वृक्षारोपण अभियान की प्रगति जानी। निर्देश दिए कि विधायकगण एवं एमएलसी से अनुरोध कर उनकी निधि से ट्रीगार्ड ले, और उनके क्षेत्र के किसी एक मार्ग पर उनकी मां की स्मृति और सौजन्य से पौध व ट्री गार्ड लगवाए। जेजेएम की समीक्षा के दौरान ईई वाईके नीरज ने परियोजनाओं की प्रगति बताइ। सीडीओ को निर्देश दिए कि अलग.अलग ब्लॉक की 10 परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें रिपोर्ट भेजें।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटे की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज एनएच-2 में सोमवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार मां-बेटे की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं भाई मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। कानपुर नगर के थाना महाराजपुर मोहल्ला गंगागंज निवासी श्रीकांत की 32 वर्षीय पत्नी सुमन अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र हर्ष व भाई पवन निवासी कुछैचा जिला हमीरपुर के साथ बाइक से जा रही थी। बताते हैं कि जैसे ही यह लोग शहर क्षेत्र के लोधीगंज एनएच-2 पर पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे मां-बेटे की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं भाई पवन मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग जाने में सफ्ल रहा। पुलिस ने शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के पति श्रीकांत ने बताया कि आज उसकी पत्नी के बड़े भाई के पुत्र की छठी थी जिस पर वह साले पवन के साथ मायके जा रही थी।

## क्विक न्यूज

### अंडरपास में जलभराव से आवागमन ठप

**मौदहा, हमीरपुर।** रेलवे के अंडर पास में जलभराव होने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित है जिससे छात्र.छात्राओं तीमारदारों व राहगीरों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वही रेलवे विभाग ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की है। कानपुर मानिकपुर रेलवे लाइन में जगह.जगह बने अंडर पासो में बरसात होने पर जल भराव इतना ज्यादा हो जाता है कि लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है वही रेलवे विभाग की ओर से क्षेत्र के कुछ लोगों को ठेका देकर जल निकासी का प्रबंध किया गया है लेकिन लापरवाही के चलते समय से अंडर ब्रिज में पानी भरा होने से से लोगों को कई किमी का चक्कर लगा जाना पड़ता है वहीं ग्रामीण मिट्ठू प्रजापत, रविंद्र, राजू, देशराज आदि ने बताया की जल भराव होने से बाइक, चार पहिया व टेंपो आदि निकलने पर गाड़ियां खराब हो जा रही और आने.जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।



### दो युवकों की ट्रक की चपेट में आकर मौत, एक गंभीर

**संडीला (हरदोई)।** गंगा के नानामऊ घाट से गंगाजल लाने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन युवक लकड़ी लादकर आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम मौलवीखेड़ा निवासी सत्यवान संडीला में मौसमी फ्लों का ठेला लगाता था। उसने अपने दोस्तों के साथ नानामऊ घाट से गंगाजल लाकर गांव के मंदिर में चढ़ाने की योजना बनाई। उसने ग्राम निवासी 20 वर्षीय शिवा तथा 22 वर्षीय छोटेलाल को साथ लिया और तीनों लोग बाइक पर सवार होकर घर से निकले। जब वे बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग पर पहुंचे तभी बांगरमऊ की ओर से युक्लिप्टस की लकड़ी लादकर आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। इस टक्कर में तीनों ही लोग लगभग 100 मीटर तक घिसटते चले गए। चूंकि यह दुर्घटना रात में 1030 बजे हुई इसलिए लोगों को जानकारी होने में समय लगा। इस बीच सत्यवान और शिवा की मौत हो गयी जबकि गंभीर रूप से घायल छोटेलाल को पुलिस ने उठाकर सीएचसी में भर्ती कराया। मृतक शिवम हरिद्वार के एक टेन्ट हाउस में काम करता था और एक सप्ताह पहले ही आया था। गांव के दो युवकों की एक साथ हुई मौत से गांव में हाहाकर मच गया है। पुलिस ने दोनों मृत युवकों का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें परिजन को सौंप दिया है जबकि घायल युवक को ट्रॉमासेंटर भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### गंगा स्नान करने गए युवक की डूबकर मौत

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कसेरूवा गांव निवासी मनोज कुमार पटेल का पुत्र अर्जित पटेल सावन के तीसरे सोमवार पर भोर पहर गंगा स्नान करने के लिए ओम घाट भिटौरा गया था। तभी गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। साथ में आए लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। गोताखोरों को उतारा। पांच घंटे बाद पास में ही अर्जित पटेल का शव विच्छेदन गृह भेज दिया।

### गंगा फिर चेतावनी बिंदु से 10 सेमी. ऊपर

**फर्रुखाबाद।** गंगा नें एक बार फ्रि उफान भरी है, जिससे वह चेतावनी बिंदु से फ्रि एक बार 10 सेमी. ऊपर आ गयीं हैं । गंगा में उफान आनें से निचले इलाकों के गांवों में फ्रि से बाढ़ का प्रवेश हुआ है। दरअसल गंगा में सोमवर सुबह जल स्तर 136.70 मीटर दर्ज किया गया। जबकि चेतावनी बिंदु 136.60 पर अंकित है। वहीं गंगा में नरौरा बांध से बीती रविवार शाम 128716 क्यूसेक पानी छोड़ा गया । वहीं बात करें रामगंगा नदी की तो उसका सुबह का जल स्तर 134.55 मीटर दर्ज किया गया। खो हरेली रामनगर से 5388 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### अमरनाथ सेवा मंडल ने अमरौधा के कालेश्वर में किया भंडारा

**पुखरायां। कानपुर देहात।** श्री बाबा अमरनाथ जी सेवा मंडल पुखरायां की ओर से सावन के तीसरे सोमवार को अमरौधा स्थित प्राचीन कालेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादात में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। 'जय बाबा अमरनाथ बर्फानी ! भूखे का अन्न प्यासे का पानी' का वैचारिक भाव लेकर श्री बाबा अमरनाथ जी सेवा मंडल पुखरायां की ओर से सावन के तीसरे को अमरौधा के सिद्धपीठ कालेश्वर मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे के आयोजक विनोद कुमार ओमर एवं दिनेश कुमार ओमर ने बताया कि बीते 17 साल से अमरौधा के कालेश्वर मंदिर में श्री बाबा अमरनाथ जी सेवा मंडल सावन की ओर से हर तीसरे सोमवार को भंडारा आयोजित किया जा रहा है। जिसका प्रचार प्रसार सावन के पहले सोमवार से शुरू किया जाता है। 17वां भंडारा सबेरे 8 बजे शुरू किया और पूर्वान्ह 4 बजे बंद किया गया।

## युवक ने ट्रेने के आगे कूदकर जान दे दी

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के व्यक्ति ने सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से शराब के नशे में मालगाड़ी के आगे कूद अपनी जान दे दी। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के हुसैनगंज निवासी उमाशंकर (38) पुत्र देवी दीन ने सोमवार की दोपहर बाद शराब के नशे में सिजनौडा रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंच कानपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी के आगे कूद अपनी जान दे दी। इस घटना की जानकारी होते ही मृतक के परजनों में कोहराम मच गया वह रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारने लगे वहीं कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पटल शुरू कर दी है। मृतक मेरठ में रहकर मजदूरी करता है पिता की मौत होने के कारण वह मौदहा आया हुआ था। वह अपने पीछे तीन पुत्रियां व एक पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# विधायक पूनम सॅखवार ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से भेंट की



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से भेंट करती विधायक पूनम संखवार व डा. संतोष सिंह चौहान

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सा पद्यति को रेगुलेट कराने को लेकर रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार व डाण् संतोष सिंह चौहान ने भेंट की। विधायक पूनम संखवार ने वीएस आर मेमोरियल मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोपेथी एण्ड हॉस्पिटल रसूलाबाद कानपुर देहात के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत कर उस समय वायदा करके गईं थीं कि अति शीघ्र इलेक्ट्रोपैथी मान्यता का विषय पर कालेज के डायरेक्टर डॉ. संतोष सिंह चौहान को लखनऊ ले जाकर स्वास्थ मंत्री से भेंट करवाएंगी। सोमवार भाजपा विधायक पूनम संखवार ने भेंट कराई।

# बाप-बेटी ने एसपी को शिकायती पत्र सौंप लगाई न्याय की गुहार

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बरेठर खुर्द गांव के रहने वाले बाप-बेटी ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पुन: गुहार लगाते हुए मकान पर अवैध तरीके से किये जा रहे कब्जे के पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए इस मामले में चौकी इंचार्ज द्वारा की गई एकतरफा कार्यवाही पर रोष जाहिर कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। बरेठर खुर्द गांव निवासी रहस बिहारी पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार ने पुलिस अधीक्षक को पुन: भाई से आपसी समझौते के तहत खरीदे गए मामले से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने भाई नित्य गोपाल की छोटी पुत्री श्वेता की शादी के लिए 01 लाख 30 हज़ार रुपए दिए थे, इसके एवज में उसके भाई नित्य गोपाल ने 17 अक्टूबर 2015 को आपसी समझौते के आधार पर नोटरी के जरिए अपना मकान उसे बेच दिया था। बताया कि श्वेता की शादी के करीब एक माह बाद ही नित्य गोपाल की मृत्यु हो गई थी। भाई की मृत्यु के कुछ दिन बाद ही श्वेता का अपने ससुराल वालों से विवाद हो गया जिसके चलते वह मायके आ गई और हम लोगों के साथ ही रहने लगी। बताया कि भतीजी की नियत मकान पर खराब होने लगी जिसके चलते 08 जुलाई 2024 को उसने एक मुकदमा सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां दाखिल कर दिया था।

बीती 29 जुलाई को उसकी भतीजी ने मकान में अवैध कब्जे की झूठी शिकायत पुलिस से की जिस पर खजुहा चौकी इंचार्ज भारत सिंह उनके पास आए और और अभद्रता करते हुए चोरी के झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देते हुए मकान खाली करने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि इसी बीच उसकी पुत्री अनुराधा बोलने लगी जिससे नाराज होकर चौकी इंचार्ज ने बाप-बेटी को झूठे मुकदमे में फ्साकर जेल भेजने की धमकी देते हुए गाली-गलौज किया और दोनों लोगों को जबरन घसीटते हुए अपने वाहन तक ले गए और फ्रि चौकी ले जाने के बाद कुछ देर बिठाया फ्रि बिन्दकी कोतवाली लेकर गए। पुलिस की सह पर गांव के ही अनिल गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता व हर्ष गुप्ता, श्वेता ने मिलकर उसके घर का ताला उस समय तोड़ दिया था जब वह पुलिस की हिरासत में थाने पर बैठे हुए थे। जब वह लोग थाने से घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुत्री ने 112 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची, किंतु कोई कार्रवाई न करते हुए वापस लौट गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए अनिल गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता, उसके पुत्र हर्ष गुप्ता, श्वेता गुप्ता के अलावा उनसे व उनकी पुत्री से अभद्रता करने वाले चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# सपा ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की मनाई जयंती




**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पृथक चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से मशहूर पंडित जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अपने समस्त समाजवादी साथियों के साथ सर्वप्रथम पंडित जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए, इसके उपरांत जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र ने सपा को हमेशा एक परिवार की तरह माना , कोई भी कार्यकर्ता चाहे वह किसी समाज का हो अगर उनके पास पहुंच जाता था तो उसकी समस्या का निवारण करके ही भेजते थे। सपा के संस्थापक रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी ने भी हमेशा जनेश्वर मिश्र की बात मानी। शमशाबाद के नगर अध्यक्ष अवधेश पांडे ने कहा की वह अपने ब्राह्मण समाज से अपील करते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के बहकावे में न आए उनका हित और उनकी समस्या का निवारण सपा ही कर सकती है इसलिए ब्राह्मण सपा और अखिलेश यादव से जुड़कर पार्टी को मजबूत करें।

जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि वह अपने नेताओं से अपील करते हैं की आने वाले चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर दमखम के साथ आज से ही लग जाए जिससे हम सरकार बनाने में कामयाब हो सके। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने कहा कि ब्राह्मणों का असली सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने किया, जिस प्रकार उप्र के विपक्ष की कुर्सी पर कई बार के विधायक रहे माता प्रसाद पांडे को बनाया उससे पीडीए के साथ-साथ अगड़े समाज को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ लेकर के चल रहे हैं। सपा कार्यालय पर मुजीब उल हसन, रूकमंगल सिंह, राजपाल सिंह यादव, विमलेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, धनपाल सिंह यादव, मुख्तार आलम, मो. इजहार खान जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, अमन चतुर्वेदी, अजय यादव, शिव शंकर शर्मा, विशाल यादव, अंकित यादव, अखिल कठेरिया, जितेंद्र यादव, मुजाहिद अंसारी, विजेंद्र सिंह यादव, दलवीर सिंह यादव, राकेश कुमार यादव ,अनमोल यादव, निजाम अंसारी, गौरव यादव आदि लोगों ने अपने विचार रखे।

# गला दबाकर हत्या करने वाले प्रेमी जोड़े को किया गिरफ्तार

**बांदा।** उप्र के बांदा में थाना अतर्रा क्षेत्र के बल्लान में 30.07.2024 को तालाब में बरामद हुए महिला के शव की घटना का थाना अतर्रा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा किया गया सफल अनावरण मृतका के पुत्री ने ही प्रेम.प्रसंग का पता चलने पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर 29/30.07.2024 की रात्रि को घर के बाड़े में सोते समय महिला की गला दबाकर की थी हत्या तथा पुलिस को भ्रमित करने के उदेश्य से शव को गांव से बाहर तालाब में दिया था फेंक। पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी अतर्रा/नगर गवेन्द्र पाल गौतम के निकट पर्यवेक्षण में थाना अतर्रा क्षेत्र में 30.07.2024 को तालाब में बरामद महिला के शव की घटना का थाना अतर्रा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सफ्ल अनावरण करते हुए महिला की गला दबाकर हत्या करने वाली उसकी पुत्री व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया, एक अन्य अभियुक्त फरार है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। 30.07.2024 को थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम चक्की पुरवा अंश बल्लान में एक महिला का शव तालाब में बरामद हुआ था जिसकी पहचान ग्राम बल्लान की रजुलिया उर्फ रजनिया पत्नी फूलचन्द्र के रुप में हुई थी। मृतका के पति फूलचन्द्र की तहरीर पर थाना अतर्रा पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। मृतका रजुलिया को अपनी पुत्री नीतू वर्मा के गांव के ही एक युवक अतुल आरख के साथ प्रेम.प्रसंग का पता चल गया था जिस पर रजुलिया द्वारा अपनी पुत्री नीतू को डांटा फ्टकारा व गाली गलौज की गयी जिस पर क्रुद्ध हो गयी और प्रेमी अतुल व एक अन्य साथी ददुआ के साथ मिलकर अपनी मां की हत्या की योजना बनायी।

# खंभा ना बल्ली, यहां 11 हजार की हाई टेंशन लाइट पर चलती है घरेलू बिजली



**लखीमपुर खीरी।** बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कारगुजारी के चलते कहीं ना कहीं संकट बना ही रहता है। मामला शिव कॉलोनी नहर रोड सिंचाई विभाग ऑफ्सि के पास का है। यहां बिजली विभाग द्वारा 11 हजार की हाई टेंशन लाइट के पोल पर ही घरेलू लाइट के तार को लटका दिया गया है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं बिजली विभाग अपना पल्ला झाड़ते हुए लोगों का सहयोग न मिलने की बात कह रहा है।

आपको बता दें कि इन दिनों पहले से ही बिजली समस्या बनी हुई है। आए रोज कहीं ना कहीं तार गिरने से दुर्घटनाएं हो रही हैंए तो कहीं तार बल्लियों पर झूलते हुए भी दिख जाएंगे, परंतु इस बार जो मामला सामने आया है वह मोहल्ला शिव कॉलोनी नहर रोड सिंचाई विभाग ऑफ्सि के पास का हैए यहां पर बिजली विभाग में लोगों के घर तक लाइट पहुंचने का जो तरीका बिजली विभाग ने निकाला हैए वह लोगों के हलक के नीचे नहीं उतर रहा है। दरअसल घरेलू लाइट को पहुंचाने के लिए बिजली विभाग ने जो केबल डाला है उसे हाई टेंशन लाइट के पोल पर ही टांग रखा है। इससे एक बड़ा खतरा भी सामने आ रहा है। इस मामले में जब एसडीओ एके चौरसिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए उस समय घरेलू लाइन को चलताऊ तौर पर हाई टेंशन पोल से रोका गया था और नए पोल के लिए प्रक्रिया की गईए परंतु यहां के लोग अपने घर के आगे पोल लगाने ही नहीं दे रहे हैंए वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैंए ऐसे में घरेलू लाइट को अलग से निकलना संभव नहीं हो पा रहा है। अगर लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा तो विभाग अपना काम नहीं कर पाएगा।

# सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं पूरा करेगी: मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश की संसद द्वारा पांच साल पहले आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त कर दिया गया था जो हमारे देश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। उन्होंने कहा, यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी। इसका मतलब था कि भारत के संविधान को इन स्थानों पर, संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप अक्षरशः लागू किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही उन महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, आदिवासियों और हाशिए के समुदायों को सुरक्षा, गरिमा और अवसर मिला जो विकास के लाभ से वंचित थे।उन्होंने कहा कि साथ ही इसने यह सुनिश्चित किया कि जम्मू एवं कश्मीर को भ्रष्टाचार से दूर किया जाए जिसने दशकों से इस पूर्ववर्ती प्रदेश को त्रस्त कर रखा था। उन्होंने कहा, मैं जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

## अनुच्छेद-370 निरस्त करने से लोगों को सशक्त बनाने में मदद मिली: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानो को निरस्त करने से हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए सशक्तिकरण का एक नया युग शुरू हुआ है और क्षेत्र में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। शाह ने अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किए जाने के पांच साल पूरे होने पर कहा कि क्षेत्र के युवाओ ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को गति दी है, जिससे शांति और समग्र विकास को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रयास सफल हुए है। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35ए को ऐतिहासिक रूप से हटाए जाने के पांच साल पूरे हो गए है। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख मे हाशिए पर पड़े वर्गों के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। अमित शाह ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया और क्षेत्र की आकांक्षाओ और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण की पुष्टि की।

## जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे:जी किशन रेड्डी



**आर एस पुरा** (जम्मू कश्मीर)। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे। रेड्डी ने केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू कश्मीर) के लोगों से विकास की गति बनाए रखने और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान और इसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। जम्मू कश्मीर में भाजपा के चुनाव प्रभारी रेड्डी जम्मू के बाहरी इलाके में बाना सिंह स्टेडियम में, अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने की पांचवीं वर्षगांठ पर अपनी पार्टी द्वारा आयोजित एकात्म महोत्सव रैली को संबोधित कर रहे थे। इस रैली में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ और भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना अन्य प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। रेड्डी ने कहा, विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे और हमें यकीन है कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाएंगे, क्योंकि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर और भीम राव आंबेडकर के संविधान को जम्मू कश्मीर तक विस्तारित करके राज्य में बदलाव लाए हैं।विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करने की बात कर रहे हैं, जिसने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जरिए जम्मू कश्मीर में केवल मौत और विनाश लाया है। उन्होंने कहा, लोगों को यह तय करना होगा कि वे जम्मू कश्मीर में कौन सी सरकार चाहते हैं, वह जो अनुच्छेद 370 को बहाल करने की बात कर रही है या भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार - जो जम्मू-कश्मीर को विकास, शांति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती है।

## कांग्रेस, पीडीपी ने जम्मू में मनाया काला दिवस

**जम्मू।** कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने सोमवार को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने की पांचवीं वर्षगांठ को काला दिवस के रूप में मनाया और जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर रैलियां कीं। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख विकार रसूल वानी ने काले कपड़े पहने हुए थे और एक रैली में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नेतृत्व किया। कार्यकर्ता काले झंडे लेकर आए थे। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए और जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा आगे बढ़ने से रोके जाने के बाद धरने पर बैठ गए। वानी ने कहा कि पांच अगस्त जम्मू-कश्मीर के इतिहास का सबसे काला दिन बन गया है। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, यह वह दिन है जिस दिन हमारे समृद्ध एवं खुशहाल राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया और इसका विशेष राज्य का दर्जा छीन लिया गया तथा इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया। हम इसे काला दिवस के रूप में मना रहे हैं और इस अन्याय के खिलाफ काले कपड़े पहनकर विरोध जता रहे हैं। इस बीच पीडीपी ने भी अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों के निरस्तीकरण की पांचवीं वर्षगांठ पर गांधीनगर में एक रैली भी आयोजित की। पार्टी महासचिव अमरीक सिंह और प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पीडीपी कार्यकर्ताओं ने काले बिल्ले पहने और भाजपा विरोधी नारे लगाते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को बहाल करने की मांग की। पुलिस ने उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर जाने की अनुमति नहीं दी, जिसके कारण उन्हें कुछ देर के लिए धरना देना पड़ा। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान वानी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस आश्वासन की आलोचना की कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद समाप्त हो जाएगा और उन्होंने सवाल किया कि क्या वास्तव में आतंकवाद का खात्मा हो गया है। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खात्मे के विपरीत आतंकवादी हिंसा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जम्मू क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में पचास सैनिक शहीद हुए हैं। इस बीच पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और कई अन्य क्षेत्रीय पार्टी नेताओं ने सोमवार को दावा किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों के निरस्तीकरण की पांचवीं वर्षगांठ पर कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें नजरबंद रखा गया है।

## ओबीसी सूची मामला: कोर्ट ने पश्चिम बंगाल से पिछड़ेपन पर परिणामात्मक आंकड़े तलब किए

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार से सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन तथा सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में पिछड़ी जातियों के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर परिणामात्मक आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा। पश्चिम बंगाल सरकार ने कई जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल किया था। उच्चतम न्यायालय ने उन निजी वादियों को भी नोटिस जारी किया, जिन्होंने 77 जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिन 77 जातियों को ओबीसी सूची में शामिल किया गया, उनमें ज्यादातर मुस्लिम हैं। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कई वर्गों को 2010 से दिए गए ओबीसी के दर्जे को 22 मई में खत्म कर दिया था और राज्य में सेवाओं और पदों में रिक्तियों के लिए इस तरह के आरक्षण को अवैध बताया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, ......(राज्य सरकार द्वारा दायर निर्णय के) स्थगन आवेदन सहित नोटिस जारी करें। पश्चिम बंगाल इस न्यायालय के समक्ष हलफनामा दायर करेगा जिसमें 77 समुदायों को ओबीसी का दर्जा देने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया की व्याख्या होनी चाहिए: (एक) सर्वेक्षण की प्रकृति (दो) क्या 77 समुदायों की सूची में किसी भी समुदाय के संबंध में आयोग (राज्य पिछड़ा समिति) के साथ परामर्श का अभाव था।

## भ्रष्टाचार मामले में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तारी से राहत देते हुए सोमवार को अग्रिम जमानत प्रदान की। सिंह ने दिसंबर 2011 में आठ दिनों में 954 करोड़ रुपए के कथित तौर पर।,280 रखरखाव अनुबंधों को जारी किया था।न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सिंह को प्रत्एक महीने की सात तारीख को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने और मुकदमे में सहयोग करने का निर्देश दिया। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कहा कि एजेंसी को आशंका है कि याचिकाकर्ता न्याय प्रक्रिया से बचकर विदेश भाग सकता है।सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कहा कि याचिकाकर्ता ने पहले ही अपना पासपोर्ट सीबीआई के पास जमा करा दिया है।पीठ ने कहा, पासपोर्ट जमा कराए जाने और उपरोक्त शर्तों के मद्देनजर हम यह उचित समझते हैं कि अगर पुलिस मामले के संबंध में याचिकाकर्ता (यादव सिंह) को गिरफ्तार करना चाहती है तो संबंधित अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार 50,000 रुपए के जमानत बांड और इतनी ही राशि के दो स्थानीय जमानती पेश करने पर उसे जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा।

## ढाबों पर मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश पर अंतरिम रोक बढ़ाई गई

### कांवड़ यात्रा मामला

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ाने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। विपक्षी दलों ने तीनों राज्यों की ओर से जारी इन निर्देशों को मुस्लिम समुदाय के खिलाफ तथा विभाजनकारी एवं भेदभावपूर्ण बताया था। उच्चतम न्यायालय के आदेश ने प्रभावी रूप से यह सुनिश्चित किया कि राज्यों के आदेशों के अनुपालन के बिना ही (कांवड़) यात्रा आयोजित हो जाए। हिंदू कैलेंडर के श्रावण महीने के दौरान शिवलिंगों पर जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा से पवित्र जल की कांवड़ लेकर आते हैं। कई श्रद्धालु इस महीने में मांस खाने से परहेज करते हैं और कई लोग तो प्याज और



लहसुन युक्त भोजन भी नहीं खाते। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ समय की कमी के कारण मामले की सुनवाई नहीं कर सकी, लेकिन अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया। एक पक्ष की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि वर्तमान में कांवड़ यात्रा जारी है, और श्रावण 19 अगस्त को समाप्त होगा। जब उन्होंने अदालत से शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया तो पीठ ने कहा कि एक तारीख तय की जाएगी, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि मामले की अगली सुनवाई कब होगी।उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्यप्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उज्जैन में भगवान शिव का प्रसिद्ध महाकाल मंदिर है। न्यायालय ने 22 जुलाई को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों द्वारा जारी निर्देशों पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

पीठ ने निर्देश दिया, ...हम यह उचित समझते हैं कि विवादित निर्देशों के प्रवर्तन पर रोक लगाने के लिए एक अंतरिम आदेश पारित किया जाए। दूसरे शब्दों में, खाद्य सामग्री विक्रेताओं (ढाबा मालिकों, रेस्तरां, खाद्य पदार्थ और सब्जी विक्रेताओं, फेरीवालों आदि) को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता हो सकती है कि वे कांवड़ियों को किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं। उसने कहा, लेकिन उन्हें अपने-अपने प्रतिष्ठानों में तैनात मालिकों और कर्मचारियों का नामापहचान प्रदर्शित करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार आदेश दिया गया है।

## लाडकी बहिण योजना महिलाओं के लिए लाभकारी है, भेदभावपूर्ण नहीं: हाईकोर्ट

**मुंबई।** (भाषा) बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की लाडकी बहिण योजना (लाड़ली बहन योजना) महिलाओं के लिए एक लाभकारी योजना है और इसे भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट नवीद अब्दुल सईद मुल्ला द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें इस योजना को रद्द करने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा कि सरकार को किस प्रकार की योजना बनानी है, यह न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर का मामला है। अदालत ने कहा, यह एक नीतिगत निर्णय है, इसलिए हम तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक कि किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन न हो। पीठ ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन कहा कि वह याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगा रही है। मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना के तहत 21 से 65 वर्ष आयु की उन पात्र महिलाओं के बैंक खातों में।,500 रुपए हस्तांतरित किए जाने की योजना



है, जिनके परिवार की आय 2.5 लाख रुपए से कम है। इस योजना की घोषणा राज्य के बजट में की गई थी। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि यह योजना राजनीति से प्रेरित है और वास्तव में यह सरकार द्वारा मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए शुरू की गई तोहफा योजना है। याचिकाकर्ता के वकील ओवैस पेचकर ने दलील दी कि करदाताओं के धन का इस्तेमाल ऐसी योजनाओं के लिए नहीं किया जाना चाहिए।हालांकि, उच्च न्यायालय की पीठ ने सवाल उठाया कि क्या अदालत सरकार के लिए योजनाओं की प्राथमिकताएं तय कर सकती है? पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मुफ्त और सामाजिक कल्याण योजना के बीच अंतर करना होगा। मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा, क्या हम (अदालत) सरकार की प्राथमिकताएं तय कर सकते हैं? हमें राजनीतिक पचड़े में न डालें...हालांकि यह हमारे लिए लुभावना हो सकता है। उन्होंने कहा, सरकार का हर फैसला राजनीतिक होता है। पीठ ने कहा कि एक अदालत के तौर पर वह सरकार से एक या अन्य योजना शुरू करने के लिए नहीं कह सकती। पेचकर ने दावा किया कि यह योजना महिलाओं के बीच भेदभाव करती है क्योंकि केवल वे ही इसका लाभ उठा सकती हैं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से कम है। इस पर उच्च न्यायालय ने सवाल किया कि 2.5 लाख रुपए प्रति वर्ष कमाने वाली महिला की तुलना 10 लाख रुपए प्रति वर्ष कमाने वाली महिला से कैसे की जा सकती है।उच्च न्यायालय ने कहा, यह कुछ महिलाओं के लिए लाभकारी योजना है।

## जमाकर्ताओं को 12 करोड़ की संपत्ति लौटाने का आदेश

**कोलकाता, ।** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने शहर के रोज वैली समूह द्वारा एक दशक से भी अधिक समय पहले कथित पोंजी धोखाधड़ी में ठगे गए निवेशकों को लगभग 12 करोड़ रुपए की संपत्ति वापस करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अदालत ने कुल 11,99,35,385.60 रुपए (लगभग 12 करोड़ रुपए) मूल्य की 14 सावधि जमाओं की पहचान की है, जिन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ के नेतृत्व वाली संपत्ति निस्तारण समिति (एडीसी) को सौंप दिया जाना है, ताकि वास्तविक दावेदारों को आनुपातिक आधार पर या समिति या अदालत के निर्देशानुसार वितरित किया जा सके। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ साल पहले धनशोधन रोधी कानून के तहत इन सावधि जमाओं को जब्त कर लिया था, जब उसने 2014 में रोज वैली ग्रुप, इसके चेयरमैन गौतम कुंडू और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले में मुकदमा अभी जारी है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में प्रावधान है कि अपराध की सुनवाई कर रही विशेष अदालत, धन शोधन में शामिल किसी भी संपत्तिपरिसंपत्ति को बैंकों सहित वैध हित वाले किसी तीसरे पक्ष के दावेदार को वापस कर सकती है।

## झरने में डूबने से छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री के भांजे की मौत

**कवर्धा** (छत्तीसगढ़। (भाषा) छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के 21 वर्षीय भांजे की कबीरधाम जिले में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कबीरधाम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विकास कुमार ने बताया कि जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र में रविवार शाम झरने में डूबने से तुषार साहू की मौत हो गई।

## पेज 1 का शेष

### बांग्लादेश...

रनवे पर भी फैल गए। शहर के धानमंडी इलाके में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र को नुकसान पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और एक सामुदायिक नेता ने बताया कि देश भर में चार हिंदू मंदिरों को मामूली नुकसान पहुंचा है। बंगबंधु स्मारक संग्रहालय - मुजीबुर रहमान को समर्पित, जिनकी 1975 में राष्ट्रपति के रूप में सेवा करते समय उनकी पत्नी और उनके तीन बेटों के साथ हत्या कर दी गई थी, को भी तोड़ दिया गया। हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना विदेश में होने के कारण इस हमले में बच गईं। इसके बाद हसीना ने भारत में छह साल निर्वासन में बिताए। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को हिंसा की इस भयावह घटना में हसीना के पति डॉ. वाजेद मिया का घर भी नहीं बचा। प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास गणभदन से प्रदर्शनकारियों के अंदर घुसने और सोफा तथा कुर्सियाँ लेकर चले जाने के असाधारण दृश्य सामने आए।एक व्यक्ति ने अपने बच्चे को ऊपर उठाया, सैकड़ों लोग ढोल बजाते हुए अंदर घुस आए और एक प्रदर्शनकारी ने मीडिया के सामने गर्व से घोषणा की कि उसने लाल लिपस्टिक लगाई है। उसने कहा, मैं इसे हमारे संघर्ष की याद के तौर पर रखूंगा, यह याद रखने के लिए कि हम एक तानाशाह से आज़ाद हुए हैं। वह यह लिपस्टिक लगाया करती थी। एक और युवक जो एक गमला लिए हुए था, ने कहा, यह आज़ादी है। मैं इस भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता।बांग्लादेश का झंडा गले में लपेटे एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह 35 साल का है और पिछले तीन चुनावों से वोट नहीं डाल पाया है। देश भर में उग्र भीड़ के साथ - ढाका की एक सड़क पर जला हुआ वाहन हिंसा की गवाही दे रहा है। राजधानी में अवामी लीग के कार्यालय में आग लगा दी गई। गृह मंत्री असदुज्जमां खान के घर में तोड़फोड़ की गई। और प्रोथोम एलो के एक रिपोर्टर ने कहा कि जब कई लोग मुख्य न्यायाधीश के आवास में घुसे तो चीख-पुकार और तेज़ आवाज़ें सुनी जा सकती थीं। हिंसा सिर्फ़ ढाका तक सीमित नहीं थी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी शहर सिलहट में डिप्टी कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों में कथित तौर पर आग लगा दी गई, जबकि कई पार्षदों के घरों पर हमला किया गया।

### एनएसए...

एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को निलंबित करने की घोषणा की है। सोमवार शाम को हसीना का सी-130 विमान हिंडन एयरबेस पर उतरा। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही उनका विमान भारतीय वायु क्षेत्र में दाखिल हुआ, भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ान भर ली और कुछ देर तक उस पर नजर रखी। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि सैन्य परिवहन विमान उन्हें भारत से आगे ले जाएगा या वह किसी दूसरे विमान से लंदन जाएंगी। हसीना अपनी बेटी साइमा वाजेद से भी मिल सकती हैं, जो दिल्ली में रहती हैं। वाजेद दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय निदेशक के रूप में काम कर रही हैं। सूत्रों ने बताया कि ढाका के अनुरोध के बाद भारत ने हसीना के विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने का फैसला किया। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली ढाका में तेजी से हो रहे घटनाक्रम पर करीब से नजर रखे हुए है। बताया जा रहा है कि हसीना को जल्द ही नई दिल्ली में एक सुरक्षित घर में ले जाया जाएगा, जहां वह कुछ दिनों तक रहेंगी। ढाका में बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और एक अंतरिम सरकार जिम्मेदारी संभाल रही है। उन्होंने टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा, मैं (देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। कृपया सहयोग करें।

### पश्चिम बंगाल...

(बदला हुआ नाम) की हालत ज्यादा दयनीय है। उनके चाचा सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य हैं और पबना जिले में कहीं पंचायत सदस्य रह चुके हैं, उनके पास कई एकड़ जमीन और मछली पालन है। लेकिन अब पिछले कई दिनों से उनका फोन बंद है, वे कॉल नहीं उठा रहे हैं। हमने सुना है कि पबना में कुछ लोग मारे गए हैं। हमने उन्हें पिछले महीने की शुरुआत में भारत चले जाने को कहा था, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी, मुझे चटगांव में अन्य रिश्तेदारों ने बताया है लेकिन वर्तमान में अगरतला में हैं। अब कट्टरपंथी बदला लेने का अभियान शुरू करेंगे, मेरी 90 वर्षीय दादी जो हमारे साथ रहती हैं, बहुत तनाव में हैं। ट्रेन और बस सेवाओं के अस्थायी रूप से बंद होने से बांग्लादेश से आए मेडिकल पर्यटक भी खुद को कोलकाता में फंसा हुआ पा रहे हैं। ढाका निवासी और कॉलेज शिक्षक ने कहा, मैं अपनी मां के हृदय रोग का इलाज कराने आया था, मैं पिछले एक पखवाड़े से यहां हूं। मैं इलाज के लिए आता रहता हूं लेकिन इस बार मैं यहां फंस गया हूं। मेरा बटुआ दिन-ब-दिन हल्का होता जा रहा है जबकि खाता भरने के लिए मैं ढाका में अपने रिश्तेदारों से संपर्क नहीं कर सकता। मैं बहुत संकट में हूं। दक्षिण कोलकाता में रूबी मोड़ के पास एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए कोलकाता आए बांग्लादेश के एक अन्य निवासी शाहरियार जोएल बुलबुल ने कहा कि उनके पिता हृदय रोगी हैं और जेसोर में अकेले हैं। उन्होंने कहा, हम प्रगतिशील लोग हैं और हमने कभी कट्टरपंथियों का समर्थन नहीं किया, इसलिए कुछ लोग हमसे नाराज हैं। मेरे पिता एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं और अब अकेले हैं, मुझे उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है, मेरे रिश्तेदार वहां पास में रहते हैं लेकिन मैं उनसे संपर्क नहीं कर पाने से बहुत चिंतित हूं। इस बीच, केंद्र ने सोमवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पूर्वी पड़ोसी देश में अशांति के मद्देनजर व्यक्तिगत रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, बालुरघाट से लेकर रायगंज, मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया और 24 परगना के नदी मार्गों तक सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### एलजी के...

उच्चतम न्यायालय ने पहले कहा था कि उपराज्यपाल को एल्डरमैन नामित करने की शक्ति देने का मतलब यह है कि वह लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित एमसीडी को अस्थिर कर सकते हैं, क्योंकि इन एल्डरमैन को स्थाई समितियों में नियुक्त किया जाता है और उनके पास मतदान का अधिकार होता है। न्यायालय ने पिछले साल 12 मई को कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में 10 एल्डरमैन नामित करने के मामले में दिल्ली सरकार की मंत्री परिषद की सलाह माननी होती है।

### दो दिन....

परमहंस रामचन्द्र दास महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उसके बाद दिगम्बर अखाड़ा में ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अयोध्या से अम्बेडकरनगर के लिए रवाना होंगे।

### घटिया...

अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं। बदनीयत लोगों का इस तरह की घटनाओं का राजनीतिकरण करने का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होना चाहिए। इस कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे क़ानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है।

### अवैध...

गठित विशेषज्ञ पैनल चिंताओं को दूर करने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। हालिया मसौदा अधिसूचना में नामित करने के प्रस्ताव शामिल हैं केरल में 9,993.7 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 13 गांव पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील हैं। वायनाड के ये 13 गांव हैं - मनंतावडी तालुका में पेरिया, थिरुनेल्ली, थोंडरनाड, थ्रिस्सिलरी, किदंगनाड और नूलपुझा, तथा व्यथिरी तालुका में अचूरनम चुंडेल, कोट्टापडी, कुन्नाथिदवका, पोझुथाना, थारियोड और वेल्लारीमाला। वैज्ञानिकों ने इस आपदा को वन आवरण में कमी, खनन और जलवायु परिवर्तन से जोड़ा है। इस मसौदे में पश्चिमी घाट के कुल 56,825.7 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के क्षेत्र शामिल हैं।

# विपक्ष वक्फ अधिनियम में संबंधी विधेयक का विरोध करेगा

भाषा। नई दिल्ली



**विपक्ष** के कई नेताओं ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार समाज में विभाजन पैदा करने के लिए वक्फ अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक लाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इससे जुड़े विधेयक का पुरजोर विरोध करेंगे। भाजपा के कई नेताओं ने इस संभावित कदम का दृढ़ता से बचाव किया और इस बात पर जोर दिया कि मोदी सरकार ने हमेशा हर क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के इरादे से काम किया है।सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन करने के लिए संसद में एक विधेयक लाने वाली है ताकि इनके कामकाज में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके तथा इन निकायों में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी हो सके। वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने वाला विधेयक वक्फ बोर्ड के लिए अपनी संपत्तियों का वास्तविक मूल्यांकन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारियों के पास पंजीकरण कराना अनिवार्य कर देगा। देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद में वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक का विरोध करेगी। यादव से पूछा गया कि मोदी सरकार के वक्फ अधिनियम में संशोधन से संबंधी विधेयक को लेकर उनकी क्या तैयारी है? तो सपा नेता ने कहा, हम लोग इसके (वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक) खिलाफ रहेंगे। उन्होंने कहा, भाजपा के पास हिंदू-मुस्लिम करने या मुसलमान भाइयों के अधिकारों को छीनने के अलावा कोई काम नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा, इन्होंने (मोदी सरकार) पहले एंग्लो इंडियंस का अधिकार छीना। लोकसभा और विधानसभा में एंग्लो इंडियंस की एक सीट हुआ करती थी। उनका अपना प्रतिनिधित्व था, लेकिन इन्होंने फर्जी जनगणना करा ली और एंग्लो इंडियंस की सीट छीन ली। आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर ने कहा कि सरकार का यह कदम गलत इरादे से उठाया गया है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अगर ऐसा कोई कानून आता है तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। हम समान विचारधारा वाले दलों से भी बात करेंगे। बशीर ने कहा, अगर सरकार विधेयक पर आगे बढ़ती है तो उसे कड़े विरोध के लिए तैयार रहना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बजट पर चर्चा से भागना चाहती है और इसलिए वक्फ का मुद्दा लेकर आई है। उन्होंने कहा, जब तक इसे संसद में पेश नहीं किया जाता, मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सांसद अमरा राम ने कहा कि भाजपा विभाजनकारी राजनीति में विश्वास करती है और वक्फ बोर्डों को मजबूत करने के बजाय वे उनमें हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने अल्पसंख्यकों को शिक्षा और रोजगार प्रदान करने के बजाय हमेशा उनके अधिकारों पर हमला किया है।

## गरीब मुसलमान वक्फ संपत्तियों के विनियमन को पारदर्शी बनाने की लगातार मांग कर रहे हैं : रीजीजू



**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन के लिए संसद मे विधेयक पेश किए जाने की संभावना के बीच, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि वक्फ संपत्तियो के नियमन को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए आम मुसलमानो द्वारा लगातार मांग की जा रही है। हालांकि, उन्होने पत्रकारों के साथ अपनी संक्षिप्त बातचीत के दौरान विधेयक पर कोई टिप्पणी नही की। हाल मे केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए गए इस विधेयक को अबतक संसद मे पेश नही किया गया है। रीजीजू ने कहा, लंबे समय से गरीब और आम मुसलमानो, जिनमे महिलाएं भी शामिल है, की ओर से वक्फ संपत्तियो को अधिक पारदर्शी और कार्यकुशल बनाने के लिए लगातार मांग की जा रही है। सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून मे संशोधन करने के लिए संसद मे एक विधेयक लाने वाली है ताकि इनके कामकाज मे अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके तथा इन संस्थाओ मे महिलाओ की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वक्फ अधिनियम, 1995 मे संशोधन करने वाला विधेयक वक्फ बोर्ड के लिए अपनी संपत्तियो का वास्तविक मूल्यांकन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारियो के पास पंजीकरण कराना अनिवार्य कर देगा। देश मे 30 वक्फ बोर्ड है। सूत्रो ने बताया कि सभी वक्फ संपत्तियो से प्रति वर्ष 200 करोड़ रुपए का राजस्व आने का अनुमान है। उन्होने कहा कि हालांकि यह वक्फ के पास मौजूद संपत्तियो की संख्या के अनुरूप नही है।

## वक्फ की स्थिति को बदलने वाला कोई भी संशोधन स्वीकार्य नहीं : जमीयत

भाषा। नई दिल्ली

**प्रमुख** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने सोमवार कहा कि वक्फ की स्थिति में बदलाव करने वाले किसी भी संशोधन को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों में जानबूझकर हस्तक्षेप कर रही है। उन्होंने एक बयान में दावा किया, यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि संशोधनों द्वारा केंद्र सरकार वक़्फ संपत्तियों की स्थिति को बदल देना चाहती है ताकि उन पर कब्जा करके मुस्लिम वक़्फ की स्थिति को समाप्त करना आसान हो जाए। मदनी ने कहा कि ऐसे किसी संशोधन को स्वीकार नहीं किया जा सकता जिससे वक़्फ की स्थिति बदल जाए।

## मणिपुर में 59,564 लोग विस्थापित 11,133 घर खाक हो गए : सीएम

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में हुई हिंसा में 59,564 लोग विस्थापित हुए है और इस दौरान हुई आगजनी में 11,133 घर जलकर खाक हो गए है। कांग्रेस विधायक के रंजीत के सवाल का जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि राज्य मे हुई हिंसा के दौरान आगजनी में 11,133 घर जलकर खाक हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि एक परिवार, एक लाख योजना के तहत 2,792 लोगों के बैंक खातों में पहली किस्त के तौर पर 25,000 रुपए का भुगतान किया गया है। सिंह ने कहा कि कांगपोक्पी जिले में 2,156 और बिष्णुपुर जिले में 512 बैंक खातों में यह राशि भेज दी गई है। उन्होने कहा कि शेष राशि भी जल्द ही भेज दी जाएगी।

## सोलर प्रोजेक्ट में उभरी लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्री

**नोएडा ।** नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष ध्यान देने वाले अग्रणी समूह लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीएनईडीए) की महत्वाकांक्षी सौर पहल के तहत 50 मेगावाट की क्षमता हासिल की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी/ अर्ध-सरकारी इमारतों और अन्य संस्थानों के भवनों पर नेट मीटरिंग के आधार पर आरईएससीओ मॉडल के तहत 500 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी रूफ टॉप सौर परियोजनाएं (सोलर प्रोजेक्ट्स) स्थापित करने के लिए यूपीएनईडीए की परियोजना के लिए निविदा आमंत्रित किया था। इस निविदा में लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज शीर्ष दावेदार के रूप में उभरी और 4.90 प्रति यूनिट की दर से 50 मेगावाट क्षमता हासिल की। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने दिसंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 50 मेगावॉट का टेंडर हासिल करने में सफलता प्राप्त की है, जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में समूह की यात्रा के लिहाज से अहम मील का पत्थर है,अप्रूवड लिस्ट ऑफ मॉडल्स एंड मैन्यूफैक्चरर्स ऑफ सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल्स (कम्पलसरी रजिस्ट्रेशन रिक्वायरमेंट ऑर्डर 2019) के अनुरूप स्वदेशी सोलर मॉड्यूल और सेल के इस्तेमाल को लेकर उनकी प्रतिबद्धता राष्ट्रीय मानकों की क्वालिटी और अनुपालन को लेकर उने समर्पण को दिखाता है।

## कांग्रेस विधायक का बेटा तेल चोरी के मामले में गिरफ्तार

नगांव (असम)। असम के नगांव जिले में कांग्रेस विधायक के बेटे को तेल की चोरी करने वाले गिरोह का हिस्सा होने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी रेजाउल हुदा फराजी को रविवार रात पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। कलियाबोर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी रूपज्योति दत्ता ने कहा कि हाल ही में जिले में तेल की चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से नकदी, वाहन और कई अन्य सामान जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान गिरोह के सदस्यों और रेजाउल के बीच वित्तीय संबंध का पता चला, जिसके बाद पुलिस ने विधायक के बेटे को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। कांग्रेस विधायक नूरुल हुदा के बेटे रेजाउल पिछले कुछ दिनों से फरार थे, जिन्होंने रविवार रात को कलियाबोर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नगांव के खलिहानरी गांव के ग्राम प्रधान को भी इसी मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया, जिससे गिरफ्तार लोगों की संख्या सात हो गई है।

# किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें राजनीतिक दल : शिवराज सिंह चौहान

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस को** किसान विरोधी करार देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राजनीतिक दलों से अपील की कि वे किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें तथा उनके साथ इंसान की तरह व्यवहार करें। उच्च सदन में कृषि मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा पर अधूरे रह गए अपने जवाब को आगे बढ़ाते हुए कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से न केवल छोटे एवं सीमांत किसान सशक्त हुए बल्कि उनका सम्मान भी बढ़ा है। चौहान जब जवाब दे रहे थे तब कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने उन्हें कई बार बाधित करना चाहा और भाजपा सरकार के ऊपर किसानों पर गोलियां चलाने का आरोप लगाया। कृषि मंत्री ने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि मुझे छेड़ो मत। अगर छेड़ा तो छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के शासनकाल सहित कांग्रेस की विभिन्न सरकारों के शासन काल में किसानों पर गोलियां चलाए जाने की विभिन्न घटनाओं का हवाला दिया। कांग्रेस सदस्यों ने कृषि मंत्री के जवाब पर विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। सदन से बाहर जा रहे कांग्रेस सदस्यों को इंगित करते हुए चौहान ने कहा कि यह भी सुनकर जाइए कि 23 अगस्त 1995 को हरियाणा में चलाई गई गोलियों से छह किसान मारे गए थे। इस बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि मंत्री को रोकते हुए कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है.....। उन्होंने कहा कि जब सदन में देश के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग किसानों के बारे में चर्चा हो रही हो तो सदन में हर सदस्य का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह चर्चा में गंभीरता से भाग ले। धनखड़ ने कहा कि जिन कांग्रेस सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने इस चर्चा की शुरुआत की थी।

# विहिप ने वक्फ अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष चर्चा की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व हिन्दू** परिषद (विहिप) ने सोमवार को कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन के किसी भी प्रस्ताव को लेकर सही निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए निष्पक्ष माहौल में चर्चा की जानी चाहिए। विहिप ने मुसलमानों सहित सभी धार्मिक संपत्तियों के लिए धर्मनिरपेक्ष कानून की वकालत की। सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन करने के लिए संसद में एक विधेयक लाने वाली है ताकि इनके कामकाज में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके तथा इन संस्थाओं में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने वाला विधेयक वक्फ बोर्ड के लिए अपनी संपत्तियों का वास्तविक मूल्यांकन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारियों के पास पंजीकरण कराना अनिवार्य कर देगा। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, भारत सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक लाने का प्रस्ताव किया है। मेरा मानना है कि प्रस्तावित संशोधनों पर निष्पक्ष माहौल में बहस होनी चाहिए ताकि सही निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। मेरा मानना है कि हिंदुओं, ईसाइयों, सिखों, जैनियों, बौद्धों और अन्य लोगों के धार्मिक दान वक्फ संपत्तियों की तरह ही महत्वपूर्ण और पवित्र हैं। मुस्लिम समुदाय के लिए एक अलग भेदभावपूर्ण कानून क्यों है? शायद, यह विचार करने का सही समय है कि क्या हमें देश में मुसलमानों सहित सभी धार्मिक संपत्तियों को नियंत्रित करने वाला एक धर्मनिरपेक्ष कानून बनाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना में पुलिस थाने में दलित महिला को प्रताड़ित करने के मामले में छह पुलिसकर्मी निलंबित

हैदराबाद। तेलंगाना मे हैदराबाद के निकट शादनगर पुलिस थाने मे एक दलित महिला को कथित तौर पर प्रताड़ित करने के मामले मे सोमवार को एक खुफिया निरीक्षक (डीआई) और पांच कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती के हवाले से पुलिस ने एक बयान मे यह जानकारी दी कि मामले मे विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आधिकारिक सूत्रो ने बताया कि इससे पहले अमेरिका की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को घटना की गहन जांच करने का निर्देश दिया। रेड्डी ने मामला संज्ञान मे आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियो से बात की और कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगो को बख्शा नही जाएगा और पीड़ितो को न्याय मिलेगा। विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दलित महिला को पुलिस द्वारा प्रताडि़ त किया जाना शर्मनाक है। हाल ही मे विधानसभा मे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की कुछ टिप्पणियो का जिक्र करते हुए उन्होने दावा किया कि मुख्यमंत्री महिलाओ का अपमान कर रहे है, वही पुलिस भी आपत्तिजनक तरीके से व्यवहार कर रही है। रामा राव ने मांग की कि महिला को कथित रूप से प्रताड़ित करने वाले पुलिसकर्मियो के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाए।इस बीच तेलंगाना राज्य अजा-अजजा आयोग के अध्यक्ष बक्की वेंकटैया ने भी महिला पर कथित अत्याचार की निंदा की। उन्होने कहा कि जिस खुफिया निरीक्षक पर अत्याचार का आरोप है उसे स्थाई रूप से सेवा से हटा दिया जाना चाहिए और उसके खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

### हमें विस चुनाव लड़ने के लिए मजबूर न करें: जरांगे

जालना। मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि उन्हे उन उम्मीदवारो के बारे मे जानकारी मिल गई है जिन्हे वह अक्टूबर मे होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावो के लिए संभावित रूप से मैदान मे उतार सकते है। उन्होने रविवार को संवाददाताओ से कहा कि 29 अगस्त को समुदाय के नेताओ की एक बैठक होगी, जिसमे 288 सदस्ईय विधानसभा के चुनावो मे उम्मीदवारो को मैदान मे उतारने का फैसला किया जाएगा। जरांगे ने दोहराया कि वह और उनके समर्थक राजनीति मे नही आना चाहते है, लेकिन अगर राज्य सरकार मराठा समुदाय की आरक्षण मांगो को स्वीकार करने मे विफल रहती है तो उन्हे ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होने कहा कि समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए ताकि वे ओबीसी समुदाय के तहत आरक्षण का लाभ उठा सकें। जरांगे ने कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता नारायण राणे का सम्मान करते है, क्योंकि उन्होने समुदाय को 16 प्रतिशत आरक्षण दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे बाद मे अदालतो ने रद्द कर दिया था। आरक्षण कार्यकर्ता ने कहा, हालांकि, उन्हे और उनके बेटे नितेश राणे को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इशारे पर काम नही करना चाहिए। अगर वे ऐसा ही करते रहेंगे तो मराठा समुदाय उन्हे कभी माफ नही करेगा। जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे को भी अपने सागर बंगले वाले दोस्त (फडणवीस और दक्षिण मुंबई मे उनके आधिकारिक आवास की ओर संकेत) को मराठो की आरक्षण संबंधी मांगो का विरोध न करने की सलाह देनी चाहिए। इस बीच, एक अन्य आरक्षण कार्यकर्ता नवनाथ वाघमरे ने राज्य सरकार को ओबीसी से मराठो को आरक्षण देने के खिलाफ चेतावनी दी। इस मुद्दे पर कांग्रेस की जालना जिला इकाई के अध्यक्ष शेख महमूद ने कहा कि एकनाथ शिंदे सरकार इस मुद्दे को हल करने मे विफल रही है। उन्होने दावा किया, इसका असर लोकसभा चुनावो पर देखा गया है और विधानसभा चुनावो पर भी असर देखने को मिलेगा। भाजपा नेता अशोक पांगारकर ने दावा किया कि उनकी पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर फैलाई जा रही गलत सूचनाओ को दूर करेगी। उन्होने कहा, लोकसभा चुनावो के बाद भाजपा ने आत्मचिंतन किया है। मराठा आरक्षण मुद्दा फीका पड़ता जा रहा है और इसका भविष्य के चुनावों पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।

### पश्चिम बंगाल : अखिल गिरि ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया, कहा-महिला अधिकारी से माफी नहीं मांगेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सुधार सेवा मंत्री अखिल गिरि ने सोमवार को कहा कि उन्होने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेतृत्व ने रविवार को गिरि से मंत्री पद से इस्तीफा देने और वन विभाग की एक महिला अधिकारी को धमकाने तथा अपशब्द कहने के लिए उससे माफी मांगने को कहा था। हालांकि, रामनगर से टीएमसी विधायक गिरि ने कहा कि वह किसी अधिकारी से नही, बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से माफी मांगेंगे। गिरि ने शहर के दक्षिणी हिस्से मे स्थित एमएलए हॉस्टल से बाहर आते हुए संवाददाताओ से कहा, मैने अपना इस्तीफा मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप दिया है। लेकिन, मै किसी अधिकारी से माफी नही मांगूगा। मै मुख्यमंत्री से माफी मांग सकता हूं। टीएमसी विधायक ने कहा, उस दिन लोगो की पीड़ा और वन विभाग के लोगो द्वारा उन पर अत्याचार देखकर मै अपना आपा खो बैठा। मै एक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए क्षमा चाहता हूं, लेकिन मैने जो कुछ भी कहा उसके लिए नही। मैने जो कुछ भी किया है, वह लोगो के हित के लिए किया है। रामनगर के विधायक ने आरोप लगाया कि छोटे व्यापारियो ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले मे ताजपुर समुद्र तट के पास वन विभाग की जमीन पर दुकाने शुरू करने के लिए वन विभाग के अधिकारियो को रिश्वत दी थी। गिरि ने कहा कि वह उन घटनाओ के बारे मे मुख्यमंत्री को विस्तार से लिखेंगे, जिनके कारण वह अपना आपा खो बैठे। गिरि 1998 मे टीएमसी की स्थापना के समय से ही पार्टी के साथ है। भाजपा मे शामिल होने की योजना के बारे मे पूछे जाने पर गिरि ने कहा, मै क्या करूंगा? मेरा कार्यकाल 2026 तक है, मै अपनी पार्टी की आवश्यकता के अनुसार विधायक के रूप मे काम करूंगा। गिरि रामनगर से विधायक है। उन्हे एक वीडियो मे वन अधिकारी (फॉरेस्ट रेंजर) मनीषा साहू को धमकाते हुए देखा जा सकता है। उन्होने साहू को धमकाते हुए कहा कि ताजपुर समुद्र तट के पास वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण हटाए जाने के बाद उनका कार्यकाल घटा दिया जाएगा।

### उदय राज सिंह पुरस्कार से कई सम्मानित

मुंबई। ठाणे में ठाकुर उदय राज सिंह पुरस्कार समारोह के सफल आयोजन से ठाणे जिले के लिए उत्तर भारतीय भवन की स्थापना पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर उदय राज सिंह के पोते और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य चौहान ने भावना डुम्ब्रे और मनोहर डुम्ब्रे के सहयोग से किया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृपाशंकर सिंह ने ठाणे जिले में उत्तर भारतीय भवन की स्थापना की जोरदार वकालत की। ठाणेउत्तर भारतीय समुदाय के एक प्रतिष्ठित और प्रभावशाली सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर उदय राज सिंह की स्मृति में ठाणे में विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को पुरस्कारों की एक श्रृंखला प्रदान की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से ठाकुर उदय राज सिंह की समर्पण और समाज के प्रति सेवा की विरासत को सम्मानित किया गयाए जिसमें उल्लेखनीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के योगदान पर प्रकाश डाला गया। ठाणे में उदय राज सिंह उत्तर भारतीय समुदाय में एक प्रमुख और प्रभावशाली व्यक्तित्व थेए जो सामाजिक न्याय और सामुदायिक विकास के प्रति अपने अथक प्रयासों के लिए जाने जाते थे। उनका काम और प्रतिबद्धता आज भी कई लोगों को प्रेरित करती हैए और यह पुरस्कार समारोह उनके स्थायी प्रभाव का प्रमाण है। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री कृपाशंकर सिंह, विधायक संजय केलकर, एमएलसी निरंजन डावखरे,भाजपा महाराष्ट्र सचिव संदीप लेले,भाजपा पार्षद मनोहर डुंबर,भाजपा ठाणे उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार यादवए भाजपा ठाणे युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूरज दलवी और पंकज मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी।

## गुजरात में अंतरधार्मिक विवाह को लेकर हिन्दू व्यक्ति की हत्या, छह गिरफ्तार

**द्वारका।** पांच अगस्त (भाषा) गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में अंतरधार्मिक विवाह को लेकर 24 साल के हिन्दू युवक की उसकी पत्नी के रिश्तेदारों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम भाणवड तालुका के शेधाखाई गांव में हुई इस घटना के सिलसिले में महिला के भाइयों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक हार्दिक प्रजापति ने बताया कि पीडि़त याज्ञिक दुधरेजिया की हत्या उसकी पत्नी के रिश्तेदारों ने की। पत्नी के परिजन उनके अंतरधार्मिक विवाह के खिलाफ थे।प्राथमिकी के अनुसार शेधाखाई निवासी दुधरेजिया को उसी गांव के एक मुस्लिम परिवार की महिला रमजा से प्यार हो गया और दोनों ने महिला के परिवार की इच्छा के विरुद्ध अदालत में विवाह कर लिया। प्राथमिकी में कहा गया है कि जून में बच्ची के जन्म के बाद दंपती गांव लौट आए, जिस पर रमजा के परिवार ने इस पर आपत्ति जताई। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम को दुधरेजिया अपने मित्र हरदीप सिंह वजुभा के साथ घर से निकला था, तभी उसकी पत्नी के रिश्तेदारों ने उसे रोक लिया और कथित तौर पर उस पर लोहे के पाइप, कुल्हाड़ी और चाकुओं से हमला कर दिया।

# राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपतियों को मिले 250 उपहारों की होगी नीलामी

भाषा। नई दिल्ली



**नेताजी सुभाष** चंद्र बोस की शैल शिल्प पेंटिंग और भगवान बुद्ध की मूर्ति उन चुनिंदा 250 उपहारों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपतियों ने उपहार के तौर पर प्राप्त किया था और ए अब सोमवार से नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। इन उपहारों को खरीदने के इच्छुक व्यक्ति अपनी बोली राष्ट्रपति भवन की एक वेबसाइट पर जाकर लगा सकते हैं, जिसकी शुरुआत राष्ट्रपति मुर्मू ने हाल ही में की थी। नेताजी की यह पेंटिंग, जो जटिल विवरण के साथ एक सुंदर फ्रेम में लगी हुई है, देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण का स्मरण कराती है। यह पेंटिंग बोली के लिए उपलब्ध सबसे महंगी वस्तु है, जिसका आधार मूल्य 4,02,500 रुपए है। पेंटिंग के विवरण के मुताबिक, इस पेंटिंग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का एक बहुत ही बारीकी से तैयार किया गया चित्र है, जिसे पूरी तरह से नाजुक सीप के टुकड़ों से बनाया गया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित सैन्य वर्दी में दिखाया गया है, जो दृढ़ता से खड़े हैं, जो ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। पेंटिंग की शिल्पकला में हर विवरण को दर्शाया गया है।

# भारत ने बांग्लादेश के लिए सभी रेल सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की

भाषा। नई दिल्ली



**भारत और** बांग्लादेश के बीच सभी रेल सेवाएं अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश में उथल-पुथल के बीच यह निर्णय लिया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, मैत्री एक्सप्रेस, बंधन एक्सप्रेस और मिताली एक्सप्रेस ने इस साल जुलाई के मध्य में आखिरी फेरे लगाए थे और बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण तब से उन्हें रद्द कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस दोनों को शुरू में 19 जुलाई, 2024 से छह अगस्त, 2024 तक के लिए रद्द किया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति के कारण रद्दीकरण को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मिताली एक्सप्रेस की सेवा भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यात्री ट्रेन सेवाओं के अलावा सभी माल ढुलाई सेवाएं भी स्थगित कर दी गई हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब अंतरिम सरकार कार्यभार संभालेगी। कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने पीटीआई-भाषा को बताया, न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका के बीच चलने वाली मिताली एक्सप्रेस 17 जुलाई 2024 को ढाका गई थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। उन्होंने कहा, ट्रेन में भारतीय रेलवे के स्वामित्व वाले 10 डिब्बे हैं, लेकिन चूंकि इन डिब्बों का इस्तेमाल केवल उसी विशेष ट्रेन में किया गया था, इसलिए हमें किसी भी तरह की असुविधा नहीं हुई। ट्रेन का इंजन सीमा पर बदला जाता था, इसलिए जब यह बांग्लादेश में प्रवेश करती है, तो वे हमारे इंजन की जगह अपना इंजन लगा देते हैं। मैत्री एक्सप्रेस ढाका और कोलकाता के बीच चलती है, जबकि बंधन एक्सप्रेस खुलना और कोलकाता के बीच चलती है।

## संकट के बीच भारत-बांग्लादेश व्यापार राका गया

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश व्यापार सोमवार दोपहर से रोक दिया गया। कारोबारियों ने बताया कि पड़ोसी देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण अशांति के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। बांग्लादेश सरकार ने रविवार को एक अधिसूचना के जरिए जरूरी सेवाओं को छोड़कर तीन दिवसीय व्यापार अवकाश की घोषणा की थी। पश्चिम बंगाल निर्यातक समन्वय समिति के सचिव उज्जल साहा ने कहा कि उनके भूमि बंदरगाहों पर बांग्लादेशी सीमा शुल्क से मंजूरी नहीं मिलने के कारण सभी निर्यात और आयात गतिविधियां ठप हो गई हैं। उन्होंने कहा, सुबह कुछ हलचल हुई थी, लेकिन बाद में गतिविधियां बंद हो गईं। पिछले दो दिनों में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद व्यापार बाधित हुआ है। कई समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई कि उन्होंने ढाका छोड़ दिया है। साहा ने कहा, बांग्लादेश सरकार ने आवश्यक सेवाओं को छोड़कर तीन दिन के लिए पूर्ण छुट्टी की घोषणा की है, और इसलिए बांग्लादेश की सीमाएं व्यापार के लिए बंद हैं। बेनापोल सीएंडएफ स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव साजिदुर रहमान ने कहा कि सुबह कुछ हलचल हुई, लेकिन प्रधानमंत्री के इस्तीफे और देश से चले जाने की खबर के बाद कारोबार पूरी तरह रुक गया। पश्चिम बंगाल में पेट्रापोल सीमा के दूसरी ओर बांग्लादेश में बेनापोल स्थित है। पेट्रापोल के अधिकारियों ने हालांकि कहा कि सरकार की ओर से व्यापार पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई है।

# बांग्लादेश में संकट गहराने से भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार होगा प्रभावित: निर्यातक

भाषा। नई दिल्ली

**घरेलू** निर्यातकों ने सोमवार को बांग्लादेश में संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि पड़ोसी देश के घटनाक्रमों का द्विपक्षीय व्यापार पर असर पड़ेगा। निर्यातकों को हालांकि उम्मीद है कि स्थिति जल्द ही सामान्य हो सकती है। निर्यातकों के अनुसार, बांग्लादेश में विदेशी मुद्रा की कमी के कारण उन्हें पहले ही वहां निर्यात में रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। भारत की सीमा पर बांग्लादेश को निर्यात के लिए पहुंचे जल्दी खराब होने वाले सामानों को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और देश में अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है। हसीना सरकार के खिलाफ पिछले दो दिन में हुए विरोध प्रदर्शनों में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, बांग्लादेश में संकट के कारण हमें कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हमें उम्मीद है कि स्थिति जल्द ही ठीक हो जाएगी और व्यापार को किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। पश्चिम बंगाल स्थित निर्यातक और पैटन के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि चूंकि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ आर्थिक और भौगोलिक संबंध हैं, इसलिए इस संकट का भारत के व्यापार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। भारत बांग्लादेश को कपास, मशीनरी और खाद्य उत्पादों सहित कई तरह के सामान निर्यात करता है, जबकि जूट और मछली जैसे सामान आयात करता है। बुधिया ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान इन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है और सीमा बंद होने या सुरक्षा बढ़ाने वाले किसी भी संकट से माल का प्रवाह बाधित हो सकता है। फियो के क्षेत्रीय चेयरमैन (पूर्वी क्षेत्र) योगेश गुप्ता ने कहा कि इस घटनाक्रम का द्विपक्षीय व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं से सीमाओं पर माल की आवाजाही प्रभावित होती है। इसी तरह के विचार साझा करते हुए पीएसवाई लिमिटेड के मालिक प्रवीण सराफ ने कहा कि बांग्लादेश में संकट के दीर्घकालिक प्रभाव होंगे और द्विपक्षीय व्यापार को नुकसान पहुंचेगा। पीएसवाई लिमिटेड बांग्लादेश को मसालों, खाद्यान्नों और रसायनों सहित कई वस्तुओं का निर्यात करता है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा कि बांग्लादेश डॉलर की भारी कमी का सामना कर रहा है, जिसने भारत सहित अन्य देशों से आयात करने की उसकी क्षमता को सीमित कर दिया है। इसके अलावा बढ़ती मुद्रास्फीति ने घरेलू मांग को भी कम कर दिया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के चलते परिधान और अन्य कारखानों की सुरक्षा करना जरूरी है। इसके अलावा व्यापार तथा आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए सीमापार आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखना भी आवश्यक है।

# ईरान के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहे : नेतन्याहू

**भाषा।** तेल अवीव



**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश ईरान और उसके समर्थन वाले उग्रवादी समूहों के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। गाजा पट्टी में लगभग 10 महीने से जारी युद्ध और पिछले हफ्ते लेबनान में शीर्ष हिजबुल्लाह कमांडर फौद शुकूर तथा ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद क्षेत्र में व्याप्त तनाव के पूर्ण लड़ाई में तब्दील होने की आशंका बढ़ गई है। ईरान और उसके समर्थन वाले चरमपंथी समूहों ने हनिया व शुकूर की मौत के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए बदला लेने की धमकी दी है। वहीं, अमेरिका और उसके सहयोगियों ने इजराइल को ईरान और उसके समर्थन वाले चरमपंथी समूहों के संभावित हमलों से बचाने तथा क्षेत्र में हिंसक संघर्ष के खतरे को कम करने के लिए पश्चिम एशिया में सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का फैसला लिया है। नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि इजराइल किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। जॉर्डन के विदेश मंत्री आयमान सफादी पश्चिम एशिया में युद्ध के खतरे को कम करने के कूटनीतिक प्रयासों के तहत ईरान की यात्रा पर हैं। वह पिछले 20 से अधिक वर्षों में ईरान की आधिकारिक यात्रा करने वाले जॉर्डन के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि तनाव खत्म हो। वहीं, व्हाइट हाउस के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने एबीसी न्यूज से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि हालात और न बिगड़ें। उनका यह बयान अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन द्वारा पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमानों का दस्ता और विमान वाहक पोत तैनात करने का फैसला किए जाने के बीच आया है। इजराइल ने बम रोधी शिविर बनाने शुरू कर दिए हैं। उसने अप्रैल में एक हवाई हमले में ईरान के दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद तेहरान द्वारा की गई अप्रत्याशित सैन्य कार्वाई के मद्देनजर यह कदम उठाया है। इजराइल की बचाव एजेंसी मेगन डेविड एडम ने बताया कि रविवार को तेल अवीव के पास एक व्यक्ति ने चाकू से वार कर दो बुजुर्गों की हत्या कर दी। इजराइली पुलिस ने कहा कि यह हमला एक फलस्तीनी उग्रवादी ने किया, जिसे बाद में मार गिराया गया। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाजा पट्टी में दो स्कूल पर इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 25 लोगों के मारे जाने और 19 अन्य के घायल होने की जानकारी दी। हालांकि, इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास के प्रमुख केंद्रों को निशाना बनाया। इजराइल फलस्तीनी उग्रवादियों पर रिहायशी इलाकों में शरण लेने का आरोप लगाता है।

# ब्रिटेन में धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी को लेकर प्रधानमंत्री ने आपात बैठक बुलाई

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने सोमवार को यहां 10 डाउनिंग स्ट्रीट में वरिष्ठ मंत्रियों और पुलिस प्रमुखों की एक आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक देश के कई शहरों में सप्ताहांत में हुई हिंसा के मद्देनजर बुलाई गई है। लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमत्री का आधिकारिक आवास और कार्यालय है। इस हिंसा को प्रधानमंत्री ने धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी करार दिया और कहा कि उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपोर्ट में तीन स्कूली छात्राओं की चाकू गोदकर हत्या किए जाने के बाद देश की सड़कों पर कई दिनों तक हुए हिंसक प्रदर्शन के कई दिनों बाद रविवार को रॉदरहैम, मिडल्सब्रो, बोल्टन और ब्रिटेन के अन्य हिस्सों से पुलिस अधिकारियों ने सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया था। इंटरनेट पर अफवाह फैली कि छात्राओं की हत्या करने वाला संदिग्ध व्यक्ति एक प्रवासी है जो कि अवैध रूप से देश में दाखिल हुआ है। इसके बाद प्रवासी विरोधी भीड़ ने मस्जिदों और उन होटल को निशाना बनाया जहां शरणार्थी ठहरे हुए थे। स्टॉर्मर ने रविवार के बयान में कहा, मैं इस सप्ताहांत में हुई धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी की कड़ी निंदा करता हूं। कोई इस मुगालते में न रहे कि उन पर कोई कार्वाई नहीं होगी। हिंसा में भाग लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, इस कृत्य के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता... बिल्कुल भी नहीं, और देश का हित सोचने वाले सभी लोगों को इस तरह की हिंसा की निंदा करनी चाहिए। इस देश में सभी को सुरक्षित रहने का अधिकार है, बावजूद इसके हमने मुस्लिम समुदायों को निशाना बनते देखा है, मस्जिदों पर हमले हुए और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया गया। पुलिस पर हमले हुए और नस्ली बयानबाजी के साथ-साथ हिंसा की गई है।

## नोबेल पुरस्कार विजेता चीनी-अमेरिकी वैज्ञानिक सुंग-दाओ ली का निधन

**ताइपे (ताइवान)।** प्रख्यात चीनी-अमेरिकी भौतिक विज्ञानी सुंग-दाओ ली का निधन हो गया है। वह 97 वर्ष के थे। चीन के एक विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। ली ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। ली वर्ष 1957 में नोबेल पुरस्कार पाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक थे। शंघाई जिओ टोंग विश्वविद्यालय के सुंग-दाओ ली संस्थान और बीजिंग स्थित चीन उन्नत विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र की ओर से सोमवार को संयुक्त रूप से जारी श्रद्धांजलि के अनुसार, ली के अनुसंधान कार्यों ने कण भौतिकी की समझ को और बढ़ाया। वर्ष 1962 से अमेरिकी नागरिक रहे ली न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर भी थे। ली का जन्म चीन के शंघाई में 24 नवंबर 1926 को हुआ था।

## मरीज की मौत के बाद चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीन की जेल

**बीजिंग।** चीन की एक अदालत ने सोमवार को एक स्व- प्रशिक्षित चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीने कारावास की सजा सुनाई। चिकित्सक द्वारा किए गए उपचार के कारण एक मरीज की मृत्यु हो गई थी। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। चीन के जियांग्सू प्रांत के यंग्जहौ के बाओयिंग काउंटी के एक गांव की रहने वाली चिकित्सक वांग ने वीडियो देखकर एक्यूपंक्चर सीखा और अपने गांव में लोगो का इलाज करना शुरू कर दिया। पिछले वर्ष जून में ली नाम के व्यक्ति ने उनसे चिकित्सकीय परामर्श मांगा, जिसके बाद उन्होने ली का उपाचर किया था। जियांग्सू ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने प्रांतीय लोक अभियोजन विभाग के सहायक अभियोजक के हवाले से बताया कि उपचार के दौरान, हृदय रोग से पीड़ित ली को अत्यधिक परेशानी हुई और बेहोश होकर गिर जाने से उनकी मृत्यु हो गई।हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, छानबीन में पता चला कि वांग ने कोई औपचारिक एक्यूपंक्चर प्रशिक्षण नही लिया था।

## आईकू दुनिया भर में मल्टीटास्कर्स पर देगा ध्यान

**ग्लोबल।** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 21 अगस्त, 2024 को दुनिया भर में अपनी बहुप्रतीक्षित आईकू जेड 9 एस सीरीज लॉन्च करने के लिए तैयार है, जिसमें आईकू जेड 9 एस प्रो 5 जी और आईकू जेड 9 एस 5 जी शामिल हैं। आईकू जेड सीरीज़ युवा मल्टीटास्कर्स के लिए डिज़ाइन की गई है जो हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं। वे यूनीक डिज़ाइन, परफॉरमेंस और शानदार कैमरा सेटअप चाहते हैं जो उनकी तेज़-तर्रार जीवनशैली में यह स्मार्टफोन आसानी से फिट हो जाता है। यह आईकू जेड 9 एस सीरीज़ मल्टीटास्कर्स के लिए फुल्ली लोडेड है, मुख्य रूप से कॉलेज के छात्र और युवा पेशेवर जो काम/अकादमिक, सामाजिक जीवन और एक्स्ट्राकेरिकुलर एक्टिविटी को संतुलित कर रहे हैं और उन्हें तेज़ कनेक्टिविटी और बिना रूकावट के मनोरंजन की आवश्यकता है। आईकू जेड 9 एस सीरीज़ उन्हें आसानी से मल्टीटास्क करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें अपने व्यस्त जीवन को कुशलतापूर्वक मैनेज करने और दिन भर कनेक्टेड रहने में मदद मिलेगी।

## हिंग्लिश अब मुख्यधारा की भाषा : शोभा डे

**थिम्पू।** लोकप्रिय उपन्यासकार शोभा डे का मानना है कि औपनिवेशिक मानसिकता ही वह कारण है जिसके कारण कुछ लोग भारत मे अब भी ब्रिटेन की महारानी की पुरानी और पुरातन अंग्रेजी का उपयोग करते है। शोभा डे का कहना है कि भारत मे हिंग्लिश (हिंदी और अंग्रेजी का मिश्रित स्वरूप) के प्रचलन का वह समर्थन करती है और उनका मानना है कि यह देश मे संचार का अधिकप्रभावी तरीका है। शोभा डे ने यहां चल रहे भूटान इकोज़: ड्रुक्युल्स लिटरेचर फेस्टिवल के 13वें संस्करण मे ये कहा।

# बांग्लादेश में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोडफोड़

## चार हिंदू मंदिरों को मामूली क्षति पहुंचाई गई

**भाषा।** ढाका



**बांग्लादेश** की राजधानी में सोमवार को उपद्रवी भीड़ ने एक भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ की और देशभर में चार हिंदू मंदिरों को मामूली क्षति पहुंचाई। प्रत्यक्षदर्शियों और समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी। हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की नेता काजोल देबनाथ ने कहा कि उन्हें खबर मिली है कि देशभर में कम से कम चार हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया, ए मामूली क्षति है। हालांकि, प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय के कुछ नेता चिंतित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बांग्लादेश की राजधानी के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र (आईजीसीसी) और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय को एक उपद्रवी भीड़ ने सोमवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ढाका ट्रब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सोमवार अपराह्न प्रदर्शनकारियों ने ढाका में कई प्रमुख स्थानों पर आगजनी की, जिसमें धानमंडी 32 स्थित बंगबंधु भवन भी शामिल है, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। यह संग्रहालय हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान को समर्पित है, जिनकी 1975 में राष्ट्रपति रहने के दौरान हत्या कर दी गई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर बांग्लादेश छोड़ना पड़ा है। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने घोषणा की कि अंतरिम सरकार बनाई जा रही है और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से हिंसा बंद करने का आग्रह किया। इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र का मार्च 2010 में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया था। यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिकसंगोष्ठियों, कार्यशालाओं का आयोजन करने तथा योग, हिंदी भाषा, भारतीय शास्त्रीय संगीत और कथक तथा मणिपुरी जैसे भारतीय नृत्यों के लिए भारतीय गुरुओं, पेशेवरों और प्रशिक्षकों को नियुक्त कर भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देता है। इसमें बांग्लादेश के उच्च श्रेणी के पेशेवर भी शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय गुरुओं या भारतीय विश्वविद्यालयों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का सांस्कृतिक केंद्र है। इस केंद्र में भारतीय कला, संस्कृति, राजनीति, अर्थशास्त्र और कथा साहित्य के क्षेत्रों में 21,000 से अधिक पुस्तकों वाला एक पुस्तकालय है।

# शेख हसीना : लगातार चौथी बार चुनावी जीत से लेकर सत्ता से बाहर होने तक का सफर



**ढाका।** बांग्लादेश में लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं शेख हसीना को उनके समर्थक हमेशा एक आयरन लेडी के रूप में सराहते रहे हैं। लेकिन, अब उनके 15 साल के शासन का नाटकीय ढंग से अंत हो गया है। हसीना को एक समय सैन्य शासित बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान करने के लिए जाना जाता है, लेकिन साथ ही उनके विरोधियों द्वारा उन्हें एक निरंकुश नेता बताकर उनकी आलोचना भी की जाती है। हसीना (76) सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली दुनिया की कुछ चुनिंदा महिलाओं में से एक हैं। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना 2009 से सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस दक्षिण एशियाई देश की बागडोर संभाल रही थीं। उन्हें जनवरी में हुए 12वें आम चुनाव में लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री चुना गया। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। सितंबर 1947 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में जन्मीं हसीना 1960 के दशक के अंत में ढाका विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान राजनीति में सक्रिय हो गईं। पाकिस्तानी सरकार द्वारा अपने पिता की कैद के दौरान उन्होंने उनके राजनीतिक संपर्क सूत्र के रूप में कार्य किया। बांग्लादेश को 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता मिलने के बाद उनके पिता मुजीबुर रहमान देश के राष्ट्रपति और फिर प्रधानमंत्री बने। हालांकि, अगस्त 1975 में मुजीबुर रहमान, उनकी पत्नी और उनके तीन बेटों की सैन्य अधिकारियों द्वारा उनके घर में ही हत्या कर दी गई। हसीना और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना विदेश में होने के कारण इस हमले से बच गईं थीं। हसीना ने भारत में छह साल निर्वासन में बिताए, बाद में उन्हें उनके पिता द्वारा स्थापित पार्टी अवामी लीग का नेता चुना गया। हसीना 1981 में स्वदेश लौट आईं और सेना द्वारा शासित देश में लोकतंत्र की मुखर आवाज बनीं, जिसके कारण उन्हें कई बार नजरबंद रखा गया। बांग्लादेश में 1991 के आम चुनाव में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग बहुमत हासिल करने में विफल रही। उनकी प्रतिद्वंद्वी बीएनपी की खालिदा जिया प्रधानमंत्री बनीं। पांच साल बाद, 1996 के आम चुनाव में हसीना प्रधानमंत्री चुनी गईं। हसीना को 2001 के चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया गया था, लेकिन 2008 के चुनाव में वह भारी जीत के साथ सत्ता में लौट आईं। तब से खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी मुश्किल में फंसी हुई है। वर्ष 2004 में हसीना की हत्या की कोशिश की गई थी, जब उनकी रैली में एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ था। हसीना ने 2009 में सत्ता में आने के तुरंत बाद 1971 के युद्ध अपराधों के मामलों की सुनवाई के लिए एक न्यायाधिकरण की स्थापना की।

# उत्तर कोरिया ने सैन्य इकाइयों को परमाणु संपन्न 250 मिसाइल लॉन्चर सौंपे



**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक समारोह में अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैन्य इकाइयों को परमाणु सक्षम 250 मिसाइल लॉन्चर सौंपे। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अमेरिका के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी सेना के परमाणु कार्यक्रम के निरंतर विस्तार का आह्वान किया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि देश की युद्ध सामग्री संबंधी फैक्टरियों में इन मिसाइल लॉन्चर को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बैलिस्टिक मिसाइलों को दागने के लिए बनाया गया है। किम ने प्योंगयांग में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नए मिसाइल लॉन्चर उसकी अग्रिम मोर्चे की इकाइयों को दक्षिण कोरिया के खिलाफ जबरदस्त प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करेंगे और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण परमाणु हथियारों के संचालन को अधिक व्यावहारिक एवं कुशल बनाएंगे। सरकारी मीडिया में आई तस्वीरों में एक बड़ी सड़क पर सेना के हरे रंग के लॉन्चर ट्रक की कतारें नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कार्यक्रम में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और इसमें भव्य आतिशबाजी भी की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि किम की बढ़ती धमकियों और हथियार परीक्षण के जरिए शक्ति प्रदर्शन को व्यापक रूप से अमेरिका पर उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्वीकार करने तथा उस पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने का दबाव डालने के प्रयास के तौर पर देखा जाता है। उत्तर कोरिया ऐसे वक्त में तनाव बढ़ाने की कोशिश भी कर सकता है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं।

# द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने फिजी पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**सुवा (फिजी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में सोमवार को फिजी पहुंचीं। वह फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ बैठक करेंगी। मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति कटोनिवेरे के निमंत्रण पर 5-7 अगस्त तक यहां रूकेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस द्वीपसमूह राष्ट्र की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू का हवाई अड्डे पर फिजी के उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका, फिजी में भारतीय उच्चायुक्त पी एस कार्तिकेयन और फिजी के अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।फिजी सरकार के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में कहा गया, "भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए नाडी पहुंची हैं। उनकी अगवानी उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका और भारत में नियुक्त फिजी के उच्चायुक्त श्री जगन्नाथ सामी ने किया। मुर्मू अपनी यात्रा के दौरान, फिजी की संसद को संबोधित करेंगी और इसके सदस्यों से बातचीत करेंगी, जिनमें से कई भारतीय मूल के हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अनुसार, फिजी की अपनी यात्रा के बाद, मुर्मू न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा करेंगी। मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति की छह दिवसीय तीन देशों की यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाना है।

# साइकोमैटिक्स : एआई को समझने में करेगा मदद

**भाषा।** मिलान (इटली)

**कृत्रिम मेधा** (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) ने उल्लेखनीय प्रगति की है। लार्ज लेंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के साथ चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरण इंसानों की बराबरी या उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एआई और जटिल होता जा रहा है, कुछ बुनियादी समस्या भी उभर रही है जैसे कि हमें इसके काम करने के तरीके के बारे में पता नहीं है। जानकारी का यही अभाव शोधकर्ताओं, डेवलपर्स और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहा है। जैसा कि मैथ्यू हटसन ने हाल ही में नेचर लेख में उल्लेख किया है कि एआई की अस्पष्टता उनकी विश्वसनीयता और उनके व्यापक उपयोग के नैतिक निहितार्थों के बारे में चिंताएं पैदा करती है। डगलस हेवेन ने एमआईटी टेक्नोलॉजी की पड़ताल में इसी तरह के विचार को दोहराया कि एलएलएम चौंका देने वाले काम करते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में कोई नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। एआई की कार्यप्रणाली को समझने की तेजी से बढ़ती जरूरत के लिए शोधकर्ताओं ने साइकोमैटिक्स नामक एक बहुविषयक ढांचा लाने का सुझाव दिया है। विभिन्न यूरोपीय और अमेरिकी शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में एक प्रस्ताव पेश किया गया जो कि ह्यूमेन टेक्नोलॉजी लैब द्वारा समन्वित है। इसका उद्देश्य संज्ञानात्मक विज्ञान, भाषा विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान की समझ के साथ कृत्रिम और इंसानी मेधा के बीच की खाई को पाटना है। साइकोमैटिक्स शब्द मनोविज्ञान और सूचना विज्ञान से मिलाकर बना है और यह तुलनात्मक कार्यप्रणाली प्रस्तुत करता है कि एलएलएम किस प्रकार जानकारी प्राप्त करते हैं, सीखते हैं, याद रखते हैं और अंतिम परिणाम तैयार करने के लिए उसका उपयोग करते हैं। एआई प्रणाली और इंसानी दिमाग के बीच समानताओं के जरिए यह ढांचा उनकी संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं में समानता और अंतर की गहरी समझ प्रदान करना चाहता है। साइकोमैटिक्स में सबसे मुख्य सवाल यह है कि क्या मानव और एलएलएम में भाषा के विकास और उसके इस्तेमाल की प्रक्रिया अलग-अलग होती है। इस जरूरी सवाल के जवाब की पड़ताल करके, शोधकर्ताओं को भाषा, बोध और कृत्रिम तथा इंसानी मेधा की प्रकृति के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने की उम्मीद है। साइकोमैटिक्स नजरिए ने पहले ही एलएलएम और मानव संज्ञान जैसी एआई प्रणालियों के बीच के अंतर को समझने में मदद की है।

## क्वांटम एनर्जी ईवी से लोगों को जोड़ेगा

क्वांटम एनर्जी, एक प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप कंपनी जो इलेक्ट्रिक स्कूटरों के डिजाइन, विकास, और निर्माण में विशेषता रखती है, ने गोरखपुर में अपने नए शोरूम के उद्घाटन की घोषणा की है। यह नया शोरूम राज्य में 2ईवी दोपहिया वाहनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्वांटम एनर्जी की उपस्थिति को बढ़ाता है और भारतीय ग्राहकों के लिए उनकी पहुंच को और अधिक सुविधाजनक बनाता है। क्वांटम एनर्जी लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, श्रीमती चक्रवर्ती सी. ने कहा, हमारे नए स्टोर के उद्घाटन के साथ, हम यूपी में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। यह काफी आशाजनक है कि राज्य में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में बढ़ती रुचि है। हमारे क्वांटम एनर्जी स्कूटरों की कई अत्याधुनिक विशेषताएं सभी बाजार क्षेत्रों को आकर्षित करती हैं। पर्यावरण के अनुकूल गतिशीलता विकल्पों की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर, हम अपने अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटरों को जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस मांग को पूरा करने और अपने पर्यावरण के अनुकूल गतिशीलता उत्पादों को अधिक आसानी से उपलब्ध कराने के लिए यूपी में और अधिक शोरूम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उद्घाटन सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और क्वांटम एनर्जी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। लगभग 1000 वर्ग फुट में फैला, यह नया उद्घाटन शोरूम केडी मोटर्स के डीलरशिप नाम के तहत संचालित होता है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है : पीटीआई

**लाहौर।** इमरान खान की पार्टी ने सोमवार को दावा किया कि पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के आदेश पर पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है, जिससे उनकी तबीयत खराब हो रही है, और उनकी तत्काल मेडिकल जांच की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी सोमवार को काला दिवस मनाया क्योंकि इमरान खान को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दर्ज 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी का एक साल पूरा हो गया है। खान की पार्टी के वरिष्ठ नेता मूनिस इलाही ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'इमरान खान ने कहा था कि उन्हे जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है जिससे वह अस्वस्थ महसूस कर रहे है। यह सब मरियम नवाज के आदेश पर हो रहा है। पूर्व संघीय मंत्री ने कहा कि केवल सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ही इतना नीचे गिर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि खान ने पाकिस्तान के लोगो के अधिकारो के लिए एक साल की जेल की सजा काट ली है। इलाही ने कहा,हम खान की दृढ़ता, साहस और बहादुरी को सलाम करते है। हम उनके खिलाफ सभी फर्जी मामलो में उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते है। इमरान खान की पार्टी के एक अन्य नेता जुल्फी बुखारी ने कहा खान ने संवाददाताओं से कहा कि भीषण गर्मी और रेफ्रिजरेटर न होने के कारण उनका खाना पकने से पहले ही खराब हो जाता है।

### फ्लोरिडा में तूफान डेब्बी के कारण भारी बारिश और बाढ़ आएगी

**टैंपा (अमेरिका)।** तूफान डेब्बी के सोमवार की सुबह फ्लोरिडा के बिग बेड तट पर पहुंचने के आसार है जिससे रिकॉर्ड बारिश, विनाशकारी बाढ़ और जानलेवा तूफानी लहरें उठने का अनुमान है। यह तूफान जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना के तटीय क्षेत्रो मे रुकने से पहले राज्य के उत्तरी भाग मे धीरे-धीरे बढ़ेगा। मियामी मे राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने रविवार शाम को कहा कि इस तूफान के कारण 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। तूफान टैंपा से लगभग 100 मील दूर, पश्चिम मे स्थित था और यह 19 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है। डेब्बी इस साल का चौथा अटलांटिक तूफान है। इससे पहले जून में उष्णकटिबंधीय तूफान अल्बर्टो, तूफान बेरिल और उष्णकटिबंधीय तूफान क्रिस आए थे।मौसम विज्ञानियों ने डेब्बी तूफान से भारी बारिश के कारण फ्लोरिडा, साउथ कैरोलिना और जॉर्जिया मे भयावह बाढ़ की चेतावनी दी है। तूफान केंद्र ने कहा कि तूफान के सोमवार दोपहर के आसपास फ्लोरिडा के बिग बेड क्षेत्र मे पहुंचने के आसार है, जो टैंपा से लगभग 26 किलोमीटर दक्षिण में है। फ्लोरिडा और जॉर्जिया के कुछ हिस्सो मे सोमवार सुबह छह बजे तक बवंडर की चेतावनी भी जारी की गई है। फ्लोरिडा पैनहैंडल मे कम आबादी वाला बिग बेड क्षेत्र भी पिछले वर्ष तूफान इडालिया से प्रभावित हुआ था, जो श्रेणी-3 का तूफान था। डेब्बी के उत्तरी फ्लोरिडा से पूर्व की ओर बढ़ने और उसके बाद जॉर्जिया तथा दक्षिण कैरोलिना के तटीय क्षेत्रो मे रुकने के आसार है। इससे मंगलवार से इस क्षेत्र मे रिकॉर्ड-तोड़ 76 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। अधिकारियो ने फ्लोरिडा के खाड़ी तट पर जानलेवा तूफानी लहरों की भी चेतावनी दी है, जहां ओक्लोकोनी और सुवाननी नदियों के बीच सोमवार को जल स्तर छह से दस फुट तक हो सकता है। तूफान केंद्र के निदेशक माइकल ब्रेनन ने कहा, बहुत तेज बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है...। अगर हम 30 इंच के स्तर तक पहुंच गए तो यह जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना दोनों राज्यों के लिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात से जुड़ी रिकॉर्ड तोड़ बारिश होगी।

### वेनेजुएला में विवादित चुनाव के बाद बढ़ती गिरफ्तारियों पर कई देशों ने चिंता जताई

**काराकस।** वेनेजुएला मे पिछले हफ्ते संपन्न राष्ट्रपति चुनाव के नतीजो मे धांधली के आरोपो के बाद देश मे विरोधियों की बढ़ती गिरफ्तारियो पर रविवार को दुनिया के कई देशो ने चिंता जताई। पोप फ्रांसिस ने वेटिकन मे अपने पारंपरिक संबोधन मे कहा कि वेनेजुएला एक गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है और मै सभी पक्षो से सच सामने लाने तथा सभी प्रकार की हिसा से बचने का आह्वान करता हूं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शनिवार को कहा था कि सरकार ने दो हजार से अधिक विरोधियो को गिरफ्तार किया है। राजधानी काराकस मे आयोजित एक रैली मे मादुरो ने और अधिक लोगो को हिरासत मे लेने तथा उन्हे जेल भेजने का संकल्प लिया था। अमेरिका के उप राष्ट्री सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने रविवार को कहा कि बाइडन प्रशासन गिरफ्तारियो से देश मे बड़े पैमाने पर अशांति फैलने की आशंकाओ को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा, अगर गिरफ्तारियां जारी रही, तो हम अस्थिरता की आशंकाओ को लेकर चिंतित है। फ्रांस, स्पेन, जर्मनी और इटली सहित कई यूरोपीय देशो के नेताओं ने एक बयान मे कहा, इस प्रक्रिया के दौरान सभी वेनेजुएला वासियों, विशेष रूप से राजनीतिक नेताओं के अधिकारो का सम्मान किया जाना चाहिए। हम उन्हे गिरफ्तार करने या डराने-धमकाने के किसी भी प्रयास की कड़ी निंदा करते है। अधिकारियो ने पिछले सप्ताहांत हुए राष्ट्रपति चुनाव मे निवर्तमान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया था, लेकिन नतीजों की पुष्टि के लिए मतगणना के आंकड़े नही जारी किए। वही, विपक्ष ने दावा किया है कि उसके पास मतगणना से जुड़े आंकड़े है, जो दिखाते है कि राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार की जीत हुई है। एसोसिएटेड प्रेस ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन द्वारा जारी मतगणना के आंकड़ो का विश्लेषण किया, जिससे विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज घोषित नतीजो से कई अधिक वोट हासिल होने की बात सामने आई है। इससे मादुरो की जीत की आधिकारिक घोषणा पर संदेह पैदा हो गया है। चुनाव परिणाम की घोषणा को लेकर जारी विवाद के बीच विपक्ष के हजारो समर्थक सड़को पर उतर आए। सरकार ने इनमें से सैकड़ों लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व राजनयिक एवं विपक्षी उम्मीदवार गोंजालेज और सरकार की ओर से चुनाव लड़ने से रोकी गईं विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने अपनी गिरफ्तारी व हत्या की आशंका जताई है ।

### डॉर्मिस की संख्या में गिरावट, वर्तमान आवास सर्वेक्षण वास्तविक कहानी नहीं बताते

**लंदन।** नेशनल डॉर्मिस मॉनिटरिंग प्रोग्राम की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2000 और 2022 के बीच ब्रिटिश डॉर्मिस मे चौकाने वाली 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। लेकिन मेरा शोध बताता है कि यह गिरावट शायद उतनी ज्यादा भी नही है। डॉर्मिस छोटे फरदार स्तनधारी होते है जो वसंत खत्म होने और गर्मियो का समय अधिकतर पेड़ो की छाँव मे बिताते है, फिर मौसम ठंडा होने पर ज़मीनी स्तर पर शीतनिद्रा मे चले जाते है। यह जानने के लिए कि उनकी सर्वोत्तम सुरक्षा कैसे की जाए, हमे उनके ठिकाने, आदतो और जीवित रहने की दर के बारे मे अधिक सटीक आंकड़ो की आवश्यकता है। एक दशक से भी अधिक समय से, मैने इन रूएंदार गिलहरीनुमा छोटे जानवरो की निगरानी की प्रभावशीलता का अध्ययन किया है। मेरा हाल ही मे प्रकाशित शोध मानक सर्वेक्षण तकनीक की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है जो जमीन से 1.4 मीटर की दूरी पर रखे गए कृत्रिम आवास के बक्से या ट्यूबो की जांच करता है यह देखने के लिए कि डॉर्मिस उनका उपयोग कर रहे है या नही।किसी साइट पर डॉर्मिस मौजूद है या नही इसका सटीक निर्धारण पारिस्थितिक, कानूनी और व्यावहारिक महत्व रखता है, इसलिए विश्वसनीय और सटीक सर्वेक्षण विधियां महत्वपूर्ण है।डॉर्मिस न केवल जैव विविधता के दृष्टिकोण से वैज्ञानिको के लिए विशेष रुचि का विषय है, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी रुचि रखते है। उदाहरण के लिए संपत्ति डेवलपर्स के लिए क्योकि वे अत्यधिक संरक्षित है।जब निवास स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली किसी साइट पर किसी भी निर्माण गतिविधि के बारे मे विचार किया जाता है, तो यह जानने के लिए डॉर्मिस सर्वेक्षण की आवश्यकता होती है कि कही वह मौजूद तो नही है ताकि उन्हे मारने, घायल करने या परेशान करने या उनके प्रजनन स्थलो और आराम करने वाले स्थानो को नुकसान पहुंचाने के जोखिम से बचा जा सके। पिछले कुछ वर्षो मे ऐसे कई मामले है जहां मुकदमो के बाद 100,000 पाउंड तक का भारी जुर्माना लगाया गया है।

# ली ने तोड़ दिया लक्ष्य का सपना, इतिहास से चूके

## ● कांस्य के मुकाबले में 21-13, 16-21, 11-21 हारे

**भाषा।** पेरिस



**लक्ष्य सेन** पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा के कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गए। सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य की ली के खिलाफ छह मैचों में यह दूसरी हार है। इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल (लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनने से भी चूक गए। वह मौजूदा खेलों में निशानेबाज मनु भाकर, अर्जुन बबूता, महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका की मिश्रित स्कीट जोड़ी तथा तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत की मिश्रित जोड़ी की सूची में शामिल हो गए जो चौथे स्थान पर रहने के साथ पदक से चूक गए। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रविवार को अंतिम चार के मुकाबले में रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य ने एक्सेलसन के खिलाफ मुकाबले की तरह ली के खिलाफ भी पहले गेम जीतने के बाद दूसरे में 8-3 की बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार नौ अंक गंवाकर मलेशिया के खिलाड़ी को वापसी का मौका दिया जिसने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता 22 साल के लक्ष्य पिछले मुकाबलों की तरह एक बार फिर शुरुआत से ही अच्छी लय में नजर आए। लक्ष्य के स्मैश और ड्रॉप शॉट फिर दमदार दिखे। ली ने लगातार गलतियां की और कई शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे लक्ष्य ने 6-2 की बढ़त बनाई। ली के शॉट लगातार बाहर जा रहे थे और वह भारतीय खिलाड़ी के शॉट की लेंथ को भी परखने में नाकाम रहे जिससे लक्ष्य आसान अंक जुटाते रहे और ब्रेक तक 11-5 की बड़ी बढ़त बनाने में सफल रहे। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने और तेजी दिखाई। ली को लक्ष्य के स्मैश को वापस भेजने में भी परेशानी हो रही थी जिससे भारतीय खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 13-6 किया। ली को उनके दमदार स्मैश के लिए जाना जाता है लेकिन लक्ष्य ने उन्हें हाथ खोलने का अधिक मौका नहीं दिया और बढ़त को 16-10 तक पहुंचाया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के लक्ष्य ने 19-13 के स्कोर पर सीधा शॉट मारकर सात गेम प्वाइंट हासिल किए।

## किरण 400 मीटर हीट में सातवें स्थान पर रही

### सेमीफाइनल मे जगह के लिए रेपेचेज में लेगी हिस्सा

**पेरिस।** भारत की किरण पहल सोमवार को पेरिस ओलंपिक की अपनी हीट रेस में सातवें स्थान पर रहने के बाद महिलाओ की 400 मीटर मे स्वतः सेमीफाइनल मे जगह बनाने मे असफल रही। अब वह रेपेचेज दौर मे दौड़ेंगी।अपना 24वां जन्मदिन मना रही किरण ने 52.51 सेकेंड का समय लिया जो उनके सत्र के 50.92 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से काफी कम था। डोमिनिका की विश्व चैंपियन मारिलिडी पॉलिनो ने 49.42 सेकेंड के समय के साथ हीट जीती, उसके बाद अमेरिका की आलिया बटलर (50.52) और ऑस्ट्रिया की सुजैन गोगल-वाल्ली (50.67) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। छह हीटो मे से प्रत्एक मे शीर्ष तीन ने सेमीफाइनल मे जगह पक्की की जबकि डीएनएस (रेस शुरू नही करने वाले) डीएनएफ (रेस खत्म नही करने वाले) और डीक्यू (अयोग्य) को छोड़कर अन्य सभी मंगलवार को होने वाले रेपेचेज दौर मे भाग लेगे। किरण ने जून मे राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप मे अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था। इस ओलंपिक खेल मे बाधा दौड़ स्पर्धाओ सहित 200 मीटर से 1500 मीटर तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पर्धाओ मे रेपेचेज राउंड शुरू किया जाएगा। अब प्रत्एक हीट मे शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ियों को सेमीफाइनल मे सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि अन्य खिलाड़ियों को रेपेचेज के जरिए यहां पहुंचने का मौका मिलेगा।



एक्सेलसन ने जीता गोल्ड

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 21 | 17 | 14 | 52 |
| अमेरिका | 19 | 29 | 27 | 75 |
| फ्रांस | 12 | 14 | 18 | 44 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 11 | 8 | 31 |
| कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| ब्रिटेन | 10 | 12 | 16 | 38 |
| जापना | 10 | 5 | 11 | 26 |
| इटली | 9 | 10 | 6 | 25 |
| नीदरलैंड | 6 | 5 | 4 | 15 |
| जर्मनी | 6 | 5 | 2 | 13 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

ओलंपिक पदक तालिका



नोह ने 100 मीटर दौड़ में बनाय रिकॉर्ड

# स्वर्ण से दो जीत दूर भारतीय हॉकी टीम के सामने जर्मनी की चुनौती

## ● सेमीफाइनल में होंगे आमने-सामने

**भाषा।** पेरिस



**ओलंपिक में** 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैम्पियन जर्मनी की चुनौती होगी और इस बाधा को पार करके टीम संकटमोचक पी आर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी। ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक खिंचा , वह काबिले तारीफ है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने। उन्होंने शूटआउट में ब्रिटेन के दो शॉट बचाए और इससे पहले निर्धारित समय के भीतर भी ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और दस पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन महज एक सफलता मिली। छत्तीस वर्ष के श्रीजेश का यह आखिरी टूर्नामेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है। भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था। ब्रिटेन के खिलाफ भारत ने करीब 40 मिनट दस खिलाड़ियों के साथ खेला क्योंकि अमित रोहिदास को रेडकार्ड दिखाया गया था। अब सेमीफाइनल में भी भारत को अपने नंबर एक फर्स्ट रशर के बिना ही खेलना होगा जिन पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। हॉकी इंडिया ने हालांकि इसके खिलाफ अपील की है। रोहिदास की गैर मौजूदगी भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी खलेगी क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद वह भारत के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हैं।

## अमित रोहिदास पर एक मैच का प्रतिबंध

### सेमीफाइनल से बाहर, इंडिया की अपील खारिज

**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नही खेल पाएंगे क्योंकि उन पर लगाए गए एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को इस खेल की विश्व संस्था एफआईएच ने खारिज कर दिया।रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान रेड कार्ड मिला था जिसके कारण एफआईएच ने उन्हे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया था। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है।अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आधिकारिक बयान ने कहा, भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच चार अगस्त को खेले गए मैच के दौरान अमित रोहिदास को एफआईएच आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबन का असर मैच नंबर 35 (जर्मनी के खिलाफ भारत का सेमीफाइनल मैच) पर पड़ेगा, जिसमे अमित रोहिदास भाग नही लेंगे और भारत केवल 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ खेलेगा। हॉकी इंडिया ने रोहिदास के निलंबन के खिलाफ अपील दर्ज की थी लेकिन एफआईएच की जूरी बेंच ने उसे नामंजूर कर दिया। तथ्यो की जांच और विचार विमर्श के बाद हॉकी इंडिया की अपील खारिज कर दी गई है और अमित सेमीफाइनल मे नही खेलेगा।

## शर्मा संयुक्त 40वें और भुल्लर संयुक्त 45वें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक पुरुष गोल्फ स्पर्धा के चौथे और अंतिम दौर मे 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 40वें और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 45वे स्थान पर रहे। शुभंकर का कुल स्कोर 283 और भुल्लर का कुल स्कोर 285 रहा। भुल्लर ने अंतिम दौर मे 70 का कार्ड खेला।

## ओलंपिक राजनीति से मुक्त होना चाहिए: सलुकवाद्जे

**पेरिस।** पूर्व सोवियत संघ मे जन्मी जॉर्जिया की महान निशानेबाज नीनो सलुकवाद्जे को यूक्रेन और उसके खिलाड़ियो के कड़े विरोध के बावजूद पेरिस ओलंपिक मे भाग लेने वाले रूस के खिलाड़ियों से कोई आपत्ति नही है। दस ओलंपिक मे भाग लेने वाली पहली महिला निशानेबाज 55 साल की सलुकवाद्जे ने पिछले सप्ताह 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के बाद संन्यास की घोषणा की थी। सलुकवाद्जे ने 1988 ओलंपिक मे सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए 19 साल की उम्र मे अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक जीता था। वह एक चैम्पियनप एथलीट के साथ जॉर्जिया की शांतिदूत भी है।

## वाशिंगटन जुलाई के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

**दुबई।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के गस एटकिंसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कासेल के साथ जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप मे नामित किया गया है।पिछले कुछ समय से चोटो से जूझने के बाद सुंदर ने आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है। सुंदर उस युवा भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पांच मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था। टी20 विश्व कप जीत के बाद नियमित खिलाड़ियो का आराम दिए जाने पर 24 वर्षीय सुंदर को टीम मे जगह मिली और वह टीम के प्रमुख स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप मे उभरे।

## कार्तिक को एसए20 लीग का दूत नियुक्त किया गया

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को एसए20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया।कार्तिक दक्षिण अफ्रीका मे खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होने इस साल की शुरुआत मे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था।एसए20 की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति मे कार्तिक के हवाले से कहा गया, इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे है जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओ ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किए है।

## गर्भवती होने के बावजूद ओलंपिक में दम दिखा रही हैं कुछ खिलाड़ी

**पेरिस।** ओलंपिक मे भाग ले रहे कई खिलाड़ी अपनी जीत और हार की खबरें इंस्टाग्राम पर साझा करते है लेकिन पिछले सप्ताह तलवारबाजी मे भाग लेने वाली मिस्र की नाडा हाफिज ने कुछ और ही साझा किया। उन्होने खुलासा किया कि वह अकेले तलवारबाजी नही कर रही थी, कोई और भी उनके साथ था। हाफिज सात महीने की गर्भवती है।हाफिज ने मैच के दौरान की अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, मंच पर आपको दो खिलाड़ी दिखाई दे रहे है लेकिन वह असल मे तीन है। मै, मेरी प्रतिद्वंदी और मेरा होने वाला बच्चा। वह इस प्रतियोगिता मे 16वे स्थान पर रही जो तीन ओलंपिक खेलो में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## महेश्वरी-नरूका स्कीट मिश्रित टीम में एक अंक से कांस्य पदक से चूके



**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गई जबकि नरूका दो निशाने चूक गए। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गई लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी और पांचवीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।

## निशा चोटिल होने के बाद महिला 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हारी



**पेरिस।** भारतीय पहलवान निशा दहिया दाएं हाथ में चोट के कारण शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और महिला 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हार गई।सोल गम ने निशा को 10-8 से शिकस्त दी। एशियाई चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान निशा ने उत्तर कोरिया की पहलवान के खिलाफ शुरुआती कुछ सेकेंड में ही 4-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसके बाद तीन मिनट के शुरुआती पीरियड में रक्षात्मक रवैया अपनाकर उत्तर कोरिया की पहलवान को कोई मौका नहीं दिया। सोल गम ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत कर एक अंक हासिल किया लेकिन निशा ने उन्हें रिंग से बाहर निकल कर अपनी बढ़त 6-। कर ली। उन्होंने दो और अंक के साथ अपनी बढ़त मजबूत की लेकिन इस दौरान उनका दाहिना हाथ गंभीर रूप से चोटिल हो गया। अभी मुकाबले में एक मिनट बचा था और निशा दर्द से कराहने लगी थी। उन्होंने इलाज के बाद खेल शुरू किया लेकिन उत्तर कोरिया की पहलवान को रोकने में सफल नहीं रही।

# मनिका ने जगाई उम्मीद

## ● रोमानिया को 3-2 से हराकर भारत महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में अपने से उंची रैंकिंग वाले रोमानिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।भारत 2-0 से आगे चल रहा था लेकिन रोमानिया ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली लेकिन निर्णायक मैच में मनिका ने जीत दर्ज करने टीम को जीत दिला दी। श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा पर 11-9, 12-10, 11-7 से जीत दर्ज करके मुकाबले की शुरुआत की।मनिका ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बर्नाडेट जोक्स को 11-5, 11-7, 11-7 से हराया जिससे भारत ने अपने चौथे वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की। प्रतियोगिता में भारत को 11वीं वरीयता दी गई है। दूसरे एकल में पहला गेम जीतने के बाद श्रीजा यूरोपीय चैंपियन समारा से 2-3 (11-8 4-11 11-7 6-11 8-11) से हार गईं। श्रीजा की हार के बाद अर्चना और बर्नाडेट के बीच मुकाबला हुआ। बर्नाडेट ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 11-8 से जीतकर बराबरी हासिल कर ली। बर्नाडेट ने अगले दो गेम 11-7, 11-9 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनिका ने एडिना को 3-0 (11-5, 11-9, 11-9) से हराकर भारत को अंतिम आठ में जगह दिलाई।



## मनु होंगी समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक खेलो मे दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर रविवार को यहां होने वाले समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक मे भारत का खाता खोला था। इस तरह से वह ओलंपिक मे पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी थी।इसके बाद उन्होने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मे मिश्रित टीम का कांस्य पदक भी जीता।भारतीय ओलंपिक संघ के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, मनु को ध्वजवाहक के रूप मे चुना गया है। उन्होने बेजोड़ प्रदर्शन किया और वह इसकी हकदार है। हरियाणा की इस 22 वर्षीय निशानेबाज ने इससे पहले कहा था कि भारत का ध्वजवाहक बनना सम्मान की बात होगी।

## भारत को गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा के पेरिस में चमकने का इंतजार



**पेरिस।** भारतीय एथलेटिक्स के लिए कई कीर्तिमान रच चुके नीरज चोपड़ा अपने दूसरे ओलंपिक मे एक बार फिर अपने भाले से इतिहास रचना चाहेगे चूंकि 140 करोड़ भारतीयो को उनसे एक बार फिर पीले तमगे की उम्मीद है। उनकी अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी क्योंकि पूरे सत्र मे वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी मे (एडक्टर) परेशानी से जूझते आए है। वह मंगलवार को क्वालीफिकेशन दौर मे उतरेंगे और फाइनल आठ अगस्त को खेला जाएगा। चोपड़ा अगर स्वर्ण जीतते है तो ओलंपिक के इतिहास मे खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें खिलाड़ी हो जाएंगे। इसके साथ ही ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग मे दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भालाफेंक स्पर्धा मे अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेजी (चेक गणराज्य 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे 2004 और 2008) की ओलंपिक मे भालाफेंक स्पर्धा मे खिताब बरकरार रख सके है। इस साल चोपड़ा ने सिर्फ तीन स्पर्धाओ मे भाग लिया लेकिन उनके बाकी प्रतिस्पर्धी भी अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए है। दोहा डायमंड लीग में मई मे चोपड़ा ने 88 . 36 मीटर का थ्रो फेंका।

## पांचवी बार चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूका भारत

**पेरिस।** पांच अगस्त (भाषा) पेरिस ओलंपिक मे भारतीय खिलाड़ियो के चौथे स्थान पर रहने का सिलसिला खत्म ही नही हो रहा और सोमवार को बैडमिंटन मे लक्ष्य सेन तथा निशानेबाजी मे मिश्रित स्कीट टीम कांस्य पदक से चूक गई। भारत की झोली मे अभी तक तीन कांस्य पदक ही आए है। मनु भाकर ने महिलाओ की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर मिश्रित टीम पिस्टल मे कांस्य जीता। इसके अलावा स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस मे कांसा हासिल किया था। इनके अलावा मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल मे चौथे स्थान पर रही। वही तीरंदाजी मे धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भक्त की जोड़ी मिश्रित टीम स्पर्धा मे कांस्य पदक के मुकाबले मे अमेरिकी जोड़ी से हार गई। पुरुषो की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे अर्जुन बबूता चौथे स्थान पर रहे थे। वही पदक के प्रबल दावेदार लक्ष्य बैडमिंटन पुरुष एकल मुकाबले मे ली जी जिया से तीन गेम मे 21-13, 16-21, 11-21 से हारकर कांस्य से चूक गए। वही निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका को स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले मे चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से 44-43 से हार का सामना करना पड़ा।

## क्विक न्यूज

### ग्राहम थोर्प का 55 वर्ष की उम्र में निधन

**लंदन।** इंग्लैंड और सरे के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 2022 से गंभीर बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह जानकारी दी।इंग्लैंड की तरफ से 1993 से 2005 तक 100 टेस्ट मैच खेलने वाले थोर्प 2022 मे अफगानिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने के कुछ दिन बाद गंभीर रूप से बीमार हो गए थे लेकिन उनकी चिकित्सा स्थिति का विवरण ज्ञात नही है।उनके परिवार मे पत्नी अमांडा और चार बच्चे हेनरी, अमेलिया, किट्टी और एम्मा है।

### पिच बहुत स्पिन ले रही थी, मैच का पासा किसी भी तरफ पलट सकता था: नायर

**कोलंबो।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका से मिली अप्रत्याशित हार का ठीकरा पिच पर फोड़ते हुए कहा कि विकेट काफी स्पिन ले रहा था और ऐसे मे मैच किसी भी तरफ पासा पलट सकता था।भारतीय बल्लेबाजों की स्पिन के खिलाफ कमजोरी खुलकर सामने आई जब उसे दूसरे वनडे मे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की तरफ से लेग स्पिनर जेफरी वांडरसे ने छह विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजो को टिकने नही दिया।नायर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा,, यह आश्चर्य जनक था लेकिन आप जानते है कि इस तरह की परिस्थितियो मे मैच का पासा किसी भी तरह पलट सकता था क्योंकि पिच से बहुत अधिक स्पिन मिल रही थी। भारत के सामने 241 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 42.2 ओवर मे 208 रन पर आउट हो गई। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर बाकी अन्य बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

### एस्सिलोर ने कोहली को बनाया ब्रांड कैंपेनर

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में प्रिस्क्रिप्शन लेंस के अग्रणी ब्रांड एस्सिलोर ने अपने नए अभियान की शुरुआत की, जिसमें भारत के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना और दर्शकों को एस्सिलोर के बेहतर उत्पाद पेशकशों से जोड़ना है जो दृष्टि सुधार आवश्यकताओं के लिए समाधान प्रदान करते हैं। कैंपेन का पहला चरण आईजेन0 पर केंद्रित है, जो एस्सिलोर के सिंगल विजन लेंस हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। कैंपेन का दूसरा चरण वैरिलक्स के इर्द-गिर्द बनाया गया है, जो एस्सिलोर के प्रोग्रेसिव लेंस हैं, जो प्रिस्बायोपिया से संबंधित दृष्टि समस्याओं को ठीक करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। एस्सिलोरलक्सोटिका साउथ एशिया के अध्यक्ष नरसिम्हन नारायणन ने टिप्पणी की, एस्सिलोर में, हम वैश्विक खेल आइकन - विराट कोहली के साथ अपनी साझेदारी को जारी रखते हुए अपने उपभोक्ताओं के लिए एक नया और रोमांचक अध्याय पेश करने के लिए उत्साहित हैं। कोहली की असाधारण अपील और उत्कृष्टता की खोज हमारे मिशन के साथ मेल खाती है, जो हर उम्र में स्पष्ट और स्वस्थ दृष्टि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ हमारी उन्नत तकनीकों और आईजेन और वैरिलक्स जैसे बेहतरीन उत्पादों की खोज करती है।

### जॉन अब्राहम इंडियन रेसिंग में गोवा एसेस के मालिक

**मुंबई।** फिल्म आइकन जॉन अब्राहम का मोटरस्पोर्ट्स के प्रति जुनून तब सामने आया जब उन्होंने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 के लिए जरिये रेसिंग द्वारा गोवा एसेस के मालिक के रूप में कदम रखा। अपने ऑनस्क्रीन करिश्मे और ऑफस्क्रीन रेसिंग के लिए उत्साह के लिए प्रसिद्धए अब्राहम की नई भूमिका भारत में मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए एक उत्कट प्रतिबद्धता के साथ गोवा फ्रैंचाइज़ी को आगे बढ़ाने का वादा करती हैए और साथ ही में उत्साह के साथ.साथ उतना ही ग्लैमर का तड़का भी लगाने वाली है। जैसे ही इस रोमांचकारी सीज़न की उल्टी गिनती शुरू होती हैए खेल और स्पॉटलाइट के लिए स्टार का दोहरा जुनून सुनिश्चित करता है कि यहसीझन बेहद शानदार होगा।रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परिकल्पित इंडियन रेसिंग फेस्टिवल इंडियन रेसिंग लीग -आईआरएल और एफआईए फॉर्मूला 4 इंडियन चैम्पियनशिप एफआईसी की विशेषता वाला यह रोमांचक उत्सव 24 अगस्त से 17 नवंबर तकए एक असाधारण रेसिंग रोमांच का एक नया सीजन पेश करने के लिए तैयार है। जॉन अब्राहम जेए रेसिंग के गोवा एसेस के साथ अपने नए अवतार में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### बोल्ट गेमर्स व नवचार पर जोर देगा

**ट्रांबे।** बोल्ट ने डिज़ाइन और ऑडियो तकनीक में नए मानक स्थापित करते हुए अपने खास टीडब्लूएस क्लैरिटी 1 और 3 की घोषणा की है। क्लैरिटी सीरीज़ विलासिता, कार्यक्षमता और प्रतिष्ठित डिज़ाइन का एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत करती है, जो ऑडियो उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रही है। क्लैरिटी सीरीज की शुरुआत के साथ, हम पारिस्थितिकी तंत्र में विघटनकारी ऑडियो तकनीक लाने का इरादा रखते हैं। हम ऑडियो सेगमेंट के भीतर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं, संगीत प्रेमियों और गेमर्स को डिज़ाइन और प्रीमियम ऑडियो समाधान प्रदान कर रहे हैं जो उनके अनुभव को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। नवीनतम क्लैरिटी 3 ट्रू वायरलेस ईयरबड्स अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आपके ऑडियो अनुभव में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। 50 डीबी तक के हाइब्रिड एक्टिव नॉइज़ कैंसलेशन, क्रिस्टल-क्लियर कॉल के लिए 6 एडवांस्ड माइक्रोफोन और बोल्ट एएमपी के ज़रिए सहज ऐप कनेक्टिविटी के साथ, ये ईयरबड्स सुविधा और कस्टमाइज़ेशन को फिर से परिभाषित करते हैं। डुअल डिवाइस पेयरिंग और ब्लूटूथ 5.4 लाइटनिंग-फ़ास्ट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हैं, जबकि स्पैटियल ऑडियो एक आकर्षक साउंडस्टेज प्रदान करता है। यह डिवाइस गेमर्स के लिए भी एक ट्रीट है प्रोडक्ट्स के लॉन्च पर बोलते हुए, बोल्ट के को-फॉउंडर, वरुण गुप्ता ने कहा, बोल्ट में, नवाचार के लिए हमारी अथक खोज और उत्कृष्टता के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता हमें ऑडियो तकनीक के परिदृश्य को लगातार फिर से परिभाषित करने के लिए प्रेरित करती है।

### राजनीतिक अस्थिरता के कारण बांग्लादेश में होने वाले टी20 महिला विश्व कप पर संशय

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आंतरिक सुरक्षा टीम बांग्लादेश मे फैली अराजकता पर नजर बनाए हुए है क्योंकि इस देश मे अक्टूबर मे महिला टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक बांग्लादेश को तीन से 20 अक्टूबर तक महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करनी है। बांग्लादेश मे फैली हिसा के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश से भागना पड़ा। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमा ने सोमवार को ढाका मे हसीना सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच कहा कि बांग्लादेश मे एक अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी। देश मे फैली हिसा मे पिछले दो दिनो मे 100 से अधिक लोगो की जान चली गई। आईसीसी इस मुद्दे पर अभी इंतजार करने की नीति अपना रहा है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, आईसीसी के पास अपने सभी सदस्य देशो मे एक स्वतंत्र सुरक्षा निगरानी प्रणाली है। स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने मे सात सप्ताह बाकी है। ऐसे मे इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी कि टूर्नामेंट को बांग्लादेश से स्थानांतरित किया जाएगा या नही।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।